श्रीमदीश्वरकृष्णरचिता

साङ्ख्यकारिका

(अन्वय-अनुवाद-नरहरिसंस्कृतव्याख्य-सानुवादगौड़पादभाष्य-टिप्पणी-सहिता)

व्याख्याकार:

डॉ० सुधांशु कुमार षड़ङ्गी
सहाचार्य
विश्वेश्वरानन्द विश्वबन्धु संस्कृत एवं
भारत-भारती अनुशीलन संस्थान
पञ्जाब विश्वविद्यालय
साधु आश्रम, होशियारपुर
पञ्जाब

भारतीय विद्या प्रकाशन
वाराणसी दिल्ली

प्रथम संस्करण : 2010

ISBN No. 978-81-217-0247-8

मूल्य : ८०/- रू.

प्रकाशक :
भारतीय विद्या प्रकाशन
5824, न्यू चन्द्रवल, (नजदीक शिव मन्दिर)
दिल्ली - 110007
दूरभाष : (011) – 23851570, 23850944
मोब. 09810910450

ब्रांच ऑफिस :
पोस्ट बॉक्स 1108, नेपाली खपड़ा
वाराणसी - 221001
दूरभाष : (0542) 2392376
Email : bvpbooks@gmail.com

ISBN No. : 978-81-217-0247-8

Dr. Swami Arupananda
Ph.D.,
D.Sc.
N-6/23, IRC Village, Nayapalli
Bhubaneswar - 751015

Ref No. KKNSS/App,/13/09 Dt. 15-12-2009

Blessings

सश्रद्ध सुधांशु संस्कृति एवं संस्कृत की परिवर्त्तनशील युवा पीढ़ी के सारस्वत साधक है। संस्कृत साहित्य सम्पर्कित नई-नई तर्जमा और तमन्नाएँ उन्हें बारम्बार आगे बढ़ा रही है।

वर्त्तमान उनका सारस्वत सन्दर्भ 'साङ्ख्यकारिका' प्रकाशित होने जा रहा है, जिसका मूल संस्कृत भाषा में है। श्रीमद् गौडपाद ने साङ्ख्यकारिका के ७२ श्लोकों में से ६९ श्लोकों की ही व्याख्या की थी। सश्रद्ध सुधांशु ने इसी संस्कृत व्याख्या की हिन्दी रूपान्तरण करते हुए कारिकाओं की संस्कृत में व्याख्या की है। प्रस्तुत पुस्तक को सुधांशु ने अन्वय, अनुवाद, संस्कृत व्याख्या, गौडपाद भाष्य, भाष्यानुवाद तथा आवश्यकता के अनुसार टिप्पणी के साथ अति सरल एवं साबलील ढ़ंग से किया है।

मैं पुस्तक के बहुल भाव से प्रसारण का आशीर्वाद देता हूँ और आशा करता हूँ कि वे और भी कृतियाँ उपस्थित करें।

हरि: ॐ

डॉ० वीरेन्द्र कुमार मिश्र
एम०ए०, साहित्याचार्य, पीएच्०डी०
प्रोफेसर एवं पूर्व अध्यक्ष
संस्कृत विभाग
पूर्व अधिष्ठाता, भाषासङ्काय
हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय
समरहिल, शिमला - 171005

आवास : बी – ४८, टीचर्स कॉलोनी
हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय
समरहिल, शिमाल – 171005
दूरभाष : 0177+2831435 (आवास)
विभाग : दूरभाष एक्सचेंज नं०
280445 & 2830435
एक्सटेंशन : 5825, 5820

शुभाशंसा

मानव जीवन का अन्तिम पुरुषार्थ मोक्ष हैं। सभी दर्शनों का उद्देश्य भी इसी की प्रप्ति है। डॉ० सुधांशु कुमार षड़ङ्गी की कृति 'साङ्ख्यकारिका' इसी श्रृङ्खला में एक अत्यन्त महत्त्वपूर्ण कड़ी है। मैंने उक्त कृति को आद्योपान्त पढ़ा। इसके पढ़ने से मुझे सन्तोष एवं आनन्दानुभूति हुई। डॉ० षड़ङ्गी ने प्रस्तावना के अन्तर्गत कपिल मुनि के साङ्ख्यसूत्रों पर उपलब्ध तीन टीकाओं (अनिरुद्धवृत्ति, प्रवचनभाष्य, वृत्तिसार) के उल्लेख के साथ-साथ ईश्वरकृष्ण कृत 'साङ्ख्यकारिका' पर की गई टीकाओं (माठरवृत्ति, युक्तिदीपिका, गौडपादभाष्य, जयमङ्गला, साङ्ख्यतत्त्वकौमुदी एवं चन्द्रिका) का उल्लेख किया है। इसके साथ ही व्यक्त, अव्यक्त और ज्ञ, कार्यकारणवाद, प्रमाण (प्रत्यक्ष, अनुमान और शब्द), प्रकृति, पुरुष, सृष्टिप्रक्रिया, कैवल्य आदि सभी को प्रस्तावना का विषय बनाया है।

प्रस्तुत कृति में डॉ० षड़ङ्गी ने कारिकाओं का हिन्दी अनुवाद, नरहरि संस्कृतव्याख्या, गौडपादभाष्य तथा टिप्पणी सहित भाष्य का हिन्दी अनुवाद भी किया है। साङ्ख्यदर्शन के जिज्ञासु छात्रों, शोधार्थियों, पाठकों एवं साधनासोपान पर आगे बढ़ने वाले कैवल्यार्थियों के लिए लेखक का सार्थक परिश्रम एवं उच्चकोटि की सामग्री सुलभ कराने में परम उपादेय सिद्ध होगा, ऐसा मेरा विश्वास है।

डॉ० षड़ङ्गी को इस सत्प्रयास के लिए हार्दिक मङ्गल कामनाएँ एवं साधुवाद देता हूँ, साथ ही देवाधिदेव भगवान् भोलेनाथ से इनके अभ्युदय तथा नि:श्रेयस् की कामना करता हूँ।

डॉ० वीरेन्द्र कुमार मिश्र

प्रस्तावना

योऽन्तःप्रविश्य मम वाचमिमां प्रसुप्तां
सञ्जीवयत्यखिलशक्तिधरः स्वधाम्ना।
अन्यांश्च हस्तचरणश्रवणत्वगादीन्
प्राणान्नमो भगवते पुरुषाय तुभ्यम्।।

दर्शन वस्तुतः मनुष्य की अन्तःदृष्टि का परिणाम ही है। यह केवल आध्यात्मिक चेतना के औत्कर्ष्य स्थितिलभ्य है। 'दृशिर्' ज्ञाने धातु से करण अर्थ में 'ल्युट्' प्रत्यय करने पर दर्शन शब्द निष्पन्न होता है। अर्थात् जिससे ज्ञान प्राप्त होता है और यह जिस शास्त्र में वर्णित है, उसे दर्शनशास्त्र कहते हैं। यहाँ पर दर्शन शब्द का तात्पर्य सम्यग्दर्शन से है। जीव की जीवता का ज्ञान का निर्वचन करना इस शास्त्र का प्रमुख प्रयोजन है, जो कि अपवर्ग, मोक्ष, निर्वाण, मुक्ति आदि नाम से भिन्न-भिन्न दर्शनों में वर्णित है। इसलिए वैदिक ऋषि ने भी आत्मोपलब्धि की उत्कर्षता की भूयः भूयः प्रशंसा की है। अतः जिस शास्त्र में आत्मा, परमात्मा, अपवर्ग तथा संसार आदि के विषय में चिन्तन चिन्तित है, उसे दर्शन शास्त्र कहते हैं।

दर्शन शब्द की भाव व्युत्पत्ति में अपरोक्षानुभूति ही अर्थबोध है। इस दर्शन का मूल आधार मनुष्य की विचार शक्ति है। जब दार्शनिक किसी भी विषय का विवेचन आरम्भ करता है तो वह भावनाओं से मुक्त होकर बौद्धिकता के धरातल पर पहुँच जाता है तथा वह बौद्धिकता सदैव उसे अनेक प्रकार के प्रश्नों का युक्तिपूर्वक उत्तर देने का प्रयास किया जाता है। इसके लिए दार्शनिक सदैव बौद्धिक धरातल पहुँच कर उत्तर प्राप्त करता है।

यह दर्शन शास्त्र दो भागों से विभक्त है। जैसे – प्राच्य दर्शन और पाश्चात्य दर्शन। इन दोनों में पाश्चात्य दर्शन हेगले, एरिस्टोटल आदि से प्रचारित है। प्राच्य दर्शन तो भारतीय दर्शन कहा जाता है। सर्वदर्शनसंग्रह के अनुसार सम्पूर्ण भारतीय दर्शन सम्प्रदाय में सोलह दर्शन सम्प्रदाय है। इनमें से केवल नौ दर्शन सम्प्रदायों का प्रमुखत्व स्वीकृत है। इनको हम दो भाग से विभक्त कर सकते हैं। जैसे वैदिक दर्शन और अवैदिक दर्शन। वेद के प्रामाण्य को मानने वाला दर्शन सम्प्रदाय वैदिक तथा इनसे विपरीत दर्शन सम्प्रदायों को अवैदिक कहा जा सकता है। वैदिक दर्शन सम्प्रदाय में प्रमुख रूप से ६ दर्शन सम्प्रदायों का महत्ता है। जैसे – न्याय, वैशेषिक, साङ्ख्य, योग, मीमांसा और वेदान्त। अवैदिक दर्शन सम्प्रदाय में तीन दर्शन सम्प्रदाय प्रमुख हैं। जैसे – चार्वाक, बौद्ध और जैन। यहाँ पर साङ्ख्य दर्शन सम्प्रदाय का प्रकरण होने से इस प्रसङ्ग पर ही विचार किया जा रहा है।

यह साङ्ख्य शब्द यौगिक है। कदाचित् इसका प्रयोग नियम के रूप से तथा कदाचित् सङ्ख्या के विषय के रूप से वर्णित है। वस्तुतः इसकी तीन प्रकार की व्याख्या उपलब्ध होती है। जैसे - ज्ञान के अर्थ में, गणना के अर्थ में तथा दोनों के अर्थ में। इनमें से ज्ञानार्थक साङ्ख्य शब्द सम् उपसर्ग पूर्वक चक्षिङ् व्यक्तायां वाचि धातु से अङ् प्रत्यय करने पर निष्पन्न होता है। अतः सम्यक् ख्यानं ज्ञानं सङ्ख्या है। सङ्ख्या ही साङ्ख्य, जो प्रकृति और पुरुष का विवेक ज्ञान है। अमरकोष में कहा गया है कि :-

क० सङ्ख्यावान् पण्डितः कविः। (अमर० २/७/५)

ख० चर्चा सङ्ख्या विचारणे। (अमर० १/५/२)

श्रीमद्भगवद्गीता में भी कहा गया है कि :-

'ज्ञानयोगेन साङ्ख्यानां कर्मयोगेन योगिनाम्।' (श्रीगीता०)

प्रमाण पूर्वक किसी भी विषय का गुण तथा दोष का विचार करना साङ्ख्य है, ऐसा महाभारत में कहा गया है। जैसे –

'दोषाणां च गुणानां च प्रमाणं प्रविभागतः।
किञ्चिदर्थाभिप्रायेण तत्साङ्ख्यमित्यभिधीयते।।'

आचार्य शङ्कर ने भी शुद्धात्मतत्त्वविज्ञान को साङ्ख्य कहा है। इस प्रकार ज्ञानार्थक सङ्ख्या शब्द से साङ्ख्यशब्द की उत्पत्ति बतायी जाती है।

इसी प्रकार गणनार्थक सङ्ख्या शब्द से भी साङ्ख्यशब्द प्रस्तुत किया जाता है। जैसे – पच्चीस तत्त्वों के इस दर्शन में गणना होने से यह दर्शन साङ्ख्य कहा जाता है। मत्स्यपुराण में भी कहा गया है कि :-

'साङ्ख्यं सङ्ख्यात्मकत्वाच्च कपिलादिभिरुच्यते।'

परन्तु आचार्य विज्ञानभिक्षु आदि दार्शनिकों ने उभयार्थक स्वरूप वाले साङ्ख्य शब्द को ग्रहण किया है। बालगङ्गाधर तिलक ने भी इसी तत्त्व के समर्थन में कहा है कि –

'शब्दशास्त्रज्ञों का कथन है कि 'साङ्ख्य'शब्द सङ्ख्या धातु से बना है, इसलिए इसका पहला अर्थ 'गिनने वाला' है, और कपिल शास्त्र के मूलतत्त्व सिर्फ पच्चीस ही है। इसलिए उसे गिनने वाले के अर्थ में यह विशिष्ट नाम दिया गया। अनन्तर फिर साङ्ख्य शब्द का अर्थ बहुत व्यापक हो गया और उसमें सब प्रकार के तत्त्वज्ञान का समावेश होने लगा।'

इस प्रकार विवेक ज्ञान के निमित्त पच्चीस तत्त्वों का निर्देश होने से तत्त्वज्ञानार्थक हो अथवा गणनार्थक हो – उस सङ्ख्याशब्द से निष्पन्न साङ्ख्यशब्द है। उसको अधिकृत करके प्रवृत्त हुआ यह शास्त्र साङ्ख्यशास्त्र है।

आचार्य

साङ्ख्यदर्शन द्वैतवादी दर्शन के रूप में स्वीकृत है। परम्परा महर्षि कपिल को ही इस दर्शन के आदि प्रणेता के रूप से माना है। श्वेताश्वेतर उपनिषद् में इनको आर्ष द्रष्टा ऋषि कहा गया है। जैसे –

'ऋषिं प्रसूतं कपिलं यस्तमग्रे ज्ञानैर्बिभर्त्ति जायमानं च पश्येत्।' (श्वेत०उप० ५/२)

श्रीमद्भागवत में भी कहा गया है कि –

'साङ्ख्यस्य वक्ता कपिलः परमर्षि स उच्यते।' (श्रीमद्भा० ३३९/६/९)

यह कपिल वस्तुतः कौन है? इस विषय पर विद्वानों में मतभेद है। इनको भगवान् विष्णु के अवतार के रूप से स्वीकार किया जाता है। श्रीद्भागवत में कहा गया है कि –

'कपिलस्तत्त्वसङ्ख्याता भगवानात्ममायया।।' (श्रीमद्भा० ३/२५/१)

'पञ्चमः कपिलो नाम सिद्धेशः कालविप्लुतम्।
प्रोवाचाऽसुरये साङ्ख्यं तत्त्वग्रामविनिर्णयम्।।'

रामायण में भी साङ्ख्यशास्त्र के प्रणेता कपिल को माना गया है और वह भगवान् विष्णु का अवतार विष्णु का अवतार माना गया है। कर्दम ऋषि के पुत्र कपिल को साङ्ख्य शास्त्र के प्रवर्त्तक तथा विष्णु का अवतार माना गया है। पुराण पुरुष होने से इनका समय निश्चित नहीं है।

महर्षि कपिल के अनन्तर आसुरी इस दर्शन का प्रमुख आचार्य है। यह कपिल का शिष्य तथा पञ्चशिख का गुरु था। कपिल ने ही आसुरी को साङ्ख्यतत्त्व का उपदेश दिया था। बृहदारण्यक उपनिषद् के अनुसार प्राश्नी के पुत्र आसुरी थे। जैसे –

'प्राश्नीपुत्रादासुरीनिवासिनः।'

साङ्ख्यदर्शन में इनकी कोई रचना उपलब्ध नहीं होती है। परन्तु इनका नामोल्लेख साङ्ख्यकारिका में तथा अन्य व्याख्याग्रन्थों में उपलब्ध होता है।

आसुरी ने पञ्चशिख को साङ्ख्य का उपदेश दिया था। और इन्होंने ही इस दर्शन को सुसङ्गत, सुसम्बद्ध एवं सुव्यवस्थित किया था। साङ्ख्यकारिका में आसुरी इनके गुरु के रूप से वर्णित है। इन्होंने षष्ठीतन्त्र पर एक व्याख्या लिखी थी, जो आज अनुपलब्ध है। इनका समय प्रायशः ई० पञ्चम शताब्दी मानी जाती है।

वस्तुतः अधुना उपलब्ध साङ्ख्य दर्शन ईश्वरकृष्ण की ही देन है। ईश्वरकृष्ण ने परम्परा से अपने गुरु से इस शास्त्र का अध्ययन किया था। इनका समय प्रायशः ईशा से द्वितीय शताब्दी मानी जाती है। इन्होंने ही साङ्ख्य दर्शन को सुव्यवस्थित तथा तत्त्वप्रधान रूप से बनाया था।

इस दर्शन सम्प्रदाय में जैगीषव्य, आवाट्य, देवल, वार्षगण्य आदि आचार्यों पर प्रकाश मिलता है। यह केवल कहीं कहीं नाम्ना ही उपलब्ध होता है।

कृतियाँ

साङ्ख्यदर्शन सम्प्रदाय में चार प्रमुख मौलिक ग्रन्थों का विवरण मिलता है। जैसे –

१. षष्ठितन्त्रम्, २. साङ्ख्यसूत्रम्, ३. साङ्ख्यकारिका, ४. तत्त्वसमाससूत्रम्।

१. षष्ठितन्त्रम् –

समग्र साङ्ख्य दर्शन में षष्ठितन्त्र एक महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ है। यह कपिल के द्वारा रचित है। इसी को आचार्य आदि शङ्कर ने भी कहा है कि –

'यदि ब्रह्मैवोपादानकारणं च ततः कपिलमहर्षिप्रणीतषष्ठितन्त्रस्य ... ।' (शा०भा० २/१/१)

चीनी परम्परा भी कपिल को षष्ठितन्त्र की रचयिता मानती है। परन्तु A.B. Keith ने इसका खण्डन किया है। जैसे –

Indeed, the Chinese tradition attributes to him the work known as shastitantra, though doubtless by an error.' Sankhya System, P. 50.

कुछ लोगों ने इसको पञ्चशिख की रचना माना है। परन्तु कपिल ही इसके रचयिता है, यह सर्वमान्य स्वीकृत है। आजकल यह प्रायशः अनुपलब्ध ही है। परन्तु इसका उल्लेख साङ्ख्यकारिका (का० ६९) में स्पष्टरूप से प्राप्त होता है। महर्षि कपिल ने इसका उपदेश आसुरि को दिया था, जो कि परम्परा से ईश्वरकृष्ण को प्राप्त हुआ और उसने ७० कारिकाओं से साङ्ख्यकारिका की रचना की।

२. साङ्ख्यसूत्रम् –

यह साङ्ख्यसूत्र महर्षि कपिल की रचना कही जाती है। इसमें ६ अध्याय हैं, इसलिए इसको षड्ध्यायी भी कहते हैं। कुछ दार्शनिक इसी को ही साङ्ख्यदर्शन के आदि ग्रन्थ के रूप में स्वीकार करते हैं। परन्तु कुछ दार्शनिक इसे अर्वाचीन मानते हैं। इसलिए यह १४ वीं शताब्दी के आस-पास की रचना मानी जाती है। कहा जाता है कि किसी दूसरे विद्वान् ने इसकी रचना करके कपिल के नाम से अभिहित कर दिया है।

इस साङ्ख्यसूत्र पर तीन टीका उपलब्ध होती है। जैसे –

ISBN No. : 978-81-217-0247-8

क० अनिरुद्धवृत्ति :- अनिरुद्ध के द्वारा रचित यह व्याख्या ग्रन्थ उपलब्ध टीकाओं में सबसे प्राचीन है। यह विज्ञानभिक्षु से भी प्राचीन है। कुछ लोग इनका समय ११ वीं शताब्दी मानी है तथा साङ्ख्यसूत्र को विज्ञानभिज्ञु के द्वारा रचित मान कर इनका समय १७ वीं शताब्दी माना है।

ख० प्रवचनभाष्यम् :- यह आचार्य श्रीविज्ञानभिक्षु के द्वारा रचित है। इनका समय १७ वीं शताब्दी है। प्रचलित साङ्ख्यसूत्र की टीकाओं में यह सबसे प्रमुख और महत्त्वपूर्ण है।

ग० वृत्तिसार :- महादेव वेदान्ती के द्वारा रचित यह टीका अनिरुद्ध की वृत्ति पर लिखी हुई एक उपटीका है। इनका समय १७ वीं शताब्दी है। ये विज्ञानभिक्षु से परवर्त्ती है।

३. साङ्ख्यकारिका :-

ईश्वरकृष्ण से रचित यह कारिकामय ग्रन्थ उपलब्ध साङ्ख्यसाहित्य में सबसे प्राचीन तथा महत्त्वपूर्ण माना जाता है। यह साङ्ख्यकारिका साङ्ख्यसप्तति, सुवर्णसप्तति, कणगसत्तरि आदि नामों से भी जानी जाती है। आजकल जो भी साङ्ख्यदर्शन के ग्रन्थ प्राप्त होते हैं, वै सब साङ्ख्यकारिका पर आश्रित हैं। केवल श्रीविज्ञानभिक्षु का साङ्ख्यसार ही मौलिक है। अन्य सभी साङ्ख्यकारिका की टीका है। अत: निर्विवाद ही यह साङ्ख्यकारिका को इस दर्शन का उपजीव्य ग्रन्थ के रूप से माना जा सकता है। इसमें कुल ७२ कारिका हैं। परन्तु कुछ दार्शनिक इसकी ७२ कारिकाओं पर प्रश्न उठाते हैं कि अन्तिम दो कारिका प्रक्षिप्त हैं। परन्तु यह समीचीन प्रतीत नहीं होता है, क्योंकि इसकी ६८ कारिकाओं में साङ्ख्य के तत्त्वविवेचन हुआ है, तथा ६९ वीं कारिका प्रस्तुत ग्रन्थ की प्रामाणिकता दिखाती है, ७० वीं कारिका इसके आचार्यों को निर्दिष्ट करती है, ७१ वीं कारिका शिष्य परम्परा के द्वारा इस मूल शास्त्र को ईश्वरकृष्ण तक पहुँचाने का सङ्केत करती है, ७२ वीं कारिका कपिल उपदिष्ट मूल ग्रन्थ के आधार पर इस ग्रन्थ की रचना को द्योतित करके इसकी प्रामाणिकता पुष्ट करती है। अत: ७२ कारिका ही युक्तियुक्त है। गौडपाद ने जो ६९ कारिकाओं पर भाष्य लिखा वह निश्चित ही साङ्ख्य के तत्त्वों के विवेचन में ही प्रवृत्त हुआ जान पडता है।

इस साङ्ख्यकारिका पर अनेक टीकाओं की रचना की गयी है। उनमें से कुछ प्रमुख दी जा रही है।

क० माठरवृत्ति :-

माठर के द्वारा की गयी यह टीका सबसे महत्त्वपूर्ण टीका है। यह साङ्ख्यकारिका की सबसे प्राचीन टीका है। परवर्त्ती टीकाकार इस टीका को अपना आधार माना है। इसका रचना काल छठी शताब्दी मानी जाती है। इसकी भाषा अत्यन्त सरल एवं सुबोध है। इसमें साङ्ख्यकारिका को साङ्ख्यसप्तति के नाम से सम्बोधित किया गया है तथा ७३ कारिकाओं की व्याख्या की गई है। इसमें जो ७३ वीं कारिका है सम्भवत: वह माठर की अपनी हो क्योंकि किसी अन्य टीकाकार इस कारिका का उल्लेख नहीं किया है।

ख० युक्तिदीपिका :-

साङ्ख्यकारिका की यह सबसे महत्त्वपूर्ण टीका है। कुछ दार्शनिक इसे ईश्वरकृष्ण की रचना मानते हैं, तो कुछ अज्ञात कर्तृक मानते हैं। ॐ. एप्न ख्र्ल्र्सं जी से सम्पादित और अनुदित युक्तिदीपिका संस्करण में इसे वाचस्पाति कर्तृक माना गया है। वर्तमान उपलब्ध युक्तिदीपिका प्रत्येक कारिका पर उपलब्ध नहीं होती है। यह साङ्ख्यकारिका कारिकाओं के सबसे अधिक विस्तृत विवेचक है।

ग० गौडपादभाष्यम् :-

आचार्य गौडपाद के द्वारा की गई यह टीका, जो कि गौडपादभाष्य के नाम से जाना जाता है, एक प्रसिद्ध टीका है। इसका समय छठी शताब्दी के अन्त का हो सकता है। यह गौडपाद आदि शङ्कर के गुरु भगवद्पाद गौडपाद से भिन्न है। इन्होंने केवल ६९ कारिकाओं पर ही भाष्य लिखा है। यह टीका माठर वृत्ति के साथ साम्य है। जैसे लगता है कि प्रस्तुत टीका माठर वृत्ति इस टीका का उपजीव्य है।

घ० जयमङ्गला : -

यह टीका शङ्कर नामक किसी विद्वान् की है, जो कि ब्रह्मसूत्र भाष्यकार आदि शङ्कर से भिन्न है। वाचस्पति आदि टीकाकार ने अपनी टीका में इसका उल्लेख किया है। यह सप्तम शतक के आस-पास का है। यह टीका सङ्क्षिप्त होने पर भी अत्यन्त उपादेय है।

ङ० साङ्ख्यतत्त्वकौमुदी :-

आचार्य वाचस्पति मिश्र के द्वारा प्रणीत यह टीका साङ्ख्यकारिका के समस्त टीकाओं में अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है। अधुना विश्व में साङ्ख्यकारिका इस टीका के साथ अधिक पठ्यमान है। वाचस्पति प्रायश: सभी दर्शन सम्प्रदायों के ज्ञाता थे। इनका समय नवीं शताब्दी है। इसी टीका के ही उपटीका प्राप्त होते हैं। इनमें से बलराम उदासीन की 'विद्वत्तोषिणी', श्रीकृष्णवल्लभाचार्य की 'किरणावली' तथा कृत सारबोधिनी प्रमुख रूप से उपलब्ध होती है।

इस साङ्ख्यकारिका पर स्वामी नारायण तीर्थ की 'चन्द्रिका', स्वामी हरिहरानन्द आरण्यक की भास्वती उपलब्ध होती है।

ISBN No. : 978-81-217-0247-8

४. तत्त्वसमाससूत्रम् –

इसका रचयिता महर्षि कपिल को माना जाता है। इसमें १७ से २२ सूत्र हैं। कुछ दार्शनिक इसको पञ्चशिख की रचना मानते हैं। परन्तु दार्शनिकों ने इसका समय १४ वीं शताब्दी माना है और यह किसी अज्ञात लेखक की रचना के रूप में स्वीकार किया जाता है।

तत्त्वविचार

सम्पूर्ण भारतीय दर्शन वाङ्मय में साङ्ख्यदर्शन तत्त्वप्रधान दर्शन के रूप से स्वीकृत है। इस दर्शन में २५ तत्त्व स्वीकृत हैं। जैसे – पुरुष, प्रकृति, बुद्धि, अहङ्कार, ग्यारह इन्द्रियाँ, पाँच तन्मात्र और पाँच महाभूत। इन तत्त्वों को तीन प्रमुख भागों में विभक्त किया जाता है। जैसे – व्यक्त, अव्यक्त और ज्ञ। ये तत्त्व चार स्वरूप वाले होते हैं। जैसे –

क० अविकृति

ख० प्रकृतिविकृति

ग० विकृति

घ० न प्रकृति न विकृति

क० अविकृति –

प्रकरोतीति प्रकृतिः अथवा प्रकर्षेण सृष्टिक्रियां सम्पादयतीति प्रकृतिः। यह मूलप्रकृति के नाम से जानी जाती है। प्रकृति ही अविकृति है, क्योंकि यह किसी अन्य तत्त्व से उत्पन्न नहीं होती है। यह प्रधान, अव्यक्त, ब्रह्म, यातुधानक, प्रजापति आदि पर्याय वाचक नामों से जानी जाती है।

ख० प्रकृतिविकृति –

प्रकृतिविकृति का तात्पर्य है – जो किसी तत्त्व का कारण तथा कार्य हो। साङ्ख्य के पच्चीस तत्त्वों में से प्रकृतिविकृति स्वरूप वाले सात तत्त्व हैं। प्रकृति अर्थात् कारण एवं विकृति अर्थात् कार्य। जैसे – बुद्धि, अहङ्कार और पाँच तन्मात्राएँ। ये किसी से उत्पन्न हुए हैं तथा इनसे अन्य तत्त्व उत्पन्न हुए हैं। इनमें से बुद्धि, जो कि महत् के नाम से जानी जाती है, प्रकृति से उत्पन्न हुई है और अहङ्कर को उत्पन्न की हुई है। अहङ्कार तत्त्व बुद्धि तत्त्व से उत्पन्न हुआ है और यह इन्द्रियों तथा तन्मात्राओं को उत्पन्न किया है। पाँच तन्मात्राएँ भी अहङ्कार से उत्पन्न हुए हैं तथा आकाशादि महाभूतों को उत्पन्न किये हुए हैं। जैसे – आकाश शब्दतन्मात्र से, वायु स्पर्शतन्मात्र से, अग्नि रूपतन्मात्र से, जल रसतन्मात्र से और पृथिवी गन्धतन्मात्र से उत्पन्न हुई से। इसलिए ये तत्त्व कार्य और कारण उभय स्वरूप वाले हैं।

ग० विकृति –

साङ्ख्यतत्त्वविचार में विकृति १६ हैं। ये केवल कार्य स्वरूप वाले हैं। जैसे – मन, श्रोत्र–त्वक्–चक्षु–जिह्वा–घ्राण – ये पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ और वाक्–पाणि–पाद–पायु–उपस्थ – ये पाँच कर्मेन्द्रियाँ तथा पृथिवी–जल–तेज–वायु–आकाश – ये पाँच महाभूत – इस प्रकार यह सोलह का समूह केवल विकार है, इनसे कोई तत्त्वन्तर उत्पन्न नहीं होता है।

घ० न प्रकृति न विकृति –

साङ्ख्यतत्त्वक्रम में पुरुष तत्त्व न किसी का कार्य है अथवा न ही किसी का कारण है। अर्थात् यह तत्त्व किसी से न तो उत्पन्न होता है और न ही किसी को उत्पन्न करता है। क्योंकि यह पुराण पुरुष नित्य, अविनाशी, असङ्ग, द्रष्टा तथा ज्ञ आदि स्वरूप वाला है।

इस प्रकार ये तत्त्व कुल मिलाकार २५ होते हैं, जिनके सम्यक् ज्ञान से कैवल्य की प्राप्ति हो जाती है।

कार्य-कारणवाद (सत्कार्यवाद)

'सतः सज्जायते' अर्थात् कोई भी कार्य अपने कारण में सत् स्वरूप से रहता है, वह कारण कार्य को उत्पन्न नहीं करता है अपितु अभिव्यक्तमात्र करता है – यही सत्कार्यवाद है। यह सत्कार्यवाद साङ्ख्य दर्शन का प्रमुख सिद्धान्त है किन्तु विभिन्न दर्शनों के विद्वानों का इस विषय पर मतैक्य नहीं है।

बौद्ध दार्शनिकों का मत है कि 'असतः सज्जायते' अर्थात् असत्कारण से सत्कार्य उत्पन्न होता है। वे क्षणभङ्गवाद को मानते हैं, जैसे - 'यत् सत् तत् क्षणिकम्'। इसलिए वे कहते हैं कि सभी भाव पदार्थ क्षणिक है। कारण जब तक स्वयं नष्ट नहीं होता है, वह कार्य को उत्पन्न नहीं कर सकता है। जैसे – दुग्ध कारण के नष्ट होने पर ही दधिरूप कार्य का प्रादुर्भाव होता है।

नैयायिक कहते हैं कि 'सतोऽसज्जायते' अर्थात् सत्कारण से असत्कार्य की उत्पत्ति होती है। कार्य उत्पत्ति से पूर्व किसी भी रूप में विद्यमान नहीं रहता है, क्योंकि प्रागभाव का अभाव कार्य होता है।

वेदान्तियों के मतानुसार 'एकस्य सतो विवर्त्तः' अर्थात् एक ब्रह्म ही सत् है और यह दृश्यमान जगत् उसका विवर्त्त है, जो कि परमार्थतः असत् है।

ISBN No. : 978-81-217-0247-8

इस सभी मतों के खण्डन के लिए तथा स्वमत प्रतिष्ठापित करने के लिए साङ्ख्यकारिकाकार ने पाँच युक्तियाँ दी है। जैसे कहा गया है साङ्ख्यकारिका में –

असदकरणादुपादानग्रहणात् सर्वसम्भवाभावात्।
शक्तस्य शक्यकरणात् कारणभावाच्च सत्कार्यम्।। का० ९

अर्थात् कारण के कार्योत्पत्ति के अनुकूल व्यापार के पूर्व भी कार्य कारण में अव्यक्त रूप से विद्यमान रहता है। इसके लिए प्रस्तुत कारिका में पाँच युक्तियाँ दी गई है। जैसे –

क० असदकरणात् :-

न सद् असद्, न करण अकरण अर्थात् जो सत् नहीं है वह करण भी नहीं होता है। अत: जिस कारण में कार्य सद्रूप में न रहे वह करण अर्थात् असाधारण कारण या अतिशय साधक कारण नहीं हो सकता। क्योंकि कोई भी वस्तु सर्वथा नवीन उत्पन्न नहीं होती अर्थात् अभाव का भाव कथमपि नहीं हो सकता है। कहा भी है कि - 'नासतो विद्यते भावो नाभावो विद्यते सत:।' यदि कार्य अपने कारण में असत् है तो वस्तु सत् कैसे हो सकती है? जैसे – बालु में तेल नहीं रहता है, इसलिए प्रयत्न करने पर भी बालु से तेल की प्राप्ति नहीं होती है। पीड़न से तिलों से तेल, अवघात के कारण धान से चावल और दोहन करने से गाय से दुग्ध की प्राप्ति से सिद्ध होता है कि अभिव्यक्त होने से पूर्व भी तेल, चावल व दुग्ध की प्राप्ति से सिद्ध होता है कि अभिव्यक्त होने से पूर्व तेल, चावल व दुग्ध अपने-अपने कारणों में सद्रूप से विद्यमान थे।

ख० उपादनग्रहणात् :-

जो कार्य जिस कारण में रहे उसके लिए उसी अत्यन्त सम्बद्ध का ग्रहण किया जाता है। जैसे दधि रूप कार्य की निष्पत्ति के लिए उसके उपादान कारण दुग्ध का ही ग्रहण किया जाता है। क्योंकि कार्य अपने कारण में समवाय सम्बन्ध से रहता है। यदि कार्य को असद् मानेंगे तो उपादान कारण से उसका सम्बन्ध नहीं बन सकता है। इसलिए बिना सम्बन्ध से कोई किसी भी कारण से उत्पन्न नहीं किया जा सकता है।

ग० सर्वसम्भवाभावात् :-

यदि कार्य को किसी विशेष कारण में सत् नहीं मानेंगे तो किसी भी कारण से कोई भी कार्य उत्पन्न हो जाएगा परन्तु ऐसा सम्भव नहीं होता है। दुग्ध से घट की उत्पत्ति नहीं होती। मिट्टी से ही घट की उत्पत्ति सम्भव है। कार्य जिस कारण से सम्बद्ध होता है, उसी कारण से ही वह उत्पन्न होता है, अन्य से नहीं।

घ० शक्तस्य शक्यकरणात् :-

जो कारण जिस कार्य को उत्पन्न करने में समर्थ होता है वही कारण उस कार्य को उत्पन्न कर सकता है। जैसे समर्थ बीज से ही शक्य अङ्कुर की उत्पत्ति होती है। सशक्त कारण ही शक्य कार्य को उत्पन्न कर सकता है। इस प्रकार कारणकार्य में शक्तशक्य सम्बन्ध रहता है।

ङ० कारणभावात् :-

कार्य कारण मात्र से ही जाना जाता है। कारण की सत्ता भी कार्य की सत्ता को सिद्ध करने में हेतु है। दोनों में तादात्म्य है। कारण किसी भी वस्तु की अव्यक्तावस्था और कार्य व्यक्तावस्था होती है। जैसे दधिरूप कार्य अपने कारण दुग्ध में अव्यक्तावस्था में है और व्यक्तावस्था में दधि है। इस प्रकार दधि कार्य की अव्यक्तावस्था दुग्ध और व्यक्तावस्था दही है। दोनों ही रूपों में कार्य सत् है।

अत: उपर्युक्त सभी युक्तियों से सिद्ध होता है कि कार्य कारण में अव्यक्त रूप से रहता है। अत: कार्य सत् है। इस प्रकार सत्कार्यवाद की सिद्धि होती है।

प्रमाण विवेचन

'प्रमेयसिद्धि: प्रमाणाद्धि:' अर्थात् प्रमेय की सिद्धि प्रमाणों से ही होती है। प्रमा का अर्थ होता है ज्ञान अर्थात् अनधिगत विषय को ग्रहण करने वाला सन्देह तथा विपरीत बुद्धि से रहित ज्ञान ही प्रमा है। प्रमा के विषय को प्रमेय कहते हैं जिसकी सिद्धि के लिए प्रमाण की आवश्यकता होती है। क्योंकि कहा जाता है कि प्रमीयते अनेनेति प्रमाणम् अर्थात् प्रमा के विषय को सिद्ध करने वाले साधन को प्रमाण कहते हैं। प्रमाण द्वारा ही यथार्थ ज्ञान किया जाता है। साङ्ख्य दर्शन में २५ तत्त्व प्रमेय है, जिन्हें प्रत्यक्ष, अनुमान और आगम – इन तीन प्रमाणों से जाना जा सकता है। अन्य दर्शनों में कहे गये उपमानादि प्रमाण इन्हीं तीनों प्रमाणों में ही अन्तर्भूत हो जाते हैं। इसलिए साङ्ख्य दार्शनिकों ने इन्हीं तीन प्रमाणों को अभीष्ट माना है। साङ्ख्यकारिका में कहा गया है –

दृष्टमनुमानमाप्तवचनं च सर्वप्रमाणसिद्धत्वात्।
त्रिविधं प्रमाणमिष्टं प्रमेयसिद्धि: प्रमाणाद्धि:।। का० ५

१. प्रत्यक्ष प्रमाण :-

'प्रतिविषयाऽध्यवसायो दृष्टम्' अर्थात् इन्द्रियाश्रित प्रत्येक विषय का सन्निकर्ष जन्य निश्चयात्मक ज्ञान दृष्ट अर्थात् प्रत्यक्ष कहलाता है। अत: कहा गया है कि - 'विषयं विषयं प्रति वर्त्तत इति प्रतिविषयमिन्द्रियम्'। चित्त इन्द्रिय प्रणाली के द्वारा बाह्य अर्थ देश को आकर उस अर्थ के आकार में आकारित होकर प्रथम मन विषय गत अज्ञान को समाप्त

कर सङ्कल्पना करता है। अहङ्कार उस सङ्कल्प को अपना अभिमत देकर बुद्धि को निश्चय के लिए समर्पित कर देता है और बुद्धि उस ज्ञान का निश्चयात्मक स्वरूप बनाती है। पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ ज्ञान में द्वार बनती हैं अन्त:करण के माध्यम से बुद्धि विषयों का ज्ञान करती है। बुद्धि प्रकृति जन्या होने से अचेतन होती है, तो यहाँ पर प्रश्न उत्पन्न होता है कि वह बुद्धि ज्ञान कैसे करती है? इसके समाधान में कहा जाता है कि पुरुष के साथ संसर्ग होने से वह बुद्धि चेतन के समान हो जाती है। बुद्धि में निश्चयात्मक ज्ञान होने पर वह उस ज्ञान को पुरुष पर उपचरित करा देती है। जिससे पुरुष बुद्धि में होने वाले ज्ञान को अपना मान लेता है और अज्ञान के कारण यह समझ लेता है कि यह ज्ञान मेरा है। जैसे प्रथम मन विषय देश जाकर घट के आकार में आकारित होकर सङ्कल्प करता है कि 'अयं घट:', और उस सङ्कल्पात्मक ज्ञान को अभिमत के अहङ्कार को सौंप देता है। अहङ्कार उस ज्ञान को अभिमत करते हुए बुद्धि के पास निश्चय के लिए समर्पण कर देता है। बुद्धि तब 'अयं घट:' यह ज्ञान निश्चय कर देती है। उसके उपरान्त बुद्धि उस ज्ञान को पुरुष पर उपचरित करा देती है, तब पुरुष अपने आपको 'घटमहं जानामि' इस प्रकारक ज्ञानी मानने लगता है। यह पौरुषेध बोध है।

२. अनुमान प्रमाण :-

अनुमान का स्वरूप स्पष्ट करते हुए कारिकाकार ने कहा है कि - 'तल्लिङ्गलिङ्गिपूर्वकम्'। अर्थात् जहाँ लिङ्ग और लिङ्गी अर्थात् व्याप्य और व्यापक के सम्बन्ध से यथार्थ ज्ञान उत्पन्न होता है उसे अनुमिति प्रमा कहते हैं और यह जिससे उत्पन्न होता है उसे अनुमान प्रमाण कहते हैं। लीनमर्थं गमयति इति लिङ्गम् – इस व्युत्पत्ति के आधार पर लिङ्ग व्याप्य होता है। लिङ्गमस्यास्तीति लिङ्गी – इस व्युत्पत्ति के आधार पर लिङ्गी साध्य होता है। जैसे – जहाँ जहाँ धूम है, वहाँ वहाँ आग है – इसमें धूम के दर्शन से पर्वत में वह्नि का अनुमित्यात्मक ज्ञान होता है। अनुमिति परोक्ष ज्ञान है, जिसके कारण यह व्याप्ति के आधार पर किया जाता है। 'साहचर्यनियमो व्याप्ति:' अर्थात् दो वस्तुओं के नियत साहचर्य को हम व्याप्ति कहते हैं। अर्थात् हेतु और साध्य में नियत साहचर्य होने पर ही दोनों में व्याप्ति सम्बन्ध गृहीत होता है। इस प्रकार धूम व्याप्य को पर्वत पक्ष में देखकर व्यापक वह्नि का अनुमान द्वारा ज्ञान किया जाता है, क्योंकि उन दोनों में व्याप्ति है। अनुमान के तीन भेद होते हैं। जैसे – क० पूर्ववत्, ख० शेषवत् और ग० सामान्यतोदृष्ट।

क० पूर्ववत् अनुमान :-

पूर्वमस्यास्तीति पूर्ववत् अर्थात् पूर्व कारण को देख कर कार्य का ज्ञान करना है। जैसे – पर्वतो वह्निमान्, धूमत्वात्। इस उदाहरण वाक्य में पर्वत पक्ष प्रदेश में हेतु धूम को देखकर वह्नि साध्य का अनुमित्यात्मक ज्ञान किया जा रहा है। यहाँ पर पूर्व में कारण और कार्य के नियत साहचर्य को देखकर पर्वत पक्ष में कारण धूम के दर्शन के अनन्तर व्याप्ति स्मरण पूर्वक साध्य वह्नि की अनुमिति होती है कि पर्वत: वह्निमान्।

ख० शेषवत् अनुमान :-

शेष अस्यास्तीति शेषवत् अर्थात् परिशेष के आधार पर किया गया अनुमान शेषवत् है। अर्थात् सर्वत्र निषेध करके जहाँ अन्यत्र सम्भावना न होने के कारण शेष पदार्थ में उसका ज्ञान निश्चित कर लेना। अथवा कार्य को देखकर कारण का ज्ञान करना ही शेषवत् है। जैसे समुद्र से एक पल जल का आस्वादन से स्वीकृत लवणत्व शेष जल का भी लवणत्व शेषवत् है। अथवा प्रतक्ष से वृष्टि का दर्शन न होने पर भी नदी की पूर्णता को देखकर पूर्व में वृष्टि की अनुमिति करना शेषवत् है।

ग० सामान्यतो दृष्ट :-

जो सामान्य पहले प्रत्यक्ष का विषय न बना हो अर्थात् जिसका स्वलक्षण दृष्ट न हो, उस सामान्य विशेष का दर्शन ही सामान्यतो दृष्ट अनुमान है। जिस प्रकार रूप, रस आदि विषयक यद्यपि करण अर्थात् ज्ञानेन्द्रियों के द्वारा ही उत्पन्न होता है, परन्तु ज्ञानेन्द्रियों का विशिष्टरूप प्रत्यक्ष का विषय नहीं है, क्योंकि इन्द्रियत्व विशिष्ट करण का कभी भी प्रत्यक्ष नहीं होता है।

३. आगम प्रमाण :-

इसका स्वरूप निर्वचन करते हुए कारिकाकार ने कहा है कि 'आप्तश्रुतिराप्तवचनं तु'। आप्त का अर्थ है कि यथार्थ वक्ता और श्रुति का अर्थ है वेद। वाक्य से उत्पन्न वाक्यार्थ ज्ञान, उसके द्वारा कहा गया आप्त वाक्य भी प्रमाण होता है। जैसे वेद तथा उसका आश्रय लेकर लिखे गये स्मृति, इतिहास आदि के वाक्य आप्त वाक्य होते हैं। जैसे – स्वर्ग में देवराज इन्द्र है। उत्तर में कुरुदेश है।

इस प्रकार साङ्ख्य दर्शन में प्रमाणों की चर्चा की गई है।

प्रकृति

साङ्ख्य दर्शन में प्रतिपादित २५ तत्त्वों में से प्रकृति प्रमुख तथा महत्त्वपूर्ण है। यह सत्त्वगुण, रजोगुण और तमोगुण – इन तीनों गुणों की साम्यावस्था में सिद्ध होती है। इसी को स्पष्ट करते हुए कारिकाकार ने कहा है कि - 'मूलप्रकृतिरविकृति:'। यह अव्यक्त, ब्रह्म,

प्रजापति, यातुधानक आदि नामों से भी जानी जाती है। प्रकृति को स्पष्ट करने के लिए कारिकाकार ने कहा है कि –

त्रिगुणमविवेकि विषयः सामान्यमचेतनं प्रसवधर्मि।
व्यक्तं तथा प्रधानं तद्विपरीतस्तथा च पुमान्।।

कार्य कारण की सत्ता का बोधक होता है। प्रकृति के कार्य महदादि त्रिगुणात्मक है तो उनका कारण प्रकृति भी त्रिगुणात्मिका होगी। महदादि तत्त्व सुखदुःखमोहात्मक अविवेकी आदि धर्म वाले होते हैं। इसलिए प्रकृति भी इसी प्रकार के स्वभाव वाली अर्थात् सुखदुःखमोहात्मक और अविवेक्यादि धर्म वाली होगी ऐसा अनुमान प्रमाण से सिद्ध होता है। कार्य तथा कारण में तादात्म्य होने से महदादि कार्य के गुणात्मक ही कारण प्रकृति होती है, इससे अव्यक्त की सत्ता सिद्ध होती है।

प्रकृति में कुछ धर्म पुरुष के सदृश भी है, जैसे – जगत् की समस्त वस्तुएँ अर्थात् व्यक्ततत्त्व हेतुमत्, अनित्य, अव्यापि, सक्रिय, अनेक, कारण पर आश्रित रहने वाली, लिङ्ग, सावयव और परतन्त्र है। परन्तु अव्यत्ततत्त्व इनसे धर्मो से विपरीत है। जैसे – प्रकृति अहेतुमत् है अर्थात् इसका कोई कारण नहीं है। प्रकृति नित्य है अर्थात् यह मूलकारण है जिसका कभी भी तिरोभाव नहीं होता है। प्रकृति व्यापक है अर्थात् समस्त कार्यों में व्याप्त रहती है। प्रकृति निष्क्रिय है अर्थात् उसके विकार ही कार्य करते हैं, वह स्वयं नहीं करती। प्रकृति एक है अर्थात् उसका कोई सजातीय भेद नहीं है। प्रकृति अनाश्रित है अर्थात् यह किसी कारण पर आश्रित नहीं रहती है, क्योंकि यह स्वयं मूलप्रकृति है। प्रकृति अलिङ्ग है अर्थात् अपने किसी कारण का बोधक नहीं है। प्रकृति निरवयव है अर्थात् किसी से संयुक्त नहीं है। प्रकृति स्वतन्त्र है अर्थात् अपने कार्य के लिए किसी की अपेक्षा नहीं रखती है। इस अव्यक्त की सिद्धि के लिए कारिकाकार पाँच युक्तियाँ उपस्थापन करतो हैं। जैसे –

भेदानां परिमाणात् समन्वयात् शक्तितः प्रवृत्तेश्च।
कारणकार्यविभागादविभागात् वैश्वरूपस्य।।

भेदानां परिमाणात् :-

महदादि जो कार्य हैं उनके परिमित होने के कारण उनका एक व्यापक हेतु अव्यक्त ही है। घट आदि का कारण पृथिवी अपरिमित है।

समन्वयात् :-

कार्य और कारण भिन्न होने पर भी किसी धर्म में सादृश्य को समन्वय कहते हैं। जैसे बुद्ध्यादि की परस्पर भिन्नता होने पर भी त्रिगुणात्मकरूप से समानता है। इनके इस स्वभाव के कारण त्रिगुणात्मिका प्रकृति ही है।

शक्तितः प्रवृत्तेः :-

जो कारण जिस कार्य को उत्पन्न करने का सामर्थ्य रखता है उस कारण से वही कार्य प्रकट होता है। जैसे पट तन्तुओं से ही उत्पन्न होता है, मिट्टी आदि से नहीं। अतः जिससे महदादि व्यक्त का आविर्भाव होता है वह ही मूल प्रकृति है।

कारणकार्यविभागात् :-

कारण से ही कार्य आविर्भूत होता है। जैसे घट आदि कार्य मिट्टी आदि अपने-अपने कारणों से आविर्भूत होते हैं और प्रलय अर्थात् विनाश के समय भी अपने-अपने कारणों में तिरोहित हो जाते हैं। महदादि भी इसी प्रकार अपने-अपने कारणों से आविर्भूत होकार पुनः उन्हीं कारणों में लीन हो जाते हैं।

अविभागात् वैश्वरूपस्य :-

महद् आदि नानारूप जो कार्य जगत् है वह अविभाग होने से अर्थात् प्रलयावस्था में स्वकारण में लीन होकर अव्यक्तरूप से विद्यमान रहते हैं। इसलिए इन सबके मूल कारण अव्यक्त प्रकृति की सत्ता स्वीकार करनी पडेगी।

इस प्रकार प्रकृति की सत्ता का अवधारण किया जाता है।

पुरुष

साङ्ख्य दर्शन में तीनों दुःखों का विघात करने के लिए व्यक्त, अव्यक्त और ज्ञ – इन तीनों तत्त्वों का विशेष ज्ञान होना आवश्यक बताया गया है। महदादि २३ तत्त्व - व्यक्त, प्रकृति - अव्यक्त तत्त्व और ज्ञ - पुरुषतत्त्व है। किसी भी मनुष्य का परमोद्देश्य दुःखों की आत्यन्तिक निवृत्ति से ही होती है, जो कि २५ तत्त्वों के ज्ञान के बिना सम्भव नहीं हो सकती है। यह पुरुष तत्त्व साङ्ख्य दर्शन में प्रमुख तत्त्व है।

पुरुष का स्वरूप :-

पुरुष प्रकृति तथा महदादि से विपरीत गुणों वाला है। प्रकृति और महदादि तत्त्व अविवेकी, त्रिगुणात्मक, विषय, सामान्य, अचेतन, प्रसवधर्मि है। पुरुष इसके विपरीत अत्रिगुण है अर्थात् सत्त्वगुण, रजोगुण और तमोगुण प्रकृति के हैं। पुरुष त्रिगुणातीत होता है, क्योंकि पुरुष असङ्ग है। साङ्ख्यसूत्र में कहा गया है कि - 'असङ्गो ह्ययं पुरुषः'। पुरुष विवेकी, साक्षी तथा निर्गुण होता है। पुरुष अविषय है क्योंकि यह किसी का भोग्य नहीं

होता है। पुरुष चेतन है, क्योंकि यह सुख, दु:ख आदि का ज्ञान करने में समर्थ है। प्रकृति इस पुरुष की चेतनता से संयुक्त होकर ही प्रवृत्त होती है। इस पुरुष के स्वरूप के विषय में कारिका में कहा गया है कि –

त्रिगुणमविवेकि विषय: सामान्यमचेतनं प्रसवधर्मि।
व्यक्तं तथा प्रधानं तद्विपरीतस्तथा च पुमान्।।

कुछ विशेषताएँ प्रकृति और पुरुष के समान भी है। जैसे प्रधान की तरह पुरुष भी अहेतुमान्, नित्य, व्यापि, निष्क्रिय, एक, अनाश्रित, अलिङ्ग, निरवयव तथा स्वतन्त्र है। पुरुष साक्षी, द्रष्टा तथा अकर्त्ता भी है। सुख, दु:ख से रहित उदासीन है तथा प्रकृति के बन्धनों से मुक्त है। परन्तु बुद्धि द्वारा समस्त ज्ञान पुरुष पर उपचरित कराने के कारण प्रकृति के सुख, दु:ख आदि को अपना मानकर विविध भोगों को भोगता है। वस्तुत: पुरुष न बन्धता है, न हि मुक्त होता है। साङ्ख्यकारिका में कहा गया है कि –

तस्मान्न बध्यतेऽद्धा न मुच्यते नापि संसरति कश्चित्।
संसरति बध्यते मुच्यते च नानाश्रया प्रकृति:।।

पुरुष की सत्ता

पुरुष की सत्ता का ज्ञान अनुमान प्रमाण से सम्भव है। इसलिए साङ्ख्यकारिका ने पाँच हेतु दिया है, जिन हेतुओं से पुरुष की सत्ता की सिद्धि की जा सकती है। जैसे –

सङ्घातपरार्थत्वात् त्रिगुणादिविपर्ययादधिष्ठानात्।
पुरुषोऽस्ति भोक्तृभावात् कैवल्यार्थं प्रवृत्तेश्च।।

सङ्घातपरार्थत्वात् :-

यह महदादि सङ्घात पुरुष के लिए होने से पुरुष की सत्ता सिद्ध होती है। प्रकृति आदि सभी तत्त्व जड़ है। परस्पर संयुक्त होकर ये कार्य का निष्पादन करते हैं। अव्यक्त, महतत्त्व और अहङ्कार आदि सङ्घात किसी अन्य के लिए हैं। ये स्वयं अपना उपभोग नहीं करते हैं। जैसे – शय्या, आसन, लेप आदि अपने लिए न होकर दूसरे के उपयोग के लिए होते हैं। एकमात्र पुरुष ही इन सबका उपभोग कर्त्ता बन सकता है। इसलिए महदादि तत्त्व भी अन्य पुरुष के लिए होने से पुरुष की सत्ता सिद्ध होती है।

त्रिगुणादिविपर्ययात् :-

अव्यक्त आदि अविवेकी, अचेतन तथा त्रिगुणात्मक हैं। परन्तु त्रिगुण में तादात्म्य भी है। फिर भी इन गुणों में न्यूनाधिक्य रहता है। किसी में सत्त्वगुण की अधिकता रहती है तो किसी में रजोगुण की अधिकता और किसी में तमोगुण की अधिकता। जिसमें यह त्रिगुण नहीं रहता है अर्थात् जिस तत्त्व में त्रिगुण नहीं रहता वह तत्त्व पुरुष तत्त्व है यह सिद्ध होता है।

अधिष्ठानात् :-

इस संसार में त्रिगुणात्मक पदार्थ जितने भी हैं उनका अधिष्ठाता कोई उनसे अतिरिक्त होना चाहिए। क्योंकि अचेतन पदार्थ चेतन से ही अधिष्ठित होकर क्रियाशील होता है। जैसे अचेतन रथ तभी क्रियाशील होगा जब चेतन सारथि उस रथ पर अधिष्ठित होगा। इसलिए सुखदु:खमोहात्मक महदादि तत्त्वों का भी कोई न कोई अधिष्ठाता अवश्य है, जो कि इनसे भिन्न है। अत: पुरुष की सत्ता सिद्ध होती है।

भोक्तृभावात् :-

भोग्य और भोक्त के भाव से यह सिद्ध होता है कि कोई भोक्ता अवश्य होगा। यहाँ पर महदादि तत्त्व भोग्य हैं। ये किसी न किसी भोक्ता की अपेक्षा रखते हैं। यह तत्त्व पुरुष तत्त्व ही हो सकता है। अत: यह सिद्ध होता है कि पुरुष है।

कैवल्यार्थं प्रवृत्ते: :-

पुरुष की सत्ता है इसकी सिद्धि कैवल्ये के प्रति प्रवृत्ति होने के कारण भी होती है। कैवल्य का अर्थ है कि केवली भाव को प्राप्त होना अर्थात् यह भी कह सकते हैं कि अपने स्वरूप में स्थित रहना। कैवल्य को शास्त्रकारों ने दु:खों की अत्यन्त निवृत्ति के रूप में स्वीकार किया है। सुख, दु:ख आदि का कैवल्य नहीं हो सकता है क्योंकि इनका स्वरूप सुखदु:खात्मक ही है। यदि ये अपने स्वरूप में अवस्थित हो जाएँ, तो सुख अथवा दु:ख की होगी जो कि कैवल्य नहीं कहा जा सकता। अत: जो कैवल्य के प्रति प्रवृत्त होता है, वह महदादि तत्त्वों से भिन्न पुरुष तत्त्व है।

इस प्रकार पुरुष तत्त्व की सत्ता का अवधारण किया जाता है।

पुरुष बहुत्व :-

साङ्ख्य दर्शन में प्रतिपादित २५ तत्त्वों में से पुरुष तत्त्व अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है। यह उदासीन, द्रष्टा, ज्ञ, साक्षी तथा प्रकृति के बन्धनों से रहित होता है। इस दर्शन में इसको असङ्ग माना गया है। अब यहाँ प्रश्न उपस्थित होता है कि पुरुष एक होता कि पुरुष एक ही होता है अथवा अनेक होते हैं? इसके समाधान में साङ्ख्यकारिकाकार ने निम्न कारिका प्रस्तुत किया है। जैसे –

जन्ममरणकरणानां प्रतिनियमादयुगपत्प्रवृत्तेश्च।
पुरुषबहुत्वं सिद्धं त्रैगुण्यविपर्ययाच्चैव।।

अर्थात् जन्म, मृत्यु और इन्द्रियों की प्रत्येक पुरुष के साथ नियत होने से, सभी पुरुषों का एक साथ किसी कार्य प्रवृत्त न होने के कारण और त्रैगुण्य अर्थात् सत्त्वादि तीनों गुणों का भेद होने के कारण पुरुष अनेक हैं, ऐसा सिद्ध होता है। इनकी क्रमश: नीचे व्याख्या की जा रही है।

जन्ममरणकरणानां प्रतिनियमात् :-

यदि पुरुष एक ही होता तो बुद्धि एक समान होती। शास्त्रों में नवीन शरीर, इन्द्रिय, मन, अहङ्कार तथा बुद्धि आदि के सङ्घात के साथ सम्बन्ध जन्म कहलाता है। और प्रकृति से सम्बन्ध विच्छेद ही मरण है अर्थात् देह का विच्छेद मात्र को मरण कहते हैं। यद्यपि पुरुष अपरिणामी है तथापि प्रत्येक पुरुष में जन्म, मरण और करण की पृथक्-पृथक् व्यवस्था है। यदि एक पुरुष में सभी शरीरों को माना जाए अथवा एक पुरुष को ही सभी शरीरों में माना जाए तो एक के उत्पन्न होने पर सभी शरीर उत्पन्न हो जाते। एक शरीरधारी के मृत्यु होने पर समस्त शरीरधारियों की मृत्यु होनी चाहिए। यदि एक अन्धा हो जाए तो सभी पुरुष अन्धे हो जाएँगे। यदि शरीरधर्म व इन्द्रियधर्म के पश्चात् बुद्धिधर्म से भी यदि एक पुरुष का चित्त विरुद्धार्थग्राहक अथवा चित्त विनष्ट हो जाए, तो सभी पुरुष ही पागल अथवा उदासीन हो जाने चाहिए। परन्तु यह अव्यवस्था नही देखी जाती। अत: यह स्वीकार किया जाता है कि प्रत्येक शरीर का अधिष्ठाता पुरुष एक नहीं, अपितु अनेक है।

अयुगपत् प्रवृत्तिः -

सभी प्राणियाए की किसी कार्य में एक साथ प्रवृत्ति नहीं होती है। प्रवृत्ति अन्त:करण का धर्म है। यदि पुरुष एक होता, तो एक के उठने, बैठने, हंसने, रोने, खाने, पीने पर सभी उठने, बैठने, हंसने, रोने, खाने तथा पीने लग जाते। परन्तु ऐसा नहीं होता है। कोई पुरुष धर्म में प्रवृत्त होता है, तो कोई अधर्म का आचरण करता है। कोई पढता है, तो कोई सोता है। अत: सिद्ध होता है कि पुरुष एक नहीं, अपितु अनेक है।

त्रैगुण्यविपर्ययात् :-

त्रैगुण्यों का विपर्यय भी पुरुष बहुत्व क सिद्धि में हेतु है। प्रत्येक पुरुष पृथक्-पृथक् विशेषताओं से युक्त होता है, क्योंकि उनमें सत्त्व आदि गुणों का न्यूनाधिक्य रहता है। जिनमें सत्त्वगुण की अधिकता है, वे पुरुष शान्त प्रवृत्ति, देववृत्ति के प्राणि होते हैं। किसी में रजोगुण की अधिकता देखी जाती है, तो वो राजसी कहलातें हैं और किसी अन्य में तमोगुण की प्रधानता देखी जाती है, तो वे तामसी कहलाते हैं। इस प्रकार गुणों के आधिक्य के कारण कोई सुखी होता है, तो कोई दु:खी और अन्य मोह से ग्रसित होता है।

इस प्रकार आलोचन करने पर यह सिद्ध होता है कि पुरुष अनेक है, न कि एक।

सृष्टिप्रक्रिया

पुरुष असङ्ग है किन्तु उसे कर्त्ता भी कहा गया है। प्रकृति अचेतन है किन्तु पुरुष की सन्निकटता से चेतनवती हो जाती है। बुद्धि आदि के रूप में परिणत हुए गुण ही क्रियावान् है फिर भी बुद्धि में प्रतिबिम्बित होने के कारण उदासीन होता हुआ पुरुष भी कर्त्ता सा जान पड़ता है। इससे 'घटमहं जानामि' इस प्रकार का व्यवहार बनता है। अब प्रश्न उठता है कि ये दोनों संयोग क्यों करते हैं? क्योंकि जब कोई संयोग करेगा तो उसकी कोई न कोई इच्छा अथवा प्रयोजन अवश्य होता है। इसी प्रकार पुरुष और प्रकृति का संयोग भी परस्पर उपकार के लिए होता है। इन दोनों का संयोग पङ्गु और अन्धे के समान होता है। पुरुष चाहता है कि प्रकृति का यथावत् दर्शन करें, प्रकृति चाहती है कि पुरुष कैवल्य को प्राप्त हो। पुरुष के द्वारा प्रकृति का दर्शन और प्रकृति के द्वारा पुरुष का अपवर्ग इनके संयोग का आधार है। ईश्वरकृष्ण ने भी कहा है कि –

पुरुषस्य दर्शनार्थं कैवल्यार्थं तथा प्रधानस्य।
पंग्वन्धवदुभयोरपि संयोगस्तत्कृत: सर्ग:।।

प्रकृति भोग्या है और पुरुष भोक्ता है। पुरुष कैवल्य चाहता है। बिना प्रकृति को समझे कैवल्य की प्राप्ति नहीं हो सकती। जिस प्रकार अन्धा और लङ्गड़ा मिलकर अपने कार्य की सिद्धि करते हैं, उसी प्रकार पुरुष और प्रकृति भी संयोग करके सृष्टि को प्रारम्भ करते हैं। अब यहाँ पर प्रश्न उत्पन्न होता है कि इनका संयोग होने पर महदादि की सृष्टि किस कारण से हुई? इसके समाधान में कहते हैं कि महदादि की सृष्टि के बिना भोग तथा कैवल्य की उत्पत्ति नहीं हो सकती। अत: संयोग ही इनकी सृष्टि में कारण है। कहा भी गया है कि –

विना सर्गेण बन्धो हि पुरुषस्य न युज्यते।
सर्गस्तस्यैव मोक्षार्थमहो साङ्ख्यस्य सूक्तता।।

प्रकृति से महद्, महत्तत्त्व से अहङ्कार उत्पन्न होता है। इस अहङ्कार के भूतादि वैकृत, भूतादि तैजस तथा अभिमान आदि पर्याय हैं। उस अहङ्कार से सोलह स्वरूपवाला समूह उत्पन्न होता है। वह जैसे – शब्दतन्मात्र, स्पर्शतन्मात्र, रूपतन्मात्र, रसतन्मात्र और गन्धतन्मात्र आदि। ये तन्मात्र सूक्ष्म पर्याय वाली है। उस (अहङ्कार) से ग्यारह इन्द्रियाँ

उत्पन्न होती हैं। जैसे – श्रोत्र, त्वक्, चक्षु, जिह्वा, घ्राण आदि पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ, वाक्, पाणि, पाद, पायु और उपस्थ – ये पाँच कर्मेन्द्रियाँ हैं। और उभयात्मक मनस् है। यह सोलह का समूह अहङ्कार से उत्पन्न हुआ है। और फिर इस सोलह की पाँच तन्मात्राओं से पाँच महाभूत उत्पन्न होते हैं। जैसे कहा गया है – शब्दतन्मात्र से आकाश, स्पर्शतन्मात्र से वायु, रूपतन्मात्र से तेजस्, रसतन्मात्र से जल, गन्धतन्मात्र से पृथिवी – इस प्रकार पाँचों परमाणुओं से पाँच महाभूत उत्पन्न होते हैं। कारिका में कहा गया है कि –

प्रकृतेर्महांस्ततोऽहङ्कारस्तस्माद् गणश्च षोड़शकः।
तस्मादपि षोड़शकात्पञ्चभ्यः पञ्च भूतानि॥

यहाँ पर दो प्रकार के सर्ग की कल्पना की जाती है। जैसे – १. प्रत्यय सर्ग, २. तन्मात्र सर्ग। प्रत्यय सर्ग के अन्तर्गत धर्म, ज्ञान, वैराग्य, ऐश्वर्यादि जो कि बुद्धि परिणाम है और ये क्रमशः विपर्यय, अशक्ति, तुष्टि तथा सिद्धि के रूप में परिणत हो जाते हैं। यही भाव सर्ग बौद्धिक सृष्टि है। बुद्धि, अहङ्कार, मन, दश इन्द्रियाँ और पाँच तन्मात्राएँ स्थूलशरीर में बिना किसी भोग के रहती है। महाप्रलय में जब स्थूलशरीर लय को प्राप्त होता है, तो सूक्ष्मशरीर उस शरीर को छोड़कर दूसरे शरीर में प्रवेश करता है।

प्रत्यय सर्ग

साङ्ख्य दर्शन के अनुसार प्रकृति से महदादि भूत पर्यन्त तत्त्व उत्पन्न होते हैं। इस में बुद्धि के सर्ग को प्रत्यय सर्ग नाम की परिभाषा से जाना जाता है। यह प्रत्यय सर्ग चार भाग में विभक्त है। जैसे –

क० विपर्यय, ख० अशक्ति, ग० तुष्टि, घ० सिद्धि

कहा भी गया है कि –

पञ्च विपर्ययभेदाः भवन्त्यशक्तिस्तु करणवैकल्यात्।
अष्टाविंशतिभेदाः तुष्टिर्नवधाऽष्टधा सिद्धिः॥

क० विपर्यय :-

बुद्धि को प्रत्यय कहते हैं, क्योंकि सभी पदार्थों की प्रतीति का हेतु बुद्धि ही है। प्रतीयतेऽनेनेति प्रत्ययः। उसका सर्ग उसमें विपर्यय हो जाना अज्ञान कहलाता है। यह भी बुद्धि का धर्म है। गौड़पाद ने इसे संशय कहा है। जैसे स्तम्भ को देखकर स्तम्भ अथवा पुरुष का संशय उत्पन्न होना। इसके पाँच भेद होते हैं। जैसे – तम, मोह, महामोह, तामिस्र और अन्धतामिस्र। ये पाँचों पुनः अपने अपने भेदों को पाकर विपर्यय के ६२ भेद हो जाते हैं। जैसे तमस् के ८ भेद, मोह के ८ भेद, महामोह के १० भेद, तामिस्र के १८ भेद और अन्धतामिस्र के १८ भेद होते हैं। कहा भी गया है कि –

भेदस्तमसोऽष्टविधो मोहस्य च दशविधो महामोहः।
तामिस्रोऽष्टादशधा तथा भवत्यन्धतामिस्रः॥

ख० अशक्ति :-

ज्ञान की प्राप्ति के लिए असमर्थ होने का अशक्ति कहते हैं। यह करणों की विकलता के कारण होता है। इसके २८ भेद होते हैं। जैसे कहा गया है –

एकादशेन्द्रियवधाः सह बुद्धिवधैरशक्तिरुद्दिष्टा।
सप्तदश वधा बुद्धेर्विपर्ययात्तुष्टिसिद्धीनाम्॥

किसी संशयात्मक ज्ञान का दूर न कर पाना ही अशक्ति है।

ग० तुष्टि :-

संशयात्मक ज्ञान का यथार्थज्ञान में सिद्धि न करते हुए उसमें ही तुष्ट हो जाना तुष्टि कहलाता है। विषयों से उपरम कराने के कारण बाह्य तुष्टियाँ पाँच है और चार तुष्टियाँ आध्यात्मिक हैं। प्रकृति, पुरुष आदि भिन्न है, यह जानकर भी किसी असत् उपदेश के कारण विवेकख्याति के लिए श्रवण, मनन और निदिध्यासन द्वारा प्रवृत्त न होना तुष्टि है। अर्थात् उदासीन भाव को प्राप्त होकर न जानने की चेष्टा करना तुष्टि है। इसके नौ भेद, जैसे कारिका में कहा गया है कि –

आध्यात्मिक्यश्चतस्रः प्रकृत्युपादानकालभाग्याख्याः।
बाह्याः विषयोपरमात्पञ्च नव तुष्टयोऽभिमताः॥

घ० सिद्धि :-

परम पुरुषार्थ की निष्पत्ति में द्वार सिद्धि है। पूर्व में कहे गये तीन विपर्यय, अशक्ति तथा तुष्टि – इसके अङ्कुश के समान वशीकारक है। ज्ञान की प्राप्ति सिद्धि है। सिद्धियाँ ८ प्रकार की है। जैसे कारिका में कहा गया है –

ऊहः शब्दोऽध्ययनं दुःखविधातास्त्रयः सुहृत्प्राप्तिः।
धनं च सिद्धयोऽष्टौ सिद्धेः पूर्वोऽङ्कुशस्त्रिविधः॥

अतः यह स्पष्ट होता है कि सत्कार के साथ सिद्धि का सेवन करना चाहिए। परन्तु उसके निवारण में कारण बनने वाली विपर्यय, अशक्ति और तुष्टि का परित्याग कर देना

चाहिए। क्योंकि सिद्धि प्राप्ति के पश्चात् तत्त्वज्ञान तथा तत्त्वज्ञान के अनन्तर मोक्ष की प्राप्ति होना निश्चित है।

कैवल्य

इस संसार में सभी मनुष्य तीन प्रकार के दु:खों से पीड़ित है। प्रत्येक मनुष्य इन दु:खों के विनाश के लिए हमेशा प्रयत्नशील रहता है। किन्तु कोई भी उपाय ऐसा नहीं है जिससे इन दु:खों की आत्यन्तिक तथा ऐकान्तिक निवृत्ति हो। इन दु:खों का विघात करने के लिए दर्शनशास्त्र का प्रादुर्भाव हुआ। सभी दर्शनों ने सांसारिक बन्धनों से मुक्त होने के लिए अपने अपने ढ़ंग से व्यवस्था दी। साङ्ख्य दर्शन में कहा गया है कि इन तीनों दु:खों का कारण अज्ञान है। जब तक मनुष्य व्यक्त, अव्यक्त और ज्ञ का अर्थात् २५ तत्त्वों का ज्ञान न कर लें, तब तक उसको अपवर्ग अथवा कैवल्य प्राप्त नहीं हो सकता है।

अपवर्ग कर्म जन्य नहीं है, क्योंकि कर्म अच्छ या बुरा होता है। जैसा भी हो बन्धन को देने वाला ही होगा, क्योंकि धर्म आदि निष्पन्न होने से ब्राह्म आदि ऊर्ध्व लोकों अर्थात् स्वर्ग आदि की प्राप्ति होगी और अधर्म आदि के आचरण से प्रकृतिलय ही होगा। कहा भी गया है कारिका में –

धर्मेण गमनमूर्ध्वं गमनमधस्ताद्भवत्यधर्मेण।
ज्ञानेन चाऽपवर्गो विपर्ययादिष्यते बन्धः।।

अपवर्ग केवल ज्ञान ही दे सकता है। ज्ञान से तात्पर्य २५ तत्त्वों का ज्ञान। प्रकृति और उसके विकारी का ज्ञान ही विवेक है। प्रकृति तभी तक भोग उत्पन्न करती है, जब तक कि पुरुष में विवेकख्याति उत्पन्न न हो। विवेकख्याति हो जाने पर प्रकृति उस पुरुष से अपना माया जाल हटा लेती है।

पुरुष शुद्ध, बुद्ध, मुक्त तथा चैतन्यवान् है। बन्ध, मोक्ष तथा जन्म-मरण प्रकृति का होता है। 'तस्मान्न बध्यतेऽद्धा ...' इत्यादि कारिका से स्पष्ट है। पुरुष अपने अज्ञान के कारण ही प्रकृति तथा प्रकृति से होने वाला गुणत्रय जन्य सुख तथा दु:ख आदि को अपना समझ लेता है। जिससे 'ये मेरे हैं', 'मैं जानता हूँ' – इस प्रकार अभिमान करता हुआ इन सुख, दु:ख आदि का भोग करता है। प्रकृति अज्ञान, धर्म, अधर्म, वैराग्य, अवैराग्य, ऐश्वर्य और अनैश्वर्य से अपने आपको पुरुष के साथ बन्धन में ड़ाल लेती है और ज्ञान से अपने आपको मुक्त कर लेती है। जिससे पुरुष कैवल्य अर्थात् अपने ही स्वरूप में अवस्थित रह जाता है। पाँच तत्त्वों से स्थूलशरीर तथा बुद्धि आदि तथा इन्द्रियाँ सूक्ष्मशरीर का बार-बार जन्म होता रहता है, जब तक कि पुरुष कैवल्य को प्राप्त न कर ले। पुरुष जब ज्ञान का आश्रय लेकर निरन्तर मनन करता है तो विवेकख्याति की उत्पत्ति हो जाती है। कहा भी गया है –

एवं तत्त्वाभ्यासान्नाऽस्मि न मे नाऽहमित्यपरिशेषम्।
अविपर्ययाद्विशुद्धं केवलमुत्पद्यते ज्ञानम्।।

अर्थात् तत्त्वज्ञान के अभ्यास से 'नास्मि' - मैं क्रियावान् नहीं हूँ। 'न मे' – न कुछ मेरा है, 'नाहम्' – मैं कर्त्ता नहीं हूँ – इस प्रकार के विशुद्ध ज्ञान की प्राप्ति होती है। तत्त्वज्ञान की विशुद्धता से तात्पर्य भ्रान्ति राहित्य से है। विपर्यय आदि के अभाव से विशुद्ध ज्ञान उत्पन्न होता है। इस प्रकार का ज्ञान होने पर कि प्रकृति उससे पृथक् है, पुरुष ये जानकर निरासक्त तथा निर्लिप्त होकर द्रष्टा की भाँति केवल प्रकृति की कार्यों का अवलोकन करता है। इस प्रकार पुरुष के द्वारा देख ली गई है – ऐसा जानकार प्रकृति भी पुरुष के प्रति अपनी लीला को समाप्त कर देती है, जिस प्रकार रङ्गशाला में नर्त्तकी अपना नृत्य दिखाने के पश्चात् निवृत्त हो जाती है। कहा भी गया है कि –

रङ्गस्य इत्युपेक्षक एको दृष्टाऽहमित्युपरमत्येका।
सति संयोगेऽपि तयोः प्रयोजनं नास्ति सर्गस्य।।

सम्यक् सम्बोध अर्थात् विवेकख्याति के प्राप्त हो जाने पर धर्म-अधर्म आदि कर्मों का बीजत्व ध्वंस हो जाता है। शेष संस्कारों के सामर्थ्य से केवल शरीर का निर्वाह करता है। जिस प्रकार कुम्हार का चक्र पिछले दण्ड से लगाए गये वेग के कारण पुनः वेग न देने पर भी घूमता रहता है, उसी प्रकार पिछले कर्मों के संस्कार के कारण शरीर यात्रा चली रहती है। इस प्रकार जीवन्मुक्त की दशा में शरीर छूट जाने पर ऐकान्तिक और आत्यन्तिक दोनों प्रकार के दु:खों से मुक्ति मिल जाती है। इस अवस्था में सूक्ष्मशरीर से पहले ही विनिवृत्ति हो जाने पर पुरुष केवली भाव को प्राप्त कर लेता है। जिस प्रकार भूने हुए बीज में अङ्कुरोत्पादनता का असामर्थ्य होता है, उसी प्रकार उसे भी देहान्तर प्राप्ति नहीं होती है। मृत्यु के पश्चात् वह विदेह मुक्ति को प्राप्त कर लेता है। कहा भी गया है कि –

प्राप्ते शरीरभेदे चरितार्थत्वात् प्रधानविनिवृत्तौ।
ऐकान्तिकमात्यन्तिकमुभयं कैवल्यमाप्नोति।।

प्रस्तुत पुस्तक 'साङ्ख्यकारिका' जो वर्त्तमान में आप सबके सामने है, इसमें हमने अन्वय, अनुवाद, संस्कृत व्याख्या, गौड़पाद भाष्य, भाष्य के अनुवाद तथा आवश्यकता के अनुसार टिप्पणी भी दी है। इसमें प्रयुक्त संस्कृत-हिन्दी टीका का नाम हम ने अपने पूज्य पितीजी श्रीयुक्त नरहरि षड़ङ्गी जी के नाम रखा है। इस पुस्तक के प्रकाशन में अनेक

ISBN No. : 978-81-217-0247-8

वरेण्य विद्वानों का मुझे आशीर्वाद मिला, जिनके आशीर्वाद को पाथेय मान कर हम ग्रन्थ के प्रकाशन में अग्रसर हुए। हम अपने पूज्य गुरुजी डॉ० स्वामी अरूपानन्द दास महाराज जी के चरण कमल में इस पुस्तक के साथ साथ अपने आप को समर्पित करते हैं। क्योंकि आज हम जिस जगह पर पहुँचे हुए हैं, वह केवल उनका आशीर्वाद है। अपने गुरुवर प्रो० वीरेन्द्र कुमार मिश्र (पूर्व विभागाध्यक्ष, संस्कृत विभाग, हि०प्र०विश्वविद्यालय, शिमला), प्रो० रमेश चन्द्र पण्डा (अध्यक्ष, व्याकरण विभाग, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी), प्रो० कृष्णकान्त शर्मा (अध्यक्ष, वैदिक दर्शन विभाग, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी), प्रो० सुदर्शन लाल जैन (निर्देशक, पार्श्वनाथ शोध संस्थान, वाराणसी) जी को सतत नमन करते हैं कि इनके आशीर्वाद कुसुम से ही हम ज्ञान सागर से कुछ पा सके।

अपने प्रतिपद में सहायता देने वाली अपनी सहधर्मिणी श्रीमती शिवाश्रिता जी के प्रति सतत कृतज्ञ हूँ, जिन्होंने पाण्डुलिपि तैयार करने में हमारी सतत सहायता की। हम सभी अदृश्य अन्तरिक्ष वालों को भी धन्यवाद देते हैं कि इनको अदृश्य सहायता से ही इस पुस्तक की निर्विघ्न समाप्ति में सहायक हुए।

अन्त में श्री जैन जी, प्रकाशक, भारतीय विद्या प्रकाशन, नई दिल्ली को धन्यवाद देता हूँ, जिसने इस पुस्तक के प्रकाशन में सहायता की।

गणेश चतुर्थी
२३-०८-०९ डॉ० सुधांशु कुमार षड़ङ्गी

अथ सांख्यकारिका प्रारभ्यते

दु:खत्रयाभिघाताज्जिज्ञासा तदभिघातके हेतौ।
दृष्टे साऽपार्था चेन्नैकान्तात्यन्ततोऽभावात्॥१॥

अन्वय :- दु:खत्रयाभिघातात् तदभिघातके हेतौ जिज्ञासा (भवति), दृष्टे सा आपार्था (इति) चेत्, न, ऐकान्तात्यन्ततोऽ-भावात्।

अनुवाद :- तीन प्रकार के (आध्यात्मिक, आधिभौतिक और आधिदैविक) दु:खों से पीडित होने के कारण, उसके विनाश में कारण को जानने की इच्छा होती है। यदि (यह कहा जाए कि) लौकिक उपायों से (तीनों दु:खों के विनाश) सम्भव होने से (साङ्ख्यशास्त्र की जिज्ञासा) व्यर्थ है, तो (यह उचित) नहीं (है), क्योंकि इन (तीनों दु:खों) के (लौकिक उपायों से) ऐकान्तिक और आत्यन्तिक रूप से विनाश असम्भव है।

नरहरि:

आदिशक्ति नमस्तुभ्यं परमाह्लादरूपिणि।
वेदविद्याप्रदात्र्यम्ब प्रतिभाया: प्रकाशिके॥

इह खलु कलिकलुषदु:खेन दु:खित: सर्व: मानव: सततं दु:खनिवृत्तिं परमपुरुषार्थं मोक्षं च वाञ्छति। एतदर्थं साङ्ख्याचार्या: दु:खनिवृत्त्यर्थं परमपुरुषार्थप्राप्त्यर्थं साङ्ख्यशास्त्र-मुपदिशन्ति। तत: दु:खत्रयाभिघातात् – दु:खानां त्रयं दु:खत्रयमाध्यात्मिकाधिभौतिका-धिदैविकरूपम्। वस्तुत: दु:खं तावद् द्विविधम् – बाह्यमाभ्यन्तरं चेति। तत्राध्यात्मिक-माभ्यन्तरमुच्यते। तच्च द्विविधम् – शारीरं मानसं चेति। शारीरं वातपित्तश्लेष्मणां वैषम्यनिमित्तं ज्वरातिसारादि:। मानसं कामक्रोधलोभभयेर्ष्यादिविषयविशेषादर्शननिबन्धनं प्रियवियोगाप्रियसंयोगादिरूपं वा। सर्वं चैतदान्तरोपायसाध्यत्वादाध्यात्मिकं दु:खमभिधीयते। बाह्योपायसाध्यं दु:खं द्विविधम् – आधिभौतिकाधिदैविकभेदात्। अनयो: आधिभौतिकं मानुषपशुपक्षिसरीसृपस्थावरनिमित्तम्, आधिदैविकञ्च यक्षराक्षसविनायकग्रहावेशनिबन्धन-मभ्युपगम्यत इति, अर्थात् देवानामिदं दैवं, दिव: प्रभवतीति वा तदधिकृत्य यदुपजायते शीतोष्णवातवर्षाऽशनिपातादिकमिति दैवं दु:खम्। एतेषां दु:खत्रयाणामभिघात:, तस्मात् हेतौ तदभिघातके = तस्य दु:खत्रयस्य 'उपसर्जनस्यापि बुद्ध्या सन्निकृष्टस्य तदा परामर्श:', अभिघातक:, तस्मै योऽसौ हेतु: तत्प्रतीति जिज्ञासा = ज्ञातुमिच्छा जायते। दृष्टे – यदि सा दृष्टेन = लौकिकेन प्रत्यक्षेण वोपायेन सिद्धा सति सा जिज्ञासा अपार्था = व्यर्था इति चेत्, यथा शारीरस्य आयुर्वेदशास्त्रक्रियया मानसस्य च मनोज्ञस्त्रीपानभोजनविलेपनवस्त्रालङ्कारादिभि: प्रियसमागमाप्रियपरिहारद्वारा, आधिभौतिकस्य रक्षादिना, आधिदैविकस्य च मणिमन्त्रोषधा-

दिभिः प्रतीकारः स्यादिति दृष्टोपायः व्यर्थ इति चेत् – न, ऐकान्ताऽत्यन्ततोऽभावात्। यतः एकान्तस्य भावः ऐकान्तमवश्यम्, अत्यन्ततः = नित्यमभिघातः, तस्य अभावः एकान्तो दुःखनिवृत्तेरवश्यम्भावः अत्यन्तनिवृत्तस्य तस्य दुःखस्य पुनरनुत्पादः, एतयोः एकान्तात्यन्तयोः अभाव वेति। यतः दृष्टेनोपायेन निवृत्तानां दुःखानां पुनरुत्पत्तिर्दृश्यते। अनेन महता खल्वपि प्रयत्नेन निवर्त्तिता व्याधयः पुनरुत्पद्यन्ते। उक्तञ्चापि - 'पुनर्ज्वरे समुत्पन्ने क्रिया पूर्वज्वरानुगा' इति। अत्र एकान्ताऽत्यन्ततः पञ्चम्यर्थो तसिल्, नापितु आद्याद्याकृतिगण (पा०अ० ५/४/४४) इति सूत्रात् 'षष्ठीस्थाने तसिः' इति युक्तम्, एवं दृष्टेनोपायेन इति, अतः सा जिज्ञासा न अपार्था व्यर्था वा, अतः कर्त्तव्या इत्यर्थः।

मङ्गलाद्यानि मङ्गलमध्यानि मङ्गलान्तानि च शास्त्राणि प्रथन्ते। अत अत्रापि ग्रन्थकारेण मङ्गलमाचरितं वर्त्तते। अत्राऽयं प्रश्नः समुदेति यत् दुःखममङ्गलं, तर्ह्यस्य शास्त्रादौ कथं प्रयोगः कृतः? अत्रोच्यते यत् – यद्यपि दुःखममङ्गलं तथापि तत्परिहारार्थत्वेन तदपघातो मङ्गलमेवेति युक्तं शास्त्रादौ तत्कीर्त्तनमिति॥१॥

गौडपादभाष्यम्

कपिलाय नमस्तस्मै येनाऽविद्योदधौ जगति मग्ने।
कारुण्यात्सांख्यमयी नौरिव विहिता प्रतरणाय॥
अल्पग्रन्थं स्पष्टं प्रमाणसिद्धान्तहेतुभिर्युक्तम्।
शास्त्रं शिष्यहिताय समासतोऽहं प्रवक्ष्यामि॥

दुःखत्रयेति। अस्या आर्यायाः उपोद्घातः क्रियते। इह भगवान् ब्रह्मसुतः कपिलो नाम। तद्यथा –

सनकश्च सनन्दश्च तृतीयश्च सनातनः।
आसुरिः कपिलश्चैव वोढुः पञ्चशिखस्तथा॥
इत्येते ब्रह्मणः पुत्राः सप्त प्रोक्ता महर्षयः।

कपिलस्य सहोत्पन्नानि धर्मो ज्ञानं वैराग्यमैश्वर्यञ्चेति, एवं स उत्पन्नः सन् अन्धे तमसि मज्जगदालोक्य, संसारपारम्पर्येण सत्कारुण्यो जिज्ञासमानाय आसुरिगोत्राय ब्रह्मणायेदं पञ्चविंशतितत्त्वानां ज्ञानमुक्तवान्, यस्य ज्ञानादुःखक्षयो भवति।

पञ्चविंशतितत्त्वज्ञो यत्र-तत्राश्रमे वसेत्।
जटी मुण्डी शिखी वापि मुच्यते नात्र संशयः॥

'प्रकृति के विपरीत स्वभाव वाला और सदृशरूप वाला' जो कहा गया है वह किस प्रकार से? इसके समाधान में कहते हैं कि – व्यक्त, जो महद् आदि कार्य है, वह – हेतु वाला है। इसका हेतु विद्यमान है, इसलिए हेतुवाला है, (यहाँ पर) उपादान, हेतु० कारण तथा निमित्त – ये सब पर्यायवाचक है। व्यक्ततत्त्व का प्रकृति हेतु है। अतः पाँच महाभूत पर्यन्त व्यक्ततत्त्व हेतुवाला है। प्रकृति के कारण बुद्धितत्त्व हेतुवाला है, बुद्धि के कारण अहङ्कार हेतुवाला है। पाँच तन्मात्र, ग्यारह इन्द्रियाँ अहङ्कार के कारण हेतुवाला है। आकाश शब्दतन्मात्र के कारण हेतुवाला है। वायु स्पर्शतन्मात्र के कारण हेतुवाला है। तेजस् रूपतन्मात्र के कारण हेतुवाला है। जल रसतन्मात्र के कारण हेतुवाला है। पृथिवी गन्धतन्मात्र के कारण हेतुवाला है। इस प्रकार पाँच महाभूतों तक व्यक्त हेतुवाला है। और फिर क्या है? अनित्य० अन्य से उत्पन्न होने के कारण (यह व्यक्ततत्त्व अनित्य है क्योंकि यत् उत्पद्यते तत् विनश्यते), जैसे मिट्टी के पिण्ड से घट उत्पन्न होता है, और वह अनित्य है। और फिर अव्यापि० सब जगह न रहने वाला है। जैसे – प्रधान और पुरुष सर्वत्र रहने वाले हैं, परन्तु व्यक्ततत्त्व नहीं है। और फिर (व्यक्ततत्त्व) सक्रिय है। संसार के समय संसरण करता है। तेरह प्रकार के करणों से संयुक्त होकर सूक्ष्म शरीर का आश्रय ग्रहण करते हुए संसरण करता है, अतः सक्रिय है। और फिर (व्यक्ततत्त्व) अनेक है। जैसे – बुद्धि, अहङ्कार, पाँच तन्मात्राएँ, ग्यारह इन्द्रियाँ और पाँच महाभूत है। और फिर (व्यक्ततत्त्व) आश्रित है। ये व्यक्ततत्त्व अपने कारण का आश्रय ग्रहण करते हैं। जैसे – बुद्धितत्त्व प्रधान तत्त्व में आश्रित है। अहङ्कार बुद्धितत्त्व में आश्रित है। ग्यारह इन्द्रियाँ और पाँच तन्मात्राएँ अहङ्कार में आश्रित है, पाँच महाभूत पाँच तन्मात्राओं में आश्रित है। और फिर (व्यक्ततत्त्व) लिङ्ग है। लय से युक्त। प्रलय के समय में पाँच महाभूत तन्मात्राओं में लीन हो जाते हैं, वे तन्मात्राएँ ग्यारह इन्द्रियों के साथ अहङ्कार में लीन हो जाती है। और वह (अहङ्कार) बुद्धि में लीन हो जाता है, और यह बुद्धि प्रकृति में लीन हो जाती है। वैसे (व्यक्ततत्त्व) सावयव है। अवयव जैसे – शब्द, स्पर्श, रूप, रस, गन्ध आदि, इनसे युक्त होना (अर्थात् व्यक्ततत्त्व इन अवयवों से युक्त होने से सावयव है)। और फिर परतन्त्र। दूसरे के अधीन होना। अपने आपसे उत्पन्न नहीं हो सकता। जैसे – प्रधान के अधीन बुद्धितत्त्व है। बुद्धितत्त्व के अधीन अहङ्कार है। अहङ्कार के अधीन तन्मात्र और इन्द्रियाँ, और तन्मात्राओं के अधीन पाँच महाभूत हैं। इस प्रकार परतन्त्र • किसी दूसरे के अधीन। इस प्रकार व्यक्ततत्त्व की व्याख्या कर दी गई।

(अब) इसके अनन्तर अव्यक्ततत्त्व की व्याख्या करेंगे। विपरीत० व्यक्त तत्त्व से विपरीत (स्वभाववाला) अव्यक्ततत्त्व है। उपर्युक्त इन गुणों से विपरीत अव्यक्त है। व्यक्ततत्त्व हेतुवाला कहा गया है। प्रधान से श्रेष्ठ कुछ नहीं है, अत: प्रकृति की किसी से उत्पत्ति नहीं हो सकती, इसलिए अव्यक्ततत्त्व हेतुवाला नहीं है। व्यक्ततत्त्व अनित्य है, किसी से उत्पन्न न होने के कारण अव्यक्ततत्त्व नित्य है। महाभूतों की भाँति यह किसी से उत्पन्न नहीं होता है, अव्यक्ततत्त्व • प्रधानतत्त्व नित्य है। और व्यक्ततत्त्व अव्यापि है, सर्वगत होने से अव्यक्ततत्त्व व्यापि है। व्यक्ततत्त्व सक्रिय है, सर्वत्र रहने के कारण, अव्यक्त तत्त्व अक्रिय, (अर्थात् क्रियाशील नहीं है)। तथा व्यक्ततत्त्व अनेक है, प्रधानतत्त्व (सबके) कारण होने से एक है। तीनों लोकों का प्रधान ही एकमात्र कारण है, अत: प्रधान एक है। तथा व्यक्ततत्त्व आश्रित है। किसी का कार्यरूप न होने से अव्यक्ततत्त्व अनाश्रित है। क्योंकि प्रधान से पर कुछ नहीं है, जिसका प्रधान कार्य हो (अत: प्रधान किसी पर आश्रित नहीं है)। तथा व्यक्ततत्त्व लिङ्ग है। नित्य होने से अव्यक्त अलिङ्ग है। क्योंकि महदादि लिङ्ग प्रलय के समय में परस्पर प्रकर्षरूप से (अपने कारण में) लीन हो जाते हैं, वैसा प्रधान नहीं है। अत: प्रधान अलिङ्ग है। तथा व्यक्ततत्त्व सावयव है, (परन्तु) अव्यक्ततत्त्व अवयव से रहित है। (क्योंकि) शब्द, स्पर्श, रस, रूप और गन्ध (आदि अवयव) प्रधान में नहीं है। तथा व्यक्ततत्त्व परतन्त्र है। अपने से उत्पन्न करने के कारण अव्यक्ततत्त्व स्वतन्त्र है॥१०॥

त्रिगुणमविवेकि विषय: सामान्यमचेतनं प्रसवधर्मि।
व्यक्तं तथा प्रधानं तद्विपरीतस्तथा च पुमान्॥११॥

अन्वय :- व्यक्तं तथा प्रधानं त्रिगुणम्, अविवेकि, विषय:, सामान्यम्, अचेतनम्, प्रसवधर्मि। पुमान् तद्विपरीत:, तथा च (इति भवति)।

अनुवाद :- व्यक्ततत्त्व (महदादि भूतान्त) तथा अव्यक्ततत्त्व (प्रकृति) त्रिगुण, अविवेकी, विषय, सामान्य, अचेतन, प्रसवधर्मि से युक्त है। और पुरुषतत्त्व इसके विपरीत स्वभाववाला तथा इसके समान धर्म वाला है।

नरहरि:

अत्र कारिकाकार: व्यक्ताव्यक्तयो: साधर्म्यं, पुरुषस्य तयो: वैधर्म्यं, प्रधानेन च सह पुरुषस्य साधर्म्यं प्रतिपादयति। व्यक्तं महदादि: तथा प्रधानम् = अव्यक्तम् इति प्रकृतिसरूपमिति कार्यम्। त्रिगुणम् = सत्त्वरजस्तमांसि, त्रयो गुणा: यस्येति। यदात्मकं कारणं तदात्मकं कार्यमिति न्यायादव्यक्तस्य त्रिगुणात्मकत्वात् तत्कार्यस्य व्यक्तस्य त्रिगुणात्मकत्वं सिद्ध्यति। अविवेकि = विवेकज्ञानकर्त्तुमसामर्थ्यम्। प्रधानपुरुषयो: मध्ये विवेको वा। विषय: = सर्वपुरुषविषयभूतत्वात्, भोग्यत्वाद्वा। सामान्यम् – साधारणम्, अनेकै: पुरुषैर्गृहीतत्वादित्यर्थ:। अचेतनम् – न चेतनमिति, सुखदु:खमोहान् न चेतयति। प्रसवधर्मि – प्रसवो धर्मो यस्य – तत्त्वान्तरोत्पन्नत्वात् पुमान् पुरुष: तद्विपरीत: – ताभ्यां व्यक्ताव्यक्ताभ्यां विपरीत:, यथा अत्रिगुणं गुणरहितं वा। विवेकी – पुरुष: अविषय:, न कस्यचित् भोग्य: पुरुष:, विशेष: असामान्यं वा। चेतनं सुखदु:खमोहान् चेतयतीत्यर्थ। अप्रसवधर्मि – न किञ्चित् पुरुषात् प्रसूयत इति। तथा च – प्रकृति सरूपमिति, अहेतुमदित्यादि:। यथा – प्रधानम् अहेतुमद्, नित्यं, व्यापि, अक्रियम्, एकम्, निराश्रितम्, अलिङ्गम्, निरवयवम्, स्वतन्त्रं – तद्वत् पुरुषोऽपि सिद्ध्यतीति॥११॥

गौडपादभाष्यम्

एवं व्यक्ताऽव्यक्तयोर्वैधर्म्यमुक्तं, साधर्म्यमुच्यते। यदुक्तं 'सरूपं च'। **त्रिगुणं** व्यक्तं, सत्त्वरजस्तमांसि त्रयो गुणा: यस्येति। **अविवेकि** व्यक्तं = न विवेकोऽस्यास्तीति। इदं व्यक्तमिमे गुणा इति न विवेकं कर्त्तुं याति, इयं गौरयमश्व इति यथा। ये गुणास्तद्व्यक्त, यद्व्यक्तं ते च गुणा इति। तथा **विषयो** व्यक्तं, भोग्यमित्यर्थ:, सर्वपुरुषाणां विषयभूतत्वात्। तथा **सामान्यं** व्यक्तं, मूल्यदासीवत् सर्वसाधारणत्वात्। **अचेतनं** व्यक्तं, सुखदु:खमोहान्न चेतयतीत्यर्थ:। तथा **प्रसवधर्मि** व्यक्तम्। तद्यथा – बुद्धेरहङ्कार: प्रसूयते, तस्मात् पञ्चतन्मात्राणि, एकादशेन्द्रियाणि च प्रसूयन्ते, तन्मात्रेभ्य: पञ्चमहाभूतानि। एतमेते व्यक्तधर्मा: प्रसवधर्मान्ता उक्ता: एवमेभिरव्यक्तं सरूपं, यथा व्यक्तं तथा प्रधानमिति। तत्र त्रिगुणं व्यक्तमव्यक्तमपि त्रिगुणं, यस्यैतन्महदादिकार्यं त्रिगुणम्। इह यदात्मकं कारणं तदात्मकं कार्यमिति। यथा कृष्णतन्तुकृत: कृष्ण एव पटो भवति। तथा अविवेकि व्यक्तं, प्रधानमपि गुणैर्न भिद्यते, अन्ये गुणा:, अन्यत् प्रधानमेवं विवेकं याति। तदविवेकि प्रधानम्। तथा विषयो व्यक्तं, प्रधानमपि सर्वपुरुषविषयभूतत्वात् विषय इति। यथा सामान्यं व्यक्तं, प्रधानमपि, सर्वसाधारणत्वात्। तथाऽचेतनं व्यक्तं, प्रधानमपि सुखदु:खमोहान्न चेतयतीति। कथमनुमीयते? इह ह्यचेतनान्मृत्पिण्डादचेतनो घट उत्पद्यते। तथा प्रसवधर्मि व्यक्तं, प्रधानमपि प्रसवधर्मि। यत: प्रधानाद् बुद्धिरुत्पद्यते। एवं प्रधानमपि व्याख्यातम्।

इदानीं **तद्विपरीतस्तथा च पुमानि**त्येतद् व्याख्यायते। तद्विपरीत: ताभ्यां = व्यक्ताव्यक्ताभ्यां विपरीत: पुमान्। तद्यथा त्रिगुणं व्यक्तमव्यक्तं च, अगुण: पुरुष:। अविवेकि व्यक्तमव्यक्तं च, विवेकी पुरुष:। तथा विषयो व्यक्तमव्यक्तं च, अविषय: पुरुष:। तथा सामान्यं व्यक्तमव्यक्तं च, असामान्य: पुरुष:। अचेतनं व्यक्तमव्यक्तं च, चेतन: पुरुष:। सुखदु:खमोहान् चेतयति = सञ्जानीते तस्माच्चेतन: पुरुष इति। प्रसवधर्मि व्यक्तं प्रधानं च, अप्रसवधर्मि

ISBN No. : 978-81-217-0247-8

पुरुषः, न हि किञ्चित् पुरुषात् प्रसूयते। तस्माद्युक्तं तद्विपरीतः पुमानिति। तदुक्तं तथा च पुमान् इति। यत् पूर्वस्यामार्यायां प्रधानमहेतुमद्यथा व्याख्यातं तथा पुमान्। तद्यथा हेतुमदनित्यमित्यादि व्यक्तं, तद्विपरीतमव्यक्तं, तत्र हेतुमद् व्यक्तमहेतुमत् प्रधानं, तथा च पुमान् अहेतुमान्, अनुत्पाद्यत्वात्। अनित्यं व्यक्तं, नित्यं प्रधानं, तथा च नित्यः पुमान्। अव्यापि व्यक्तं, व्यापि प्रधानम्, तथा च व्यापी पुमान्, सर्वगतत्वात्। सक्रियं व्यक्तमक्रियं प्रधानम्, तथा च पुमानक्रियः सर्वगतत्वादेव। अनेकं व्यक्तमेकमव्यक्तं, तथा च पुमानप्येकः। आश्रितं व्यक्तमनाश्रितमव्यक्तं, तथा च पुमाननाश्रितः। लिङ्गं व्यक्तमलिङ्गं प्रधानं, तथा पुमानप्यलिङ्गं, न क्वचिल्लीयत इति। सावयवं व्यक्तं, निरवयवमव्यक्तं, तथा च पुमान् निरवयवः, न हि पुरुषे शब्दादयोऽवयवाः सन्ति। किञ्च परतन्त्रं व्यक्तं, स्वतन्त्रमव्यक्तं, तथा च पुमानपि स्वतन्त्रः, आत्मनः प्रभवतीत्यर्थः॥११॥

भाष्यानुवादः

इस प्रकार (पूर्वोक्त कारिका से) व्यक्त और अव्यक्त का वैधर्म्य (विपरीत धर्म) कह दिया गया, (अब उनके) साधर्म्य (सदृश धर्म) को कह रहे हैं। जो कहा गया है सरूपं च० अर्थात् समानरूप वाला है। व्यक्ततत्त्व त्रिगुणात्मक है। क्योंकि सत्त्व, रजस् और तमस् – ये तीनों गुण इसके होते हैं। व्यक्ततत्त्व अविवेकी है, अर्थात् इसका विवेक नहीं है। क्योंकि ये व्यक्ततत्त्व हैं तथा ये गुण हैं – इस प्रकार विवेकज्ञान करने के लिए नहीं जाता है। जैसे – यह गाय है, यह अश्व है, जो गुण है वह व्यक्त है। और जो व्यक्त है वह गुण है। तथा व्यक्ततत्त्व (उपभोग के) विषय है अर्थात् भोग्य है। क्योंकि यह समस्त पुरुषों के (उपभोग के) विषयभूत होता है। तथा व्यक्ततत्त्व सामान्य है, क्योंकि यह कुछ मूल्य से खरीदी हुई दासी की तरह सबसे साधारणतया उपभोग्य है। व्यक्ततत्त्व अचेतन (जड़) है, यह सुख, दुःख और मोह से चेतना नहीं पाता है। व्यक्ततत्त्व अचेतन (जड़) है, यह सुख, दुःख और मोह से चेतना नहीं पाता है। व्यक्ततत्त्व प्रसवरूप धर्म से युक्त है। वह जैसे बुद्धि से अहङ्कार उत्पन्न होता है, उससे पाँच तन्मात्राएँ और ग्यारह इन्द्रियाँ (उत्पन्न होते) हैं। तथा तन्मात्राओं से पाँच महाभूत उत्पन्न होते हैं। इस प्रकार से ये व्यक्ततत्त्व प्रसवधर्म से युक्त है – यह कहा गया है। इस प्रकार इन (युक्तियों) से व्यक्ततत्त्व समानधर्मवाला है। जिस प्रकार व्यक्ततत्त्व है, उसी प्रकार प्रधानतत्त्व है। उसमें व्यक्ततत्त्व त्रिगुणवाला है, अतः अव्यक्त भी त्रिगुणात्मक है। अर्थात् इस अव्यक्ततत्त्व का कार्य महद् आदि त्रिगुणात्मक है। क्योंकि इस संसार में जिस स्वरूपवाला कारण होता है, उसी स्वरूपवाला कार्य होता है। जैसे – कृष्ण तन्तु से किया हुआ पट कृष्ण ही होता है। तथा व्यक्ततत्त्व अविवेकी है, प्रधानतत्त्व भी गुणों से भिन्न नहीं है। गुण अन्य है, और प्रधान तत्त्व अन्य (उससे भिन्न) है इस प्रकार का विवेचन (ज्ञान) नहीं होता है। इसलिए प्रधान अविवेकी है। तथा व्यक्ततत्त्व विषय है, प्रधान भी समस्त पुरुषों के उपभोग के विषयभूत होने से विषय है। तथा व्यक्ततत्त्व अचेतन है, प्रधान भी अचेतन है। क्योंकि यह सुख, दुःख और मोह का चैतन्य (विवेकज्ञान) नहीं कर सकता। (अब इस पर कहते हैं कि इस ज्ञान का) अनुमान किस प्रकार किया जाता है? (इसके उत्तर में कहा जाता है कि) इस संसार में अचेतन मिट्टी के पिण्ड से अचेतन (जड़) घड़ा ही उत्पन्न होता है। तथा व्यक्ततत्त्व प्रसवधर्मि है, प्रधानतत्त्व भी प्रसवधर्मित्व गुण से युक्त है। क्योंकि इस प्रधानतत्त्व से बुद्धि उत्पन्न होती है (बुद्धितत्त्व को प्रसव करने से)। इस प्रकार प्रधान की भी व्याख्या कर दी गयी।

अब तद्विपरीतस्तथा च पुमान् (इसकी व्याख्या की जा रही है)। तद्विपरीत०। उस दोनों व्यक्त-अव्यक्तों से विपरीत (धर्मवाला) पुरुषतत्त्व है। वह जैसे व्यक्त और अव्यक्त तत्त्व त्रिगुणात्मक है, पुरुष अगुण (त्रिगुण से रहित) है। व्यक्त और अव्यक्त तत्त्व अविवेकी है, पुरुष विवेकी (विवेक से युक्त रहता) है। व्यक्त और अव्यक्त तत्त्व विषय है, पुरुष तत्त्व अविषय (किसी का उपभोग साधन नहीं होता) है। तथा व्यक्त और अव्यक्त सामान्य है, पुरुष तत्त्व असामान्य (सर्वसाधारण नहीं) है। व्यक्त और अव्यक्त अचेतन है, पुरुष चेतन है। सुख, दुःख और मोह का ज्ञान करता है। इसलिए पुरुष चेतन है। व्यक्त और अव्यक्त प्रसवधर्मि है, पुरुष तत्त्व अप्रसवधर्मि है। क्योंकि पुरुष से कुछ भी प्रसूत (उत्पन्न) नहीं होता है। इसलिए कहा गया है कि उसके (व्यक्त और अव्यक्त के) विपरीत (स्वरूप वाला) पुरुष तत्त्व है। और कहा गया है कि तथा च० जैसे पूर्व की आर्या में प्रधानतत्त्व की अहेतुमत्ता बताया गया है, उसी प्रकार पुरुष तत्त्व है। वह जैसे – हेतुमत्, अनित्य आदि व्यक्ततत्त्व है, (इनके) विपरीत अव्यक्त है, उसमें हेतुमत् व्यक्त है, अतः प्रधान अहेतुमान् है और उसी प्रकार पुरुषतत्त्व भी अहेतुमान् है। क्योंकि यह किसी से उत्पन्न नहीं होता है। व्यक्त अनित्य है, अव्यक्त नित्य है, और उसी प्रकार पुरुषतत्त्व नित्य है। व्यक्त अव्यापि है, अव्यक्त व्यापि है, और उसी प्रकार पुरुषतत्त्व भी व्यापि है, सर्वत्र रहने के कारण। व्यक्ततत्त्व सक्रिय है, निष्क्रिय प्रधान है। और उसी प्रकार पुरुषतत्त्व सर्वत्र रहने के कारण निष्क्रिय है। व्यक्ततत्त्व अनेक है, अव्यक्ततत्त्व एक है। और उसी प्रकार पुरुषतत्त्व भी एक है। व्यक्ततत्त्व आश्रित है, अव्यक्ततत्त्व अनाश्रित है। और पुरुषतत्त्व भी अनाश्रित (किसी अन्य का आश्रय ग्रहण नहीं करता) है। व्यक्ततत्त्व लिङ्ग है, प्रधानतत्त्व अलिङ्ग है। और उसी प्रकार पुरुषतत्त्व भी अलिङ्ग है, यह किसी में लयभाव को प्राप्त नहीं करता है।

ISBN No. : 978-81-217-0247-8

व्यक्ततत्त्व सावयव है, प्रधान निरवयव है। और उसी प्रकार पुरुषतत्त्व भी अवयव से रहित है। (क्योंकि) इस पुरुष में शब्द आदि अवयव नहीं होते हैं। और फिर व्यक्ततत्त्व परतन्त्र है, अव्यक्ततत्त्व स्वतन्त्र है। और उसी प्रकार पुरुषतत्त्व स्वतन्त्र है। अर्थात् अपने से समर्थ है॥११॥

चित्रम् :-

प्रीत्यप्रीतिविषादात्मकाः प्रकाशप्रवृत्तिनियमार्थाः।
अन्योऽन्याभिभवाश्रयजननमिथुनवृत्तयश्च गुणाः॥१२॥

अन्वय :- गुणाः प्रीत्यप्रीतिविषादात्मकाः, प्रकाशप्रवृत्तिनियमार्थाः, अन्योऽन्याभिभवाश्रयजननमिथुनवृत्तयः च गुणाः (भवन्ति)।

अनुवाद :- वक्ष्यमाण सत्त्वगुण, रजोगुण और तमोगुण क्रम से प्रीति = सुख, अप्रीति = दुःख और विषाद = मोह स्वरूपवाले हैं। तथा प्रकाश, प्रवृत्ति और नियमन करने वाले हैं। और ये तीनों गुण परस्पर एक दूसरे का अभिभव, आश्रय, जनन, परस्परसहाय और वृत्ति वाले होते हैं।

नरहरिः

गुणाः सत्त्वरजस्तमांसीत्यर्थः, प्रीत्यप्रीतिविषादात्मकाः भवन्ति। प्रीतिः च अप्रीतिः च विषादश्च प्रीत्यप्रीतिविषादाः - तदात्मकाः प्रीत्यप्रीतिविषादात्मकाः। अत्रात्मशब्दस्य प्रत्येकं योगः, द्वन्द्वान्ते श्रूयमाणे पदं प्रत्येकमभिसम्बन्ध्यत इति न्यायात्, तेन प्रीत्यात्मकः, अप्रीत्यात्मकः, विषादात्मकश्चेति। प्रीतिः = सुखमात्मा भावो सद्रूपार्थवाचको वा। यस्य प्रीत्यात्मकः सत्त्वगुणः, अप्रीतिः = दुःखमात्मा यस्य अप्रीत्यात्मकः रजोगुणः, विषादः = मोहः आत्मा यस्य स तमोगुण इति। प्रकाशप्रवृत्तिनियमार्थाः - प्रकाशार्थं प्रवृत्त्यर्थं नियमार्थं चेति। अत्रार्थशब्दः सामर्थ्यवाची। तेन प्रकाशसमर्थं सत्त्वं, प्रवृत्तिसमर्थं रजोगुणः, स्थितौ समर्थं तमस् इति। अर्थशब्दस्तु प्रयोजकपरः इति वाचस्पतिः। अन्योऽन्याऽभिभवाश्रयजननमिथुनवृत्तयः च – अन्योऽन्याभिभवाः, अन्योऽन्याश्रयाः, अन्योऽन्यजननाः, अन्योऽन्यमिथुनाः, अन्योऽन्यवृत्तयश्च, ते तथोक्ताः। अन्योऽन्याभिभवाः - अन्यः अन्यतमं परस्परं वा आभिभवन्तीति स्वप्रीत्यप्रीत्यादिधर्मैः। यथा यदा सत्त्वमुत्कटं भवति, तदा रजस्तमस्याभिभूय स्वगुणेन प्रीत्यात्मकेन तिष्ठति, एवम्। अन्योऽन्याश्रयाः - अन्यः अन्यतममाश्रयति इति। यथा द्व्यणुकाः परस्परमाश्रयन्ति। एते त्रयो गुणाः परस्परमाश्रयन्ति। अन्योऽन्यजननाः - अन्यः अन्यतमं जनयति। जननमत्र परिणामः। यथा मृत्पिण्डो घटं जनयति। अन्योऽन्यमिथुनाः - अन्यः अन्येन सहचराः, परस्परसहायाः वा। यथा स्त्रीपुंसौ। अन्योऽन्यवृत्तयः - अन्यः अन्यस्मिन् तिष्ठतीति। परस्परं वर्त्तन्ते वा गुणाः। यथा एकस्यां स्त्रियां पत्युः सर्वसुखहेतुरूपसत्त्वगुणः, सपत्नीदुःखहेतु-रूपः रजोगुणः, रागिमोहहेतुरूपः तमोगुणः तिष्ठतीति। अत्र वाचस्पत्यादिष्टीकाकाराः वृत्तिशब्दस्य क्रियापरत्वे व्यापारपरत्वे वाऽर्थे प्रयोगं स्वीकृत्य तस्य प्रत्येकमन्वयं योजयन्ति। तेन गुणानां व्यापारो चतुर्प्रकारेण जायते॥१२॥

गौडपादभाष्यम्

एवमेतदव्यक्तपुरुषयोः साधर्म्यं व्याख्यातं पूर्वस्यामार्यायाम्। व्यक्तप्रधानयोः साधर्म्यं पुरुषस्य वैधर्म्यं च त्रिगुणमविवेकी-त्यादि प्रकृताऽऽर्यायां व्याख्यातम्। तत्र यदुक्तं 'त्रिगुणमिति व्यक्तमव्यक्तं च', तत् के ते गुणा इति? तत्स्वरूपप्रतिपादनायेद-माह – प्रीत्यात्मका, अप्रीत्यात्मका, विषादात्मकाश्च गुणाः सत्त्वरजस्तमांसीत्यर्थः। तत्र प्रीत्यात्मकं सत्त्वम्। प्रीतिः = सुखं, तदात्मकमिति। अप्रीत्यात्मकं रजः, अप्रीतिर्दुःखम्। विषादात्मकं तमः, विषादो = मोहः। तथा प्रकाशप्रवृत्तिनियमार्थाः। अर्थशब्दः सामर्थ्यवाची। प्रकाशार्थं सत्त्वं, प्रकाशसमर्थमित्यर्थः। प्रवृत्त्यर्थं रजः, प्रवृत्तिसमर्थमित्यर्थः। नियमार्थं तमः, स्थितौ समर्थमित्यर्थः। प्रकाशक्रियास्थितिशीलाः गुणा इति। तथा **अन्योऽन्याभिभवाश्रयजनन-**

ISBN No. : 978-81-217-0247-8

मिथुनवृत्तयश्च। अन्योऽन्याभिभवा:, अन्योऽन्याश्रया:, अन्योऽन्यजनना:, अन्योऽन्यमिथुना:, अन्योऽन्यवृत्तयश्च ते तथोक्ता:। अन्योऽन्याभिभवा इति। अन्योऽन्यं परस्परमभिभवन्तीति, प्रीत्यप्रीत्यादिभिर्धर्मैराभिर्भवन्ति। यथा – यदा सत्त्वमुत्कटं भवति, तदा रजस्तमसी अभिभूय स्वगुणेन प्रीतिप्रकाशात्मकेनावतिष्ठते। यदा रजस्तदा सत्त्वतमसी अप्रीतिप्रवृत्त्यात्मना धर्मेण। यदा तमस्तदा सत्त्वरजसी विषादस्थित्या-त्मकेन इति। तथाऽन्योन्याश्रयाश्च द्व्यणुकवद् गुणा:। अन्योऽन्यजनना:, यथा – मृत्पिण्डो घटं जनयति। तथा अन्योऽन्यमिथुनाश्च, यथा – स्त्रीपुंसौ अन्योऽन्यमिथुनौ, तथा गुणा:। उक्तञ्च –

अन्योऽन्यमिथुना: सर्वे सर्वे सर्वत्र गामिन:।
रजसो मिथुनं सत्त्वं सत्त्वस्य मिथुनं रज:॥
तमश्चापि मिथुने ते सत्त्वरजसी उभे।
उभयो: सत्त्वरजसोर्मिथुनं तम उच्यते॥
नैषमादि: सम्प्रयोगो वियोगो वोपलभ्यते॥

परस्परसहाया इत्यर्थ:। अन्योऽन्यवृत्तयश्च, परस्परं वर्त्तन्ते, 'गुणा: गुणेषु वर्त्तन्त' इति वचनात्। यथा सुरूपा सुशीला स्त्री (पत्यु:) सर्वसुखहेतु:, सपत्नीनां सैव दु:खहेतु:, सैव रागिणां मोहं जनयति। एवं सत्त्वं रजस्तमसोर्वृत्तिहेतु:। यथा राजा सदोद्युक्त: प्रजापालने, दुष्टनिग्रहेण शिष्टानां सुखमुत्पादयति, दुष्टानां दु:खं मोहञ्च। एवं रज: सत्त्वतमसोर्वृत्तिं जनयति। तथा तम: स्वरूपेणावरणात्मकेन सत्त्वरजसोर्वृत्तिं जनयति, यथा मेघा: खमावृत्य जगत: सुखमुत्पादयन्ति, ते वृष्ट्या कर्षकाणां कर्षणोद्योगं जनयन्ति, विरहिणां मोहम्। एवमन्योऽन्यवृत्तयो गुणा:॥१२॥

भाष्यानुवाद:

इस प्रकार अव्यक्ततत्त्व और पुरुषतत्त्व – इन दोनों के साधर्म्य का पूर्व की कारिका में व्याख्या कर दी गई है। व्यक्त तथा प्रधान का साधर्म्य और पुरुष का वैधर्म्य - यह त्रिगुण इस प्रकृत कारिका में व्याख्यात है। उसमें जो कहा गया है कि व्यक्त और अव्यक्त त्रिगुणात्मक है, वे गुण कौन से गुण है? उसके स्वरूप बताने के लिए कहते हैं – प्रीतिस्वरूपवाला, अप्रीतिस्वरूपवाला और विषादस्वरूपवाला गुण है, अर्थात् सत्त्व, रजस् और तमस् है। उनमें से प्रीतिस्वरूपवाला सत्त्वगुण है। अर्थात् प्रीति • सुख, उस स्वभाववाला। अप्रीतिस्वरूपवाला रजोगुण है। अर्थात् अप्रीति • दु:ख (उस स्वभाववाला)। विषादस्वरूपवाला तमोगुण है, अर्थात् विषाद • मोह (उस स्वभाववाला)। तथा प्रकाश० (यहाँ पर) अर्थशब्द सामर्थ्यवाची है। प्रकाश के लिए सत्त्वगुण है, अर्थात् प्रकाश में समर्थ होना है। प्रवृत्ति में समर्थ होना रजोगुण है। स्थिति में समर्थ होना तमोगुण का स्वरूप है। प्रकाश-क्रिया-स्थिति-स्वभाववाला (सत्त्वादि) गुण है। तथा अन्योऽन्या० ये गुण परस्पर को अभिभव करने वाले, एक दूसरे का आश्रय ग्रहण करने वाले, एक दूसरे को उत्पन्न करने वाले, एक दूसरे के साथ रहने वाले, और एक दूसरे में रहने वाले हैं। अन्योऽन्याभिभव० प्रीति, अप्रीति आदि धर्मों से अन्य – अन्य को • परस्पर को (एक दूसरे को) अभिभूत करते हैं, जैसे – जब सत्त्वगुण उत्कट होता है, तब रजोगुण और तमोगुण को अभिभूत करके अपने स्वभाव सुख, प्रकाश स्वरूप से रहता है। जब रजोगुण (उत्कटता को प्राप्त करता है) तब सत्त्वगुण और तमोगुण अप्रीति • दु:ख तथा प्रवृत्ति स्वरूपवाला धर्म से (अभिभूत हो जाता है)। जब तमोगुण (उत्कटता को प्राप्त करता है) तब (वह) सत्त्वगुण और रजोगुण को (अपने) विषाद • मोह तथा स्थिति स्वभाववाला धर्म से अभिभूत करता है। तथा द्व्यणुक की तरह (ये सत्त्वादि गुण) एक दूसरे का आश्रय ग्रहण करते हैं। एक दूसरे को उत्पन्न करना जैसे मिट्टी का पिण्ड घड़े को उत्पन्न करता है। और अन्योऽन्यमिथुन० जैसे स्त्री और पुरुष एक दूसरे के साथ रहते हैं, वैसे ही (सत्त्वादि) गुण भी हैं। कहा भी गया है कि –

अन्योऽन्यमिथुना: सर्वे सर्वे सर्वत्र गामिन:।
रजसो मिथुनं सत्त्वं सत्त्वस्य मिथुनं रज:॥
तमसश्चापि मिथुने ते सत्त्वरजसी उभे।
उभयो: सत्त्वरजसोर्मिथुनं तम उच्यते॥
नैषामादि: सम्प्रयोगो वियोगो वोपलभ्यते॥

अर्थात् 'ये गुण एक दूसरे के साथ रहने वाले तथा सब सर्वत्र जाने वाले हैं। रजोगुण के साथ सत्त्वगुण रहता है तथा सत्त्वगुण रजोगुण के साथ रहता है। और तमोगुण भी सत्त्वगुण तथा रजोगुण – उभय के साथ रहता है। दोनों सत्त्वगुण और रजोगुण साथ रहकर तमोगुण कहा जाता है। इनका आदि सम्प्रयोग (संयोग) अथवा वियोग (विभाग) उपलब्ध होता है।'

अर्थात् (ये गुण) परस्पर सहायक होते हैं। और अन्योऽन्यवृत्तय:० परस्पर (एक दूसरे) में रहते हैं। कहा गया है कि गुण गुणों में रहते हैं। जैसे – सुन्दर रूप, सुन्दर स्वभाव (चरित्र) से युक्त स्त्री (पति के लिए) समस्त सुख का कारण है, वही सपत्नियों के दु:ख का कारण है, और वह ही (स्त्री उसके प्रति) आसक्त पुरुष के मोह को उत्पन्न करती है। इस प्रकार सत्त्वगुण, रजोगुण तथा तमोगुण की वृत्ति (में हेतु) है। जैसे – राजा प्रजा के

ISBN No. : 978-81-217-0247-8

पालन में सदा तत्पर रहता है। (वह) दुष्टों के निग्रह के द्वारा शिष्टों के सुख को, दुष्टों के दु:ख और मोह को उत्पन्न करता है। इस प्रकार रजोगुण सत्त्वगुण और तमोगुण के व्यापार को उत्पन्न करता है। तथा तमोगुण अपने आवरणात्मक स्वरूप से सत्त्वगुण और रजोगुण की वृत्ति को उत्पन्न करता है। उसी प्रकार तमोगुण अपने आवरण वाला स्वरूप से सत्त्व और रजो वृत्ति को उत्पन्न करता है। जैसे – मेध आकाश को आवृत्त करते हुए जगत् का सुख उत्पन्न करता है, वह मेध कृषकों के लिए कर्षण योग्य भूमि को बनाते हैं, विरहियों को मोह देता है। इस प्रकार (सत्त्वादि गुण) अन्योऽन्यवृत्ति वाले हैं।।१२।।

सत्त्वं लघु प्रकाशकमिष्टमुपष्टम्भकं चलञ्च रजः।
गुरु वरणकमेव तमः प्रदीपवच्चाऽर्थतो वृत्तिः।।१३।।

अन्वय :- सत्त्वं लघु प्रकाशकम् (भवति), रजः उपष्टम्भकं चलं (भवति), तमः च गुरु वरणकम् (भवतीति) इष्टम् एव। प्रदीपवत् च वृत्तिः अर्थतः (जायते)।

अनुवाद :- सत्त्वगुण लघु तथा प्रकाश करने वाला है, रजोगुण उत्तेजक और चञ्चल स्वभाव वाला है, और तमोगुण गुरु तथा आवरण (नियमन) करने वाला है – यह साङ्ख्यमत में अभीष्ट है। दीपक की तरह इन तीनों गुणों की वृत्ति पुरुषार्थ (भोग और अपवर्ग) के लिए है।

नरहरिः

सत्त्वं सत्त्वगुणः लघुः = लाघवस्वरूपम्, अङ्गानां लघुत्वं वा प्रकाशकं बुद्धेः प्रकाश इति इष्टम् = अभीष्टम् स्वीकृतं वा। रजः = रजोगुणः उपष्टम्भकमुपष्टभ्नातीति उपष्टम्भकम् = उद्योतकमुत्तेजकं वा। यथा वृषः वृषदर्शनेन उत्कटमुपष्टम्भं करोति। चलं चलचञ्चलं सक्रियं दृष्टम्। तमः = तमोगुणः गुरु तमसः उत्कटत्वे गुरुण्यङ्गानि, वरणकमावृत्तानीन्द्रियाणि स्वार्थाऽसमर्थानि भवन्ति। ननु यदि एते परस्परविरोधशीलाः गुणाः तर्हि कथमेतेषामेकक्रियाकर्तृत्वं प्रतिपाद्यत? उच्यते – प्रदीपवद् = प्रदीपेन तुल्यमिति। यथा प्रदीपः परस्परविरुद्धतैलाग्निवर्त्तियोगाद् अर्थप्रकाशाञ्जनयति तथा सत्त्वरजस्तमांसि परस्परं विरुद्धान्यर्थं शरीरधारणलक्षणकार्यकारिरूपाण्यनुवर्त्स्यन्ति स्वकार्यं च वृत्तिः = व्यापारं सम्पादयन्ति। कथमिति? उच्यते – अर्थतः = पुरुषार्थत इति। अर्थः द्विविधः - भोगः अपवर्गश्च। तत्र तावद् भोगः शब्दाद्युपलब्धिः, अपवर्गश्च गुणपुरुषान्तरोपलब्धिः। एवं पुरुषार्थसाधनाय वृत्तिरिष्टा। अग्रे वक्ष्यति कारिकाकारः यथा - 'पुरुषार्थ एव हेतुर्न केनचित् कार्यते करणम्'।।१३।।

गौडपादभाष्यम्

किञ्चान्यत् **सत्त्वं लघु प्रकाशकञ्च**। यदा सत्त्वमुत्कटं भवति, तदा लघून्यङ्गानि, बुद्धिप्रकाशशश्च, प्रसन्नतेन्द्रियाणां भवति। **उपष्टम्भकं चलञ्च रजः**। उपष्टभ्नातीत्युपष्टम्भकमुद्योतकं। यथा वृषो वृषदर्शनेन उत्कटमुपष्टम्भं करोति, एवं रजोवृत्तिः। तथा रजश्च चलं दृष्टं, रजोवृत्तिश्चलचित्तो भवति। **गुरु वरणकमेव तमः**। यदा तम उत्कटं भवति, तदा गुरुण्यङ्गानि, आवृत्तानीन्द्रियाणि भवन्ति, स्वार्थाऽसमर्थानि। अत्राह – यदि गुणाः परस्परं विरुद्धाः तर्हि कथं स्वमतेनैकमर्थं निष्पादयन्ति? **प्रदीपवच्चार्थतो वृत्तिः**। प्रदीपेन तुल्यं प्रदीपवत्, अर्थतः – अर्थसाधनाय वृत्तिरिष्टा। यदा प्रदीपः परस्परविरुद्धतैलाग्निवर्त्ति-संयोगादर्थप्रकाशाञ्जनयति, एवं सत्त्वरजस्तमांसि परस्परं विरुद्धान्यर्थं निष्पादयन्ति।।१३।।

भाष्यानुवादः

सत्त्वगुण लघु और प्रकाश वाला है। जब सत्त्वगुण उत्कट होता है, तब अङ्ग हल्के, बुद्धि का प्रकाश और इन्द्रियों की प्रसन्नता हो जाती है। रजोगुण उत्तेजक और क्रियाशील वाला है। जो उपष्टम्भन करता है, वह उपष्टम्भक है। जैसे – एक वृषभ अपर वृषभ के दर्शन से अत्यन्त उत्तेजित हो जाता है। इस प्रकार रजोगुण का व्यापार (वृत्ति) है। जब तमोगुण उत्कट होता है, तब अङ्ग भारी, इन्द्रियाँ आबद्धित तथा अपने अर्थ के निष्पादन में असमर्थ हो जाती हैं। यहाँ पर कहा गया है कि यदि सब गुण परस्पर विरुद्ध (विपरीत स्वभाव वाला) हैं, तो कैसे अपने (साङ्ख्य) मत में अर्थ का निष्पादन करते हैं? (इसके उत्तर में कहा गया है कि) प्रदीपवद्० दीपक के साथ तुल्य – प्रदीपवत् (दीपक के सदृश) अर्थतः० विषय की सिद्धि हेतु ये वृत्तियाँ इष्ट • अभीष्ट है। जैसे – प्रदीप परस्पर विपरीत स्वभाव वाले तैल, अग्नि और वर्त्ति के संयोग से विषय (घट, पटादि पदार्थो) का प्रकाश करता है, उसी प्रकार सत्त्वगुण, रजोगुण और तमोगुण परस्पर विरुद्ध स्वभाववाले होने पर भी विषय का सम्पादन करते हैं।।१३।।

अविवेक्यादिः सिद्धस्त्रैगुण्यात्तद्विपर्ययाऽभावात्।
कारणगुणात्मकत्वात् कार्यस्याऽव्यक्तमपि सिद्धम्।।१४।।

अन्वय :- अविवेक्यादिः सिद्धः, (कथम्?) त्रैगुण्यात्, तद्विपर्ययाभावात्। कार्यस्य अव्यक्तमपि कारणगुणात्मकत्वात् सिद्धम्।

अनुवाद :- उपर्युक्त अविवेकी आदि स्वरूप महदादि में सिद्ध होते हैं, त्रिगुणात्मक होने से तथा उसके (अव्यक्त) विपर्यय का अभाव हो जाने से। और कार्य का कारणगुणात्मक होने से अव्यक्त तत्त्व भी सिद्ध हो जाता है।

ISBN No. : 978-81-217-0247-8

नरहरिः

अविवेक्यादिः - अविवेकित्वमविवेकि, अविवेक आदौ यस्य समुदायस्य, अविवेकि, विषयः, सामान्यम्, अचेतनम्, प्रसवधर्मि चेति। सिद्धः = सिद्ध्यति। कथम्? त्रैगुण्यात् – त्रिगुणस्य भावः, तस्मादिति। महदादौ व्यक्तेनाऽयं सिद्ध्यति। पुनः तद्विपर्ययाभावात् – तस्य अविवेक्यादेः विपर्ययः, तद्विपर्ययः, तस्याभावः तद्विपर्ययाभावः, तस्मादव्यक्तं = प्रकृतिः सिद्धम्। यथा यत्रैव तन्तवः, तत्रैव पटः। इतश्चाव्यक्तं सिद्धम् – कार्यस्य घटपटादेः, कारणगुणात्मकत्वात्, यदात्मकं कारणं तदात्मकं कार्यमिति न्यायात् अव्यक्तं सिद्धम्। यथा – कृष्णेभ्यस्तन्तुभ्यः कृष्णः पटो भवति। अतः यदात्मकं लिङ्गं तदात्मकमव्यक्तमिति सिद्ध्यति॥१४॥

गौडपादभाष्यम्

अन्तर्प्रश्नो भवति – 'त्रिगुणमविवेकि विषय' इत्यादिना प्रधानं, व्यक्तञ्च व्याख्यातं, तत्र प्रधानम् – उपलभ्यमानं महदादि च 'त्रिगुणमविवेक्यादीनि' च कथमवगम्यते? तत्राह – योऽयमविवेक्यादिर्गुणः, स त्रैगुण्यात्, महदादौ व्यक्तेनायं सिद्ध्यति। अत्रोच्यते **तद्विपर्ययाभावात्**। तस्य विपर्ययः तद्विपर्ययः, तस्याऽभावः तद्विपर्ययाभावः, तस्मात् सिद्धमव्यक्तम्। यथा – यत्रैव तन्तवस्तत्रैव पटः, अन्ये तन्तवोऽन्यः पटो न कुतः? तद्विपर्ययाऽभावात्। एवं व्यक्तादव्यक्तमासन्नं भवति। दूरं प्रधानमासन्नं व्यक्तं, यो व्यक्तं पश्यति स प्रधानमपि पश्यति, तद्विपर्ययाऽभावात्। इतश्चाऽव्यक्तं सिद्धं **कारणगुणात्मक-त्वात्कार्यस्य**। लोके यदात्मकं कारणं तदात्मकं कार्यमपि, यथा कृष्णेभ्यस्तन्तुभ्यः कृष्ण एव पटो भवति। एवं महदादि लिङ्गमविवेकि, विषयः, सामान्यमचेतनं, प्रसवधर्मि। यदात्मकं लिङ्गं तदात्मकमव्यक्तमपि सिद्धम्॥१४॥

भाष्यानुवादः

यहाँ पर साङ्ख्यदर्शन में प्रश्न उठता है कि त्रिगुण० आदि इस कारिका से प्रधान और व्यक्त व्याख्यात है। उनमें से प्रधानतत्त्व और उपलब्ध महद् आदि त्रिगुण, अविवेकी है। (अब प्रश्न यह है कि) किस प्रकार (उनका) ज्ञान किया जाता है? तब कहते हैं कि वह त्रैगुण्यात्० त्रिगुणता के कारण महदादि में व्यक्त होने से यह सिद्ध हो जाता है। अब कहते हैं – तद्विपर्यय० उसका विपर्यय तद्विपर्यय, उसका अभाव होना (अर्थात् त्रिगुणात्मकता के विपर्यय का अभाव होने से)। इसलिए अव्यक्त सिद्ध हो जाता है। जैसे – जहाँ तन्तु है, वहीं पट है, तन्तु भिन्न है और पट भिन्न है, ऐसा नहीं है, क्योंकि उसके विपर्यय का अभाव होने से। इस प्रकार व्यक्त से अव्यक्त आसन्न रहता है। प्रधानतत्त्व दूर और व्यक्त आसन्न है। जो व्यक्ततत्त्व को देखता है, (अर्थात् व्यक्ततत्त्व का ज्ञान करता है) वह प्रधानतत्त्व को भी देखता (प्रधानतत्त्व का भी ज्ञान करता) है। क्योंकि उनका विपर्यय नहीं होता है। और पुनः अव्यक्त सिद्ध होता है – कारणगुणा० कार्य का कारणगुणात्मक होने से। लोक में जिस स्वभाववाला कारण होता है, उसी स्वभाववाला ही कार्य भी होता है। जैसे – कृष्ण तन्तुओं से कृष्ण ही पट उत्पन्न होता है। इस प्रकार महद् आदि लिङ्ग अविवेकि, विषय, सामान्य, अचेतन, प्रसवधर्मि है। जिस स्वरूपवाला लिङ्गतत्त्व है, उसी स्वरूपवाला अव्यक्ततत्त्व भी है, यह सिद्ध हो जाता है॥१४॥

भेदानां परिमाणात् समन्वयाच्छक्तितः प्रवृत्तेश्च।
कारणकार्यविभागादविभागात् वैश्वरूप्यस्य॥१५॥
कारणमस्त्यव्यक्तं प्रवर्त्तते त्रिगुणतः समुदयाच्च।
परिणामतः सलिलवत्प्रतिप्रतिगुणाश्रयविशेषात्॥१६॥

अन्वय :- भेदानां परिमाणात्, समन्वयात्, शक्तितः प्रवृत्तेः, कारणकार्यविभागात्, वैश्वरूप्यस्य अविभागात् अव्यक्तं कारणम् अस्ति। (यतः इदं) त्रिगुणतः समुदयात् च प्रवर्त्तते। (तथा) प्रतिप्रतिगुणाश्रयविशेषात् परिणामतः सलिलवत् (भवति)।

अनुवाद :- भेदों के परिमाण से, समन्वय से, अपनी शक्ति से प्रवृत्त होने से, कारण और कार्य के विभाग से, वैश्वरूप के अविभाग से (यह सिद्ध होता है कि) अव्यक्ततत्त्व कारण है। त्रिगुणात्मक होने से तथा एकरूप होने से (व्यक्ततत्त्व) प्रवृत्त होता है। और प्रत्येक गुण के आश्रयविशेष के कारण जल की तरह परिणाम में भेद प्रतीत होता है।

नरहरिः

भेदानाम् = महदादिभूम्यन्तानां परिमाणात्, महदादिलिङ्गं परिमितं – भेदतः, प्रधानकार्यम् – एका बुद्धिरेकोऽहङ्कारः, पञ्चतन्मात्राणि, एकादशेन्द्रियाणि, पञ्चमहाभूतानीति। भिद्यन्ते परस्परं व्यावृत्ताः प्रतीयन्त इति भेदाः, तेषामेव भेदानां परिमाणादस्ति प्रधानं कारणम्, यदुक्तं परिमितमुत्पादयतीति। समन्वयात् भिन्नानां समानरूपता समन्वयः, तस्मादिति। एवं त्रिगुणात्मकं महदादि लिङ्गं दृष्ट्वाऽनुमीयते यदस्य कारणमव्यक्तम्। शक्तितः यः यस्मिन् शक्तः, तस्मात् प्रवृत्तेः = प्रवृत्तिकारणात्। यथा कुम्भकारः घटस्य करणे समर्थः, घटमेव करोति, न पटम्। अतः अव्यक्तमस्ति। कारणकार्यविभागात् – कारणं करोतीति, कार्यं क्रियत इति, कारणं च कार्यं च, तयोः विभागः कारणस्य कार्यस्य च विभागः नियतः। यथा कपालः घटं जनयति, अतः कपालः कारणं कार्यस्य घटस्य। एवं महदादिलिङ्गं दृष्ट्वाऽनुमीयते प्रधानं कारणमस्ति। वैश्वरूपस्य – विश्वं = जगत्, तस्य रूपम्

= अभिव्यक्तिः- विश्वरूपम्, तस्य भावः वैश्वरूपम्, तस्य वैश्वरूपस्याविभागात् – न विभागात् विशिष्टलक्षणात्। यथा पृथिव्यादीनि पञ्चमहाभूतानि सृष्टिक्रमेणैवाऽविभागं तन्मात्रेषु यान्ति, परिणामिषु तन्मात्राण्येकादशेन्द्रि-याणि अहङ्कारे, अहङ्कारः बुद्धौ, बुद्धिः प्रधाने। एवं त्रयो लोकाः प्रलयकाले प्रकृतावविभागं गच्छन्ति। तस्मादव्यक्तं कारणमस्ति।

पुनः अव्यक्तम् = प्रधानं कारणम् = हेतुः अस्ति, वर्त्तते वा। यतः त्रिगुणतः = त्रिगुणात्, सत्त्वरजस्तमांसि, तेभ्यः एतेषां गुणत्रयाणां साम्यावस्था इति, समुदयात् – समेत्योदयः = समुदयः समवायः। अयञ्च गुणानां स्वप्रधानभावमन्तरेण न सम्भवति। यथा तन्तवः समुदिताः सन्तः पटमुत्पादयन्ति, एवं प्रधानं गुणसमुदयात् न्यूनाधिकभाववशात् वा महदादि जनयतीति। प्रवर्त्तते = प्रवृत्तं भवति, जगत्। अत्र प्रश्नः कथमेकरूपाणां गुणानामनेकरूपा प्रवृत्तिः जायते? उच्यते – परिणामतः सलिलवत् = सलिलसदृशं। प्रतिप्रतिगुणाश्रयविशेषात् – प्रतिप्रतीति विप्सा। गुणानामाश्रयो गुणाश्रयस्तद्विशेषः, तं गुणाश्रयविशेषं प्रतिनिधाय प्रतिप्रतिगुणाश्रयविशेषपरिणामात् व्यक्तं प्रवर्त्तते। यथा आकाशादेकरसं सलिलं पतितं, नानारूपात् संश्लेषाद्भिद्यते तत्तद्रसान्तरैः, एवमेकस्मात् प्रधानात् प्रवृत्तास्त्रयो लोकाः नैकस्वभावाः भवन्ति, तत्र देवेषु सत्त्वमुत्कटं रजस्तमसी उदासीने, तेन तेऽत्यन्तसुखिनः, तथा मनुष्येषु रजोगुणः उत्कटं भवति, सत्त्वतमसी उदासीने, तेन तेऽत्यन्तदुःखिनः। तिर्यक्षुः तमोगुण उत्कटं भवति, सत्त्वरजसी उदासीने, तेन तेऽत्यन्तमूढाः भवन्ति॥१५,१६॥

गौडपादभाष्यम्

'त्रैगुण्यादविवेक्यादिर्व्यक्ते सिद्धस्तद्विपर्ययाभावात्' एवं 'कारणगुणात्मकत्वात् कार्यस्याव्यक्तमपि सिद्ध'मित्येतन्मिथ्या, लोके यन्नोपलभ्यते तन्नास्तीति न वाच्यं, सतोऽपि पाषाणगन्धादेरनुपलम्भात्। एवं प्रधानमप्यस्ति, किन्तु नोपलभ्यते, तदाह **कारणमस्त्यव्यक्तमिति** क्रियाकारकसम्बन्धः। **भेदानां परिमाणात्**, लोके यत्र कर्त्तास्ति तस्य परिमाणं दृष्टं, यथा कुलालः परिमितैर्मृत्पिण्डैः परिमितानेव घटान् करोति। एवं महदादि लिङ्गं परिमितं भेदतः। प्रधानकार्यमेका बुद्धिरेकोऽहङ्कारः, पञ्च तन्मात्राणि एकादशेन्द्रियाणि, पञ्चमहाभूतानीति। एवं भेदानां परिमाणादस्ति प्रधानं कारणं, यद्व्यक्तं परिमितमुत्पादयति। यदि प्रधानं न स्यात्तदा निष्परिमाणमिदं व्यक्तमपि न स्यात्, परिमाणाच्च भेदानामस्ति प्रधानं, यस्मात् व्यक्तमुत्पन्नम्। तथा **समन्वयात्** इह लोके प्रसिद्धिर्दृष्टा, यथा व्रतधारिणं वटुं दृष्ट्वा समन्वयति – नूनमस्य पितरौ ब्राह्मणाविति। एवमिदं त्रिगुणं महदादिलिङ्गं दृष्ट्वा साधयामोऽस्य यत् 'कारणं भविष्यतीति', अतः समन्वयादस्ति प्रधानम्। तथा **शक्तितः प्रवृत्तेश्च**। इह यो यस्मिन् शक्तः सः तस्मिन्नेवार्थे प्रवर्त्तते, यथा कुलालो घटस्य करणे समर्थो घटमेव करोति, न पटं रथं वा। तथा अस्ति प्रधानं कारणं, कुतः? **कारणकार्यविभागात्**। करोतीति कारणं, क्रियत इति कार्यम्। कारणस्य कार्यस्य च विभागो, यथा घटो दधिमधूदकपयसां धारणे समर्थो, न तथा तत्कारणं, मृत्पिण्डो वा घटं निष्पदयति, न चैवं घटो मृत्पिण्डम्। एवं महदादि लिङ्गं दृष्ट्वाऽनुमीयते, अस्ति विभक्तं तत्कारणं यस्य विभाग इदं व्यक्तमिति। इतश्च **अविभागात् वैश्वरूपस्य** विश्वं = जगत्, तस्य रूपं = व्यक्तिः। विश्वरूपस्य भावो वैश्वरूपं, तस्याऽविभागादस्ति प्रधानम्। यस्मात् त्रैलोक्यस्य पञ्चानां पृथीव्यादीनां महाभूतानां परस्परं विभागो नास्ति, महाभूतेष्वन्तर्भूतास्त्रयो लोका इति, पृथिव्यापस्तेजोवायुराकाशमित्येतानि पञ्चमहाभूतानि प्रलयकाले सृष्टिक्रमेणैवाऽविभागं यान्ति तन्मात्रेषु परिणामिषु, तन्मात्राण्येकादशेन्द्रियाणि चाहङ्कारे, अहङ्कारो बुद्धौ, बुद्धिः प्रधाने। एवं त्रयो लोकाः प्रलयकाले प्रकृतावविभागं गच्छन्ति, तस्मादविभागात् क्षीरदधिवद् व्यक्ताऽव्यक्तयोरस्त्यव्यक्तं कारणम्॥१५॥

इतश्चाव्यक्तं प्रख्यातं कारणमस्ति, यस्मान्महदादि लिङ्गं प्रवर्त्तते। **त्रिगुणतः** = त्रिगुणात्, सत्त्वरजस्तमांसि यस्मिन् तत्त्रिगुणात्। तत्किमुक्तं भवति? सत्त्वरजस्तमसां साम्यावस्था प्रधानम्। तथा **समुदयात्**। यथा गङ्गास्त्रोतांसि त्रीणि रुद्रमूर्द्धनि पतितानि एकं स्त्रोतो जनयन्ति, एवं त्रिगुणमव्यक्तमेकं व्यक्तं जनयति, यथा वा तन्तवः समुदिताः पटं जनयन्ति, एवमव्यक्तं गुणसमुदयान्महदादि जनयतीति त्रिगुणतः समुदयाच्च व्यक्तं जगत् प्रवर्त्तते। यस्मादेकस्मात् प्रधानाद् व्यक्तं तस्मादेकरूपेण भवितव्यम्। नैष दोषः, **परिणामतः सलिलवत् प्रतिप्रतिगुणाश्रयविशेषात्**। एकस्मात् प्रधानात् त्रयो लोकाः समुत्पन्नास्तुल्यभावाः न भवन्ति, देवाः सुखेन युक्ताः, मनुष्याः दुःखेन, तिर्यञ्चो मोहेन। एकस्मात् प्रधानात् प्रवृत्तं व्यक्तं प्रतिप्रतिगुणाश्रयविशेषात् परिणामतः सलिलवत् भवति। प्रतिप्रतीति विप्सा। गुणानामाश्रयो गुणाश्रयस्तद्विशेषः, तं गुणाश्रयविशेषं प्रतिनिधाय प्रतिप्रतिगुणाश्रयविशेषपरिणामात्प्रवर्त्तते व्यक्तम्। यथा – आकाशादेकरसं सलिलं पतितं नानारूपात् संश्लेषाद्भिद्यते तत्तद्रसान्तरैः, एवमेकस्मात् प्रधानात् प्रवृत्तास्त्रयो लोकाः नैकस्वभावाः भवन्ति, देवेषु सत्त्वमुत्कटं, रजस्तमसी उदासीने, तेन तेऽत्यन्तसुखिनः। मनुष्येषु रज उत्कटं भवति, सत्त्वतमसी उदासीने, तेन तेऽत्यन्तदुःखिनः। तिर्यक्षु तम उत्कटं भवति, सत्त्वरजसी उदासीने तेन तेऽत्यन्तमूढाः॥१६॥

भाष्यानुवादः

ISBN No. : 978-81-217-0247-8

'त्रैगुण्य०' एवं 'कारणगुण०' यह (जो कहा गया है, वह) मिथ्या है, लोक में जो उपलब्ध नहीं होता है, वह नहीं है, (अगर ऐसा कोई कहता है) तो यह उचित नहीं है। क्योंकि पाषाण में पाषाण का गन्ध रहने पर भी उपलब्ध नहीं होता है। इस प्रकार प्रधान तत्त्व भी है, परन्तु उपलब्ध नहीं होता है। इसलिए कहा गया है कि अव्यक्त कारण है – यह दोनों में क्रिया और कारक का सम्बन्ध है। भेदाना० संसार में जहाँ पर कर्त्ता है वहाँ पर परिणाम देखा जाता है। जैसे – कुम्भकार परिमित मिट्टी के पिण्ड से परिमित घट का ही निर्माण करता है। इस प्रकार महत्तत्त्व भी – महद् आदि लिङ्गतत्त्व परिमित है - भेद से। प्रधान का कार्य, जैसे – एक बुद्धि, एक अहङ्कार, पाँच तन्मात्राएँ, ग्यारह इन्द्रियाँ और पाँच महाभूत हैं। इस प्रकार भेदों के परिणाम से प्रधान कारण है, जो कहा गया है परिमित का ही उत्पादन करता है। यदि प्रधानतत्त्व नहीं है तो परिणाम से रहित यह व्यक्ततत्त्व भी नहीं हो सकता है। (इसलिए) भेदों के परिणाम (निश्चित) हो जाने से प्रधान है जिससे यह व्यक्ततत्त्व उत्पन्न हुआ है। तथा समन्वयात्० समन्वय से। इस संसार में (सादृश्य के कारण) प्रसिद्धि देखी जाती है। जैसे व्रतधारी वटु को देखकर (सादृश्य ज्ञान) समन्वयात्मक ज्ञान करता है कि "निश्चित ही इसके माता और पिता ब्राह्मण हैं"। इस प्रकार इस त्रिगुणात्मक महदादि लिङ्ग को देखकर सिद्धि किया जाता है कि इसका कोई कारण (निश्चित ही) होगा, अत: समन्वय से कारण प्रधान है। तथा शक्ति० इस संसार में जो जिसमें समर्थ है, वह उसी विषय में ही प्रवृत्त होता है। जैसे कुम्भकार घड़े के निर्माण में समर्थ (है, अत) वह घट को ही बनाता है, न कि पट अथवा रथ को। तथा प्रधान कारण है – कैसे? कारण० (जो) करता है, (इसलिए) कारण है। जो किया है, वह कार्य है। कारण का और कार्य का विभाग, जैसे – घड़ा दही, मधु, जल और दुग्ध धारण में समर्थ है, परन्तु उसका कारण नहीं, मिट्टी का पिण्ड घड़े को बनाता है, न कि घड़ा मृत्पिण्ड को। इस प्रकार महद् आदि लिङ्गतत्त्व को देखकर अनुमित्यात्मक ज्ञान किया जाता है कि विभक्त वह (प्रधान) कारण है, जिसका विभाग यह व्यक्ततत्त्व है। और फिर अविभागात्० विश्व • जगत्, उसका रूप • अभिव्यक्ति। विश्वरूप का भाव वैश्वरूप है, उसके अविभाग से प्रधान है। जैसे तीनों लोकों के पाँचों पृथिवी आदि महाभूतों का परस्पर विभाग नहीं है, इन महाभूतों में तीनों लोक अन्तर्भूत है। पृथिवी, जल, तेजस्, वायु, आकाश – ये पाँचों महाभूत प्रलय के समय में सृष्टि क्रम से अपने-अपने कारण परिणामी तन्मात्रों में लीन हो जाते हैं। तन्मात्र और ग्यारह इन्द्रियाँ अहङ्कार में, अहङ्कार बुद्धि में, तथा बुद्धितत्त्व प्रधान में (लीन हो जाते हैं)। इसी प्रकार तीनों लोक प्रलय के समय में प्रकृति में अभिन्नता को प्राप्त करते हैं। इसलिए अविभाग के कारण दुग्ध तथा दही की तरह व्यक्त और अव्यक्त दोनों में अव्यक्त ही कारण है।।१५।।

और भी अव्यक्त प्रसिद्ध कारण है, जिससे कि यह महद् आदि लिङ्गतत्त्व प्रवृत्त हुआ है। त्रिगुणत:० त्रिगुण से सत्त्वगुण, रजोगुण और तमोगुण जिसमें रहते हैं, वह त्रिगुण है। वह क्या कहा गया है? सत्त्व, रजस् और तमोगुण की साम्यावस्था प्रकृति है। उसी प्रकार समुदयात्० समुदय से। जैसे गङ्गा के तीन स्रोत शिव जी के मस्तक पर गिरने के अनन्तर एक स्रोत का निर्माण करते हैं (एक स्रोत के रूप में होकर बहते हैं)। इस प्रकार त्रिगुणात्मक एक ही अव्यक्ततत्त्व व्यक्ततत्त्व को उत्पन्न करता है। अथवा जैसे तन्तु समवेत होकर पट को उत्पन्न करता है। इस प्रकार अव्यक्ततत्त्व गुणों के समुदय के कारण महद् आदि को उत्पन्न करता है, इस प्रकार त्रिगुण से व्यक्त जगत् प्रवृत्त होता है। (यहाँ प्रश्न यह है कि) जब एक ही प्रधान से व्यक्त उत्पन्न होता है, अत: (वह व्यक्त भी) एकरूप से होना चाहिए। (इसके उत्तर में कहा जाता है) यह कोई दोष नहीं है। परिणाम० एक प्रधान से उत्पन्न हुए तीनों लोक समान नहीं है, देवता सुख से युक्त हैं, मनुष्य दु:ख से और तिर्यङ् मोह से। एक प्रधान से प्रवृत्त व्यक्ततत्त्व प्रत्येक गुण के विशेष आश्रय को ग्रहण करने से परिणाम से सलिल की तरह होता है, प्रतिप्रति – यह विप्सार्थक है। गुणों का आश्रय गुणाश्रय, उससे विशिष्ट (गुणाश्रयविशेष) है। उस गुण के आश्रय विशेष को प्रत्येक धारण कर प्रत्येक गुणाश्रयविशेष के परिणाम से व्यक्ततत्त्व प्रवृत्त होता है। जैसे* आकाश से गिरा हुआ जल अनेक रूपों से संश्लेष को प्राप्त होकर भिन्न-भिन्न रसों से अनेक रसवाला हो जाता है, इसी प्रकार एक ही प्रधानतत्त्व से प्रवृत्त हुए तीनों लोक एक स्वरूपवाले नहीं होते हैं। देवताओं में सत्त्वगुण उत्कटता तथा रजोगुण और तमोगुण उदासीनता को प्राप्त करता है, इससे वे (देवता) अत्यन्त सुखी होते हैं। मनुष्यों में रजोगुण अधिक होता है, सत्त्वगुण और तमोगुण उदासीन, इसलिए ये (मनुष्य) अत्यन्त दु:खी होते हैं। तिर्यक् योनि में तमोगुण उत्कट होता है, सत्त्वगुण और रजोगुण उदासीन, इससे वे अत्यन्त मूढ़ होते हैं।।१५/१६।।

* टिप्पणी :-

कहने का यह तात्पर्य है कि जल का रस मधुर है। जब वह आकाश से बिन्दुरूप से पतित होता है, तब वह मधुर रस वाला होकर ही पतित होता है। परन्तु वह जब अनेकों से संश्लेष को प्राप्त करता है, तब जिसके साथ वह संश्लेष को प्राप्त करता है, वह जल उसी प्रकार का हो जाता है। अर्थात् जल उस पदार्थों के अनेकता होने से वह एक रस

ISBN No. : 978-81-217-0247-8

वाला जल भी अनेक रस वाला हो जाता है। आशय यह है कि पृथिवी में मधुर, अम्ल आदि ६ रस रहते हैं। अकाश से पतित जल जब इन ६ रसों में से जिस रस से युक्त पार्थिवभाग से संश्लेष को प्राप्त करता है, वह उसी रसवाला ही बन जाता है।।

सङ्घातपरार्थत्वात्[१] त्रिगुणादिविपर्ययादधिष्ठानात्।
पुरुषोऽस्ति भोक्तृभावात् कैवल्यार्थं प्रवृत्तेश्च।।१७।।

अन्वय :- सङ्घातपरार्थत्वात्, त्रिगुणादिविपर्ययात्, अधिष्ठानात्, भोक्तृभावात्, कैवल्यार्थं प्रवृत्तेः च पुरुषः अस्ति (इति सिद्ध्यति)।

अनुवाद :- (यह महदादि) समूह दूसरों के लिए होने से, त्रिगुण आदि के विपरीत स्वभाववाला होने से, अधिष्ठान से, भोक्ता की सत्ता सिद्ध होने से और कैवल्य के लिए प्रवृत्त होने से पुरुष है – यह सिद्ध होता है।

नरहरिः

कारिकामस्यां पुरुषस्य सत्ता प्रतिपादिता वर्त्तते। अयं पुरुषः = पुमान् अव्यक्तादेर्व्यतिरिक्तः अस्ति = वर्त्तते, तत्कथम्? सङ्घातपरार्थत्वात् – महदादिसङ्घातोऽयं पुरुषार्थ इत्यनुमीयते, अचेतनत्वात्, पर्यङ्कवत्। यथ पर्यङ्कः प्रत्येकं गात्रोत्पलपादपीठ-प्रच्छादनपटोपधानसङ्घातः परार्थः, न हि स्वार्थः पर्यङ्कस्य, न च किञ्चिदपि गात्रोत्पलाद्यवयवानां परस्परं कृत्यमस्ति। तथा इदं शरीरं पञ्चानां महाभूतानां सङ्घातो वर्त्तते, अतः अवगम्यते पुरुषस्य सत्ता विद्यते, यस्य भोग्यं महदादिरूपं शरीरं समुत्पन्न-मिति। त्रिगुणादिविपर्ययाद् = त्रिगुणानां विपर्ययकारणात्। अधिष्ठानात् – अधिष्ठातृत्वभावात्, यद्यत् सुखदुःखमोहात्मकं तत्सर्वं परेणाधिष्ठीयमानं दृष्टम्। यथा लङ्घनप्लवनधावनसमर्थैरश्वैर्युक्तो रथः सारथिना अधिष्ठितः सन् प्रवर्त्तते, तथा सुखदुःखमोहात्मकं चेदं बुद्ध्यादिः, तस्मादेतदपि परेणाधिष्ठातव्यम्, स च त्रैगुण्यादन्यः पुरुषः वर्त्तते। भोक्तृभावात् – भोक्तुः भावः, तस्मात्। यथा मधुराम्ललवणकटुतिक्तकषायषड्रसोपबृंहितस्य संयुक्तस्यान्नस्य भोक्ता कश्चिदन्यः साधयते, तथा महदादिलिङ्गस्य भोक्तृत्वाऽभावादस्ति कश्चिद् पुरुषः, यस्येदं भोग्यं शरीरमिति। कैवल्यार्थं प्रवृत्तेश्च – केवलस्य भावः कैवल्यम्, तन्निमित्तं प्रवृत्तिकारणात् – यतः सर्वो विद्वानऽविद्वांसश्च संसारसन्तानक्षयमिच्छन्ति। अतः बुद्ध्यादिव्यतिरिक्तः कश्चिदात्मा पुरुषो वा सिद्ध्यति।।१७।।

गौडपादभाष्यम्

एवमार्याद्वयेन प्रधानस्याऽस्तित्वमवगम्यते। इतश्चोत्तरं पुरुषाऽस्तित्वप्रतिपादनार्थमाह। यदुक्तं 'व्यक्ताऽव्यक्तज्ञविज्ञानान्मोक्षः प्राप्यत' इति तत्र व्यक्तादनन्तरमव्यक्तं पञ्चभिः कारणैरधिगतं व्यक्तवत्। पुरुषोऽपि सूक्ष्मस्तस्याधुनाऽनुमितास्तित्वं प्रतिक्रियते। अस्ति पुरुषः, कस्मात्? **सङ्घातपरार्थत्वात्**। योऽयं महदादिसङ्घातः सः पुरुषार्थ इत्यनुमीयते, अचेतनत्वात्, पर्यङ्कवत्। यथा पर्यङ्कः प्रत्येकं गात्रोत्पलपादपीठतूलीप्रच्छादन-पटोपधानसङ्घातः परार्थो, न हि स्वार्थः पर्यङ्कस्य, न हि किञ्चिदपि गात्रोत्पलाद्यवयवानां परस्परं कृत्यमस्ति। अतोऽवगम्यतेऽस्ति पुरुषो यः पर्यङ्के शेते, यस्यार्थं पर्यङ्कस्तत्परार्थम्। इदं शरीरं पञ्चानां महाभूतानां सङ्घातो वर्त्तते, अस्ति पुरुषो यस्येदं भोग्यं शरीरं भोग्यमहदादिसङ्घातरूपं समुत्पन्नमिति। इतश्चात्माऽस्ति **त्रिगुणादिविपर्ययात्**। यदुक्तं पूर्वस्यामार्यायां 'त्रिगुणमविवेकि विषय' इत्यदि। तस्माद्विपर्ययात्। यथोक्तं 'तद्विपरीतस्तथा च पुमान्'। **अधिष्ठानात्** यथेह लङ्घनप्लवनधावनसमर्थैरश्वैर्युक्तो रथः सारथिनाऽधिष्ठितः प्रवर्त्तते, तथात्माऽधिष्ठानाच्छरीरमिति। तथा चोक्तं षष्ठितन्त्रे - 'पुरुषाधिष्ठितं प्रधानं प्रवर्त्तते'। अतोऽस्त्यात्मा **भोक्तृभावात्**, यथा मधुराम्ललवणकटुतिक्तकषाय-षड्रसोप-बृंहितस्य संयुक्तस्यान्नस्य साध्यते, एवं महदादिलिङ्गस्य भोक्तृत्वाऽभावादस्ति स आत्मा यस्येदं भोग्यं शरीरमिति। इतश्च **कैवल्यार्थं प्रवृत्तेश्च**। केवलस्य भावः कैवल्यं, तन्निमित्तं या च प्रवृत्तिस्तस्याः स्वकैवल्यार्थे प्रवृत्तेः सकाशादनुमीयते अस्त्यात्मेति, यतः सर्वो विद्वानऽविद्वांश्च संसारसन्तानक्षयमिच्छति। एवमेभिर्हेतुभिरस्त्यात्मा शरीरव्यतिरिक्तः।।१७।।

भाष्यानुवादः

इस प्रकार (पूर्व की) दोनों कारिकाओं से प्रधान की सत्ता का ज्ञान निश्चय किया गया है। और इससे पृथक् पुरुष तत्त्व के प्रतिपादन के लिए कहते हैं। जो कहा गया है कि ''व्यक्त, अव्यक्त और ज्ञ के विशिष्ट ज्ञान से मोक्ष की प्राप्ति होती है'' – इसमें से व्यक्त के पश्चात् अव्यक्त को व्यक्त की तरह पाँचों कारणों से जान लिया (सिद्ध कर लिया गया है)। पुरुष भी सूक्ष्म है, अब इसके अस्तित्व का अनुमित्यात्मक ज्ञान (अनुमान प्रमाण से) किया जा रहा है। पुरुष है! (पुरुष की सत्ता है)। कैसे? सङ्घात० यह जो महदादि का समूह है, वह पुरुष के लिए है, यह अनुमित होता है, पलङ्क की तरह, अचेतन होने से। जैसे पलङ्क, विछौना, आसन, तकिया, चादर आदि (सभी जड़ है और इन) का समूह दूसरे के लिए, न कि पलङ्क के अपने स्वार्थ के लिए। न कि इनकी परस्पर एक दूसरे के लिए कोई उपयोगिता है। अतः अनुमित होता है कि पुरुष है, जो पलङ्क पर सोता है, जिसके लिए पलङ्क है, वह परार्थ है। यह शरीर पाँच महाभूतों का समूह है। पुरुष है,

---

१. 'संहतपरार्थत्वात्' इति केचित् पठन्ति।

जिसका यह भोग्य शरीर, भोग्य महदादि रूप उत्पन्न हुए हैं। और भी आत्मा है – त्रिगुणादि० जो पूर्व की आर्या में कहा गया है – त्रिगुणमविवेकि० इत्यादि। इससे विपरीत होने से। जैसे कहा गया है – तद्विपरीत तथा च पुमान्, अधिष्ठानात्० जैसे – इस संसार में लङ्घन, प्लवन, धावन में समर्थ अश्वों से युक्त रथ सारथि से अधिष्ठित होकर प्रवृत्त होता है, वैसा ही आत्मा शरीर रूपक रथ के अधिष्ठाता है। और वैसे कहा गया है षष्ठितन्त्र में – पुरुष से अधिष्ठित होकर प्रधानतत्त्व प्रवृत्त होता है। इसलिए आत्मा है, भोक्तृभावा० भोक्तृभाव से। जैसे – मधुर, अम्ल, लवण, कटु, तिक्त, कषाय आदि छह रसों से व्यञ्जित अन्न का साधन (सिद्धि की जाती है) किया जाता है, इस प्रकार महदादि लिङ्ग के भोक्तृत्व के अभाव उपस्थित होने से, वह आत्मा है, जिसका यह भोग्य शरीर है। और फिर कैवल्य० केवल का भाव कैवल्य है। उस कैवल्य के निमित्त • हेतु जो प्रवृत्ति देखी जाती है, अतः अनुमित होता है कि आत्मा है। क्योंकि (इस संसार में) समस्त विद्वान् (हो अथवा) मूर्ख, संसार का सन्तान अर्थात् जन्म और मृत्यु के चक्र के नाश की इच्छा करते हैं। इस प्रकार इन उपर्युक्त हेतुओं से सिद्ध होता है कि शरीर से अतिरिक्त कोई आत्मा है।।१७।।

जन्ममरणकरणानां प्रतिनियमादयुगपत्प्रवृत्तेश्च।
पुरुषबहुत्वं सिद्धं त्रैगुण्यविपर्ययाच्चैव।।१८।।

अन्वय :- जन्ममरणकरणानां प्रतिनियमात्, अयुगपत् प्रवृत्तेः च, त्रैगुण्यविपर्ययात् च एव पुरुषबहुत्वं सिद्धम्।

अनुवाद :- जन्म, मृत्यु और करणों के प्रत्येक में नियत होने से, सब की प्रवृत्ति एक काल में न होने से और त्रैगुण्य के विपर्यय होने से निश्चय ही पुरुष की अनेकता सिद्ध होती है।

नरहरिः

सोऽयं सर्वशरीरेऽधिष्ठाता पुरुषः मणिरसनात्मकसूत्रवत् किमेकः? अथवा प्रतिशरीरमधिष्ठातारः बहवः अनेकाः पुरुषा आत्मानः? इति प्रश्ने उच्यते – पुरुषबहुत्वं पुरुषस्यानेकत्वं – बहवः पुरुषाः सिद्धम् = सिद्ध्यन्तीति। कथम्? जन्ममरणकरणानाम् – जन्म च मरणञ्च करणानि च जन्ममरणकरणानि – तेषां जन्ममरणकरणानां प्रतिनियमाद् = प्रत्येकं नियमादित्यर्थः। यद्येकः पुरुषः स्यात्ततः एकस्य जन्मनि सर्वे एव जायेरन्, एकस्य मरणे सर्वेऽपि म्रियेरन्, एकस्य करणवैकल्ये सर्वेऽपि तथा स्युः। परन्तु कदापि एवं न जायते। अत एषां प्रतिपुरुषे नियतत्वात् पुरुषा अनेकाः। अयुगपत्प्रवृत्तेः – युगपत् = एककालम्, न युगपत् अयुगपत्प्रवृत्तिकारणात्। लोकेऽस्मिन् अयुगपद्धर्मादिषु प्रवृत्तिर्दृश्यते, यथा केचित् धर्मे प्रवृत्ताः, अन्ये अधर्मे, अन्ये वैराग्ये, अन्ये ज्ञाने प्रवृत्ताः। अतः पुरुषबहुत्वं सिद्धम्। त्रैगुण्यविपर्ययाद् – त्रिगुणानां भावः त्रैगुण्यम्, तस्य विपर्ययः, तस्मात्। यथा – खलु लोके कश्चिद् सात्त्विकः सुखी, अन्यः राजसो दुःखी, अपरः तामसो मोहवान् च दृष्टम्। एवं पुरुषबहुत्वं सिद्ध्यतीति।।१८।।

गौडपादभाष्यम्

अथ सः किमेकः सर्वशरीरेऽधिष्ठाता मणिरसनात्मकसूत्रवत्, आहोस्विद् बहवः आत्मानः प्रतिशरीरमधिष्ठातार इति? अत्रोच्यते – जन्म च मरणञ्च, करणानि च – जन्ममरणकरणानि, तेषां प्रतिनियमात् = प्रत्येकं नियमादित्यर्थः। यद्येक एव आत्मा स्यात्तत एकस्य जन्मनि सर्व एव जायेरन्, एकस्य मरणे सर्वेऽपि म्रियेरन्, एकस्य करणवैकल्ये = बाधिर्याऽन्धत्व-मूकत्वकुणित्वखञ्जत्वलक्षणे सर्वेऽपि बधिराऽन्धमूककुणिखञ्जाः स्युः, न चैवं भवति, तस्मात् – जन्ममरणकरणानां प्रतिनियमात् पुरुषबहुत्वं सिद्धम्। इतश्च **अयुगपत् प्रवृत्तेश्च**। युगपत् = एककालं, न युगपदयुगपत् प्रवर्त्तनम्। यस्मादयुगपद्धर्मादिषु प्रवृत्तिर्दृश्यते एके धर्मे प्रवृत्ताः, अन्येऽधर्मे वैराग्येऽन्ये, ज्ञानेऽन्ये प्रवृत्ताः, तस्मादयुगपत्प्रवृत्तेश्च बहवः इति सिद्धम्। किञ्चान्यत् **त्रैगुण्यविपर्ययाच्चैव**। त्रिगुणभावविपर्ययाच्च पुरुषबहुत्वं सिद्धम्। यथा सामान्ये जन्मनि एकः सात्त्विकः सुखी, अन्यो राजसो दुःखी, अन्यस्तामसो मोहवान्, एवं त्रैगुण्यविपर्ययात् बहुत्वं सिद्धमिति।।१८।।

भाष्यानुवादः

अब क्या वह समस्त शरीरों में अधिष्ठाता मणिरसनात्मकसूत्र की तरह एक है अथवा प्रत्येक शरीर में अधिष्ठाता अनन्त आत्मा है? इसके उत्तर में कहते हैं कि जन्म, मरण और करण – इनके प्रत्येक में नियत हो जाने से (आत्मा अनेक है।) यदि आत्मा एक होता तो एक के जन्म होने पर सब जन्म हो जाते, एक की मृत्यु होने पर सब मर जाते (तथा) एक की इन्द्रिय में विकलता होने पर जैसे – अन्धा, बधिर, मूक, खंज आदि सब अन्ध, बधिर, मूक, खंज आदि हो जाते। परन्तु ऐसा नहीं होता है। इसलिए जन्म, मृत्यु और इन्द्रियों के प्रत्येक पुरुष में नियत होने से पुरुष अनेक हैं। और फिर अयुगपत्० युगपत् • एक काल, जो एक काल में न हो, वह अयुगपत्, वैसे प्रवृत्त होना। क्योंकि एक काल में सबकी प्रवृत्ति नहीं देखी जाती। जैसे – एक (पुरुष) धर्म में प्रवृत्त होता है, तो अन्य (पुरुष) अधर्म में (प्रवृत्त होता है)। एक (पुरुष) वैराग्य में तो अन्य (पुरुष) ज्ञान में प्रवृत्त होता है, इसलिए (समस्त पुरुषों के) एक काल में प्रवृत्ति न होने से पुरुष अनेक

है। और फिर अन्य त्रैगुण्य० तीनों गुणों की सत्ता के विपरीत होने से पुरुष की अनेकता सिद्ध होती है। जैसे – सामान्य जन्म में एक सात्त्विक सुखी होता है, तो अन्य राजसिक दु:खी तथा अन्य तामसिक मोहवान् पुरुष है। इस प्रकार त्रैगुण्य के विपरीत होने से पुरुषबहुत्व सिद्ध होता है॥१८॥

तस्माच्च विपर्यासात्सिद्धं साक्षित्वमस्य पुरुषस्य।
कैवल्यं माध्यस्थ्यं द्रष्टृत्वमकर्तृभावश्च॥१९॥

अन्वय :- च तस्मात् विपर्यासात्, अस्य पुरुषस्य साक्षित्वं, माध्यस्थ्यं, द्रष्टृत्वम्, अकर्तृभाव: च सिद्धम्।

अनुवाद :- और उसके (त्रिगुणादि के) विपरीत स्वभाववाला होने से इस पुरुष के साक्षिभाव, मध्यस्थ भाव, द्रष्टा का भाव और कर्तृत्व का अभाव सिद्ध होता है।

नरहरि:

च तथा तस्मात् – त्रिगुणादे: विपर्यासात् = विपर्ययात्, त्रिगुणादे: य: विपर्यास:, तस्मादिति – स:, पुरुषस्य निर्गुणत्वं विवेकित्वमविषयत्वमसाधारणत्वं चेतनत्वमप्रसव-धर्मित्वं चेति इत्यादिभि: अस्य पुरुषस्य सिद्धम् = सिद्ध्यति, किमिति? उच्यते – साक्षित्वम् – साक्षे: भावत्वम्, यत: गुणा एव कर्त्तार: प्रवर्त्तन्ते, न तु साक्षी प्रवर्त्तते। अथ च न निवर्त्तते। साक्षी च दर्शितविषयो भवति। यस्मै विषय: प्रदर्श्यते स: साक्षी। एवं प्रधानमपि स्वकृतं विषयं पुरुषाय दर्शयतीति पुरुषो साक्षी, कैवल्यम् = केवलस्य भाव:, कैवल्यम् अन्यत्वं वा। त्रिगुणेभ्य: केवल: अन्यो वा। माध्यस्थ्यम् – मध्यस्थस्य भावो, परिब्राजकवत्। यथा कश्चित् परिब्राजक: ग्रामीणेषु कर्षणार्थेषु प्रवृत्तेषु केवलो मध्यस्थ:, तथैव पुरुषोऽपि गुणेषु प्रवर्त्तमानेषु न प्रवृत्तं भवति। द्रष्टृत्वम् = द्रष्टु: भाव:, मध्यस्थस्वरूपत्वात् द्रष्टा, अकर्तृभाव: = न कर्तृभाव:, विवेकित्वाद् अप्रसवधर्मित्वाच्च। यत: सत्त्वादय: गुणा एव कर्मकर्तृभावेन प्रवर्त्तन्ते, न तु पुरुष:, सिद्धम् = सिद्ध्यतीति॥१९॥

गौडपादभाष्यम्

अकर्त्ता पुरुष इत्येतदुच्यते **तस्माच्च विपर्यासात्**। तस्माच्च = यथोक्तत्रैगुण्यविपर्यासाद्विपर्ययान्निर्गुण:, पुरुषो, विवेकी, भोक्तेत्यादिगुणानां पुरुषस्य यो विपर्यास उक्तस्तस्मात्, सत्त्वरजस्तमसु कर्तृभूतेषु साक्षित्वं सिद्धं पुरुषस्येति योऽयमधिकृतो बहुत्वं प्रति। गुणा एव कर्त्तार: प्रवर्त्तन्ते, साक्षी न प्रवर्त्तते, नापि निवर्त्तत एव। किञ्चान्यत् **कैवल्यं** = केवलीभाव:। कैवल्यमन्यत्वमित्यर्थ:। त्रिगुणेभ्य: केवल: = अन्य:। **माध्यस्थ्यं** = मध्यस्थभाव:। परिव्राजकवत् मध्यस्थ: पुरुष:। यथा कश्चित् परिव्राजको ग्रामीणेषु कर्षणार्थेषु प्रवृत्तेषु केवलो मध्यस्थ:, पुरुषोऽप्येवं गुणेषु प्रवर्त्तमानेषु न प्रवर्त्तते। तस्मात् **द्रष्टृत्वमकर्तृभावश्च**। यस्मान्मध्यस्थस्तस्माद् द्रष्टा, तस्मादकर्त्ता पुरुषस्तेषां कर्मणामिति। सत्त्वरजस्तमांसि त्रयो गुणा: कर्मकर्तृभावेन प्रवर्त्तन्ते, न पुरुष:। एवं पुरुषस्याऽस्तित्वं च सिद्धम्॥१९॥

भाष्यानुवाद:

पुरुष अकर्त्ता है – (यह जो कहा गया है) इस पर कहते हैं – तस्मात्०। जैसे – कहा गया है त्रिगुणता के विपरीत होने से – पुरुष निर्गुण, विवेकी, भोक्ता इत्यादि गुणों का पुरुष का जो विपरीत कहा गया है, अत: सत्त्वगुण, रजोगुण और तमोगुण रूप कर्तृभूततत्त्वों में पुरुष का साक्षित्व सिद्ध होता है। जो यह पुरुष है वह बहुत्व के प्रति अधिकृत है। (ये तीनों) गुण ही कर्त्ता है, और प्रवृत्त होते हैं। किन्तु साक्षी न प्रवृत्त होता है, और न हि निवृत्त होता है। और फिर अन्य कैवल्य० केवल का भाव। कैवल्य होना • अन्यत्व होना है। सत्त्वगुण, रजोगुण और तमोगुण – इन तीनों से केवल • अन्य। माध्यस्थ्य० मध्यस्थ का होना (माध्यस्थ्य) है। परिव्राजक की तरह पुरुष मध्यस्थ होता है। जैसे कोई परिव्राजक गाँव के किसानों के कर्षण में प्रवृत्त होने पर केवल मध्यस्थ होता है (न कि कर्षण आदि में प्रवृत्त होता है), पुरुष भी इसी प्रकार गुणों के प्रवृत्त होने पर भी प्रवृत्त नहीं होता है। इसलिए द्रष्टृत्व० मध्यस्थ होने के कारण (पुरुष) द्रष्टा है, अत: पुरुष उन कर्मों का अकर्त्ता (कर्त्ता नहीं/कर्तृत्वभाव से रहित) है। सत्त्व, रजस् और तमस् – ये तीनों गुण कर्म-कर्तृ के रूपसे प्रवृत्त होते हैं, न कि पुरुष। इस प्रकार पुरुष की सत्ता सिद्ध होती है॥१९॥

तस्मात्तत्संयोगादचेतनं चेतनवदिव लिङ्गम्।
गुणकर्तृत्वे च तथा कर्त्तेव भवत्युदासीन:॥२०॥

अन्वय :- तस्मात् तत्संयोगात् अचेतनं लिङ्गं चेतनवद् इव (भवति), तथा च गुणकर्तृत्वे उदासीन: कर्त्ता इव भवति।

अनुवाद :- इसलिए यह अचेतन (महदादि) लिङ्गतत्त्व उस चेतन पुरुष के संयोग से चेतन जैसा हो जाता है। गुणों के कर्त्ता होने पर उदासीन पुरुष भी कर्त्ता की तरह हो जाता है।

नरहरि:

तस्मात् – अचेतत्वादिति, तत्संयोगात् – तस्य चेतनस्य पुरुषस्य संयोगात्, अचेतनम् = जड:, लिङ्गम् = महदादि चेतनवद् = चेतनसदृशं भवति। तस्माद् गुणा: अध्यवसायं

कुर्वन्ति, न पुरुषः। तथा च गुणकर्तृत्वे – गुणानां कर्तृत्वे सति उदासीनः पुरुषः कर्त्ता इव – अकर्त्ताऽपि सन् कर्त्ता भवति॥२०॥

गौडपादभाष्यम्

यस्मादकर्त्ता पुरुषस्तत् कथमध्यवसायं करोति – धर्मं करिष्याम्यधर्मं न करिष्यामीत्यतः कर्त्ता भवति, न च कर्त्ता पुरुषः, एवमुभयथा दोषः स्यादिति। अत उच्यते – इह पुरुषश्चेतनावान्, तेन चेतनाऽवभाससंयुक्तं महदादि लिङ्गं चेतनवदिव भवति। यथा लोके घटः शीतसंयुक्तः शीतः, उष्णसंयुक्त उष्णः, एवं महदादिलिङ्गं तस्य संयोगात् = पुरुषसंयोगात् – चेतनवदिव भवति। तस्माद् गुणा अध्यवसायं कुर्वन्ति, न पुरुषः। यद्यपि लोके पुरुषः कर्त्ता, गन्तेत्यादि प्रयुज्यते, तथाप्यकर्त्ता पुरुषः। कथम्? **गुणकर्तृत्वे च तथा कर्त्तेव भवत्युदासीनः**। गुणानां कर्तृत्वे सति, उदासीनोऽपि पुरुषः कर्त्तेव भवति, न कर्त्ता। अत्र दृष्टान्तो भवति, यथाऽचौरश्चौरैः सह गृहीतश्चौर इत्यवगम्यते, एवं त्रयो गुणाः कर्त्तारः, तैः संयुक्तः पुरुषोऽकर्त्ताऽपि भवति, कर्तृसंयोगात्। एवं व्यक्ताव्यक्तज्ञानां विभागो व्याख्यातः, यद्विभागान्मोक्षप्राप्तिरिति॥२०॥

भाष्यानुवादः

(अब प्रश्न यह है कि) यदि पुरुष अकर्त्ता (कर्त्ता नहीं) है, तो वह निश्चयात्मक ज्ञान कैसे करता है? जैसे – (मैं) धर्म करुँगा, अधर्म को नहीं करुँगा। अतः पुरुष कर्त्ता है। और पुरुष कर्त्ता भी नहीं है, इस प्रकार दोनों तरह (चिन्तन करने) से दोष होना चाहिए। अब (इसके उत्तर में) कहते हैं – इस शास्त्र में पुरुष चेतन से युक्त है, तथा उस चेतन के प्रतिभास से संयुक्त होने पर महदादि लिङ्गतत्त्व चेतन की तरह (प्रतीत) हो जाता है। जैसे – संसार में घड़ा शीत से संयुक्त होने पर शीत तथा उष्ण से संयुक्त होने पर उष्ण हो जाता है। उसी प्रकार महदादि लिङ्गतत्त्व भी उस (चेतन) पुरुष के संयोग से चेतन की तरह हो जाता है। इसलिए गुण ही अध्यवसाय करते हैं, न कि पुरुष। यद्यपि संसार में पुरुष करने वाला (कर्त्ता) है, जाने वाला है – इस प्रकार का व्यवहार होता है, तथापि पुरुष अकर्त्ता है। कैसे? गुणकर्तृत्वे० गुणों के कर्तृत्वरूप गुण होने पर भी उदासीन जो पुरुष वह कर्त्ता की तरह होता है, न कि (स्वयं) कर्त्ता होता है। इसमें उदाहरण है जैसे जो चोर नहीं है, यदि वह चोरों के साथ पकड़ा जाता है, तो (उसके साथ) चोर जैसा व्यवहार किया जाता है। उसी प्रकार तीनों गुण (क्रिया) करने वाले (कर्त्ता) हैं, उनसे संयुक्त होने पर पुरुष अकर्त्ता होने पर भी कर्त्ता होता है, क्योंकि (उसके साथ) कर्त्ता (करने वाले गुण) संयुक्त है। इस प्रकार व्यक्ततत्त्व, अव्यक्ततत्त्व और ज्ञ – इन तीनों का विभाग कह दिया गया, जिसके विभाग विज्ञान से मोक्ष की प्राप्ति हो जाती है॥२०॥

पुरुषस्य दर्शनार्थं कैवल्यार्थं तथा प्रधानस्य।
पंग्वन्धवदुभयोरपि संयोगस्तत्कृतः सर्गः॥२१॥

अन्वय :- पुरुषस्य दर्शनार्थं तथा प्रधानस्य कैवल्यार्थं, उभयोः अपि संयोग पंग्वन्धवत्, तत्कृतः सर्गः।

अनुवाद :- पुरुष का (प्रकृति के साथ) दर्शन के लिए तथा प्रकृति का कैवल्य के लिए (पुरुष के साथ संयोग होता) है। इस (प्रकृति और पुरुष) उभय का भी संयोग पङ्गु और अन्ध के समान होता है। और उसी (संयोग) से सृष्टि होती है।

नरहरिः

पुरुषस्य = चेतनस्य ज्ञस्य वा दर्शनार्थं = दर्शननिमित्तं प्रधानेन सह संयोगः। तथा प्रधानस्य = अव्यक्तस्य कैवल्यार्थम् = कैवल्यनिमित्तं पुरुषेण सह संयोगः। उभयोः = प्रकृतिपुरुषयोः संयोगः पङ्ग्वन्धवत् – यथा कश्चित् पङ्गुः अन्धश्च – एतयोः द्वयोः संयोगः गमनार्थं दर्शनार्थं भवति। अन्धेन पङ्गुस्कन्धमारोपिः, एवं शरीरारूढपङ्गुदर्शितेन मार्गेणान्धो याति, पङ्गुश्चान्धस्कन्धारूढः। एवं प्रकारेण पुरुषे दर्शनशक्तिरस्ति, पङ्गुवत् अक्रियत्वात् न क्रिया। प्रधाने क्रियाशक्तिरस्ति अन्धवत्, न दर्शनशक्तिः। एतयोः द्वयोः संयोगः जायते। पुनः तत्कृतः तेन संयोगेन कृतस्तत्कृतः सर्गः = सृष्टिः जायते। एवं प्रधानपुरुषयोः संयोगेन सर्गस्योत्पत्तिः जायते॥२१॥

गौडपादभाष्यम्

अथैतयोः प्रधानपुरुषयोः किं हेतुः सङ्घातः? उच्यते – पुरुषस्य प्रधानेन सह संयोगो दर्शनार्थम्। प्रकृतिं, महदादिकार्यं भूतपर्यन्तं पुरुषः पश्यति एतदर्थं, प्रधानस्यापि पुरुषेण सह संयोगः कैवल्यार्थम्। स च संयोगः **पङ्ग्वन्धवदुभयोरपि** द्रष्टव्यः। यथा एकः पङ्गुरेकश्चान्धः, एतौ द्वावपि गच्छन्तौ महता सामर्थ्येनाटव्यां सार्थस्य स्तेनकृतादुपप्लवात् स्वबन्धुपरित्यक्तौ दैवादितश्चेतश्च चेरतुः, स्वगत्या च तौ संयोगमुपयातौ। पुनस्तयोः स्ववचसोर्विश्वस्तत्वेन संयोगो गमनार्थं दर्शनार्थञ्च भवति। अन्धेन पङ्गुः स्कन्धमारोपितः, एवं शरीरारूढपङ्गुदर्शितेन मार्गेणाऽन्धो याति, पङ्गुश्चाऽन्धस्कन्धारूढः। एवं पुरुषे दर्शनशक्ति-रस्ति, पङ्गुवत् न क्रिया, प्रधाने क्रियाशक्तिरस्त्यन्धवत्, न दर्शनशक्तिः। यथा वाऽनयोः पङ्ग्वन्धयोः कृतार्थयोर्विभागो भविष्यतीप्सितस्थानप्राप्तयोः, एवं प्रधानमपि पुरुषस्य मोक्षं कृत्वा निवर्त्तते, पुरुषोऽपि प्रधानं दृष्ट्वा कैवल्यं गच्छति, तयोः कृतार्थयो-र्विभागो भविष्यति। किञ्चान्यत् **तत्कृतः सर्गः** तेन

ISBN No. : 978-81-217-0247-8

संयोगेन कृतस्तत्कृतः, सर्गः = सृष्टिः। यथा स्त्रीपुरुषसंयोगात् सुतोत्पत्तिस्तथा प्रधानपुरुषसंयोगात् सर्गस्योत्पत्तिः॥२१॥

भाष्यानुवादः

अब प्रश्न यह है कि इन दोनों प्रधान और पुरुष के संयोग में क्या कारण है? अब उत्तर दिया जा रहा है कि – पुरुष का प्रधान के साथ जो संयोग वह दर्शन के लिए है। प्रकृति तथा महत् से लेकर पञ्चभूत तक तत्त्वों को पुरुष देखता है, इसलिए, प्रधान० प्रधान का भी पुरुष के साथ संयोग कैवल्य के लिए है। और वह संयोग पङ्गु एवं अन्ध की तरह देखना चाहिए। जैसे – एक पङ्गु और एक अन्ध, ये दोनों साथ में जाते हुए अति कष्ट से जङ्गल में जा रहे थे। (जिस सार्थ के साथ जा रहे थे) उस सार्थ का (परिवार में) चोरों के उपद्रव के कारण इतस्तत हो गये तथा अपने बन्धु से परित्यक्त होकर दैववश इधर-उधर विचरण करते रहे। और अपनि गति से वे दोनों संयोग प्राप्त कर गए (मिल गए)। फिर उन दोनों का अपने वचन पर विश्वास होने पर गमन के लिए और दर्शन के लिए संयोग होता है। अन्धे ने पङ्गु को अपने कन्धे पर चढ़ा लिया। इस प्रकार शरीर पर आरूढ़ पङ्गु के दिखाए गए मार्ग से अन्ध जाता है, और पङ्गु अन्धे के कन्धे पर आरूढ़ होकर (जाता है)। इस प्रकार पुरुष में देखने की शक्ति है, परन्तु पङ्गु की तरह क्रिया नहीं है। प्रधान में अन्ध की तरह क्रिया निष्पादन की शक्ति है, परन्तु देखने की शक्ति नहीं है। अथवा जैसे इन पङ्गु और अन्ध – दोनों अपने-अपने इच्छित स्थानों के प्राप्त होने पर, उन दोनों के प्रयोजन चरितार्थ होने पर (जिस कारण दोनों के संयोग हुआ था, उससे उनका) विभाग अर्थात् विच्छेद हो जाता है। इस प्रकार प्रकृति भी पुरुष का मोक्ष सम्पादन करके निवृत्त हो जाती है, पुरुष भी प्रधानतत्त्व को देखकर कैवल्य को प्राप्त कर जाता है, (और इस प्रकार होने पर) उन दोनों का विभाग (वे दोनों अलग-अलग हो जाएँगे) हो जाएगा। और फिर तत्कृत० उस संयोग के द्वारा सृष्टि होती है। जैसे – स्त्री और पुरुष के संयोग से सन्तान की उत्पत्ति होती है, वैसे ही प्रधान और पुरुष के संयोग से सृष्टि होती है॥२१॥

प्रकृतेर्महांस्ततोऽहङ्कारस्तस्माद् गणश्च षोडशकः।
तस्मादपि षोडशकात् पञ्चभ्यः पञ्चभूतानि॥२२॥

अन्वय :- प्रकृतेः महान्, ततः अहङ्कारः, तस्मात् च षोडशकः गणः, तस्माद षोडशकात् अपि पञ्चभ्यः पञ्चभूतानि (जायन्ते)।

अनुवाद :- प्रकृति से महत्तत्त्व, महत्तत्त्व से अहङ्कार और उस अहङ्कार से सोलह का समूह और उस सोलह में भी पाँच तन्मात्राओं से पाँच महाभूत उत्पन्न होते हैं।

नरहरिः

प्रकृतेः = प्रधानादव्यक्तात् वा महान् उत्पद्यते, ततः महतः अहङ्कारः - अहङ्कारलक्षणकः, तस्माद् = अहङ्कारात् षोडशकः गणः = षोडशसङ्ख्यापरिमितो समूहः - एकादशकः तन्मात्रं चेति, यथा श्रोत्रत्वक्चक्षुजिह्वाघ्राणाख्यानि पञ्चज्ञानेन्द्रियाणि, वाक्पाणिपादपायूपस्थाख्यानि पञ्चकर्मेन्द्रियाणि, मनस् इत्येकादशगणः, शब्दस्पर्शरूप-रसगन्धाख्यानि पञ्चतन्मात्राणि चेति। तस्मात् षोडशकात् = षोडशसमूहात् पञ्चभ्यः पञ्चतन्मात्रेभ्यः पृथिव्यप्तेजोवाय्वाकाशाख्यानि पञ्चमहाभूतानि उत्पद्यन्ते॥२२॥

गौडपादभाष्यम्

इदानीं सर्गविभागदर्शनार्थमाह – प्रकृतिः = प्रधानं, ब्रह्म, अव्यक्तं, बहुधानकं, मायेति पर्यायाः। अलिङ्गस्य प्रकृतेः सकाशान्महान्-उत्पद्यते। महान् = बुद्धिः, आसुरी, मतिः, ख्यातिर्ज्ञानमिति प्रज्ञापर्यायैरुत्पद्यते। तस्माच्च = महतोऽहङ्कार उत्पद्यते। अहङ्कारः = भूतादिर्वैकृतस्तैजसोऽभिमान इति पर्यायाः। **तस्माद्गणश्च षोडशकः**। तस्मादहङ्कारात् षोडशकः षोडशस्वरूपेण गण उत्पद्यते। स यथा – पञ्चतन्मात्राणि = शब्दतन्मात्रं, स्पर्शतन्मात्रं, रूपतन्मात्रं, रसतन्मात्रं, गन्धतन्मात्र-मिति, तन्मात्राणि = सूक्ष्मपर्याय-वाच्यानि। तत एकादशेन्द्रियाणि = श्रोत्रं, त्वक्, चक्षुः, जिह्वा, घ्राणमिति पञ्च बुद्धीन्द्रियाणि, वाक्पाणिपादपायूपस्थानीति पञ्चकर्मेन्द्रियाणि, उभयात्मकमेकादशं मनश्च। एष षोडशको गणोऽहङ्कारादुत्पद्यते। किञ्च – **पञ्चभ्यः पञ्चभूतानि**, तस्मात् षोडशकाद् गणाद् पञ्चभ्यस्तन्मात्रेभ्यः सकाशात् पञ्च वै महाभूतान्युत्पद्यन्ते। यदुक्तं – शब्दतन्मात्रादाकाशं, स्पर्शतन्मात्राद्वायुः, रूपतन्मात्रात्तेजः, रसतन्मात्रादापः, गन्धतन्मात्रात् पृथिवी, एवं पञ्चभ्यः परमाणुभ्यः पञ्चमहाभूतान्युत्पद्यन्ते॥२२॥

भाष्यानुवादः

अब सर्ग के विभाग के दर्शन के लिए कहा गया है कि – प्रकृति • प्रधान, ब्रह्म, अव्यक्त, बहुधानक और माया – इन पर्यायों से जाना जाता है। अलिङ्ग प्रकृतितत्त्व से महत्तत्त्व उत्पन्न होता है। यह महत्तत्त्व बुद्धि, आसुरी, मति, ख्याति, ज्ञान तथा प्रज्ञा आदि पर्यायावाचकों से जाना जाता है। उस महत् से अहङ्कार उत्पन्न होता है। इस अहङ्कार के भूतादि वैकृत, भूतादि तैजस तथा अभिमान आदि पर्याय हैं। उस अहङ्कार से सोलह स्वरूपवाला समूह उत्पन्न होता है। वह जैसे – पाँच तन्मात्र • शब्दतन्मात्र, स्पर्शतन्मात्र,

ISBN No. : 978-81-217-0247-8

रूपतन्मात्र, रसतन्मात्र, गन्धतन्मात्र आदि। ये तन्मात्र सूक्ष्म पर्याय वाली है। उससे (अहङ्कार से) ग्यारह इन्द्रियाँ उत्पन्न होती हैं। जैसे – श्रोत्र, त्वक्, चक्षू, जिह्वा, घ्राण आदि पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ, वाक्, पाणि, पाद, पायु और उपस्थ – ये पाँच कर्मेन्द्रियाँ हैं। और उभयात्मक मन है। यह सोलह का समूह अहङ्कार से उत्पन्न हुए हैं। और फिर इस सोलह का समूह पाँच तन्मात्राओं से पाँच महाभूत उत्पन्न होते हैं। जैसे कहा गया है – शब्दतन्मात्र से आकाश, स्पर्शतन्मात्र से वायु, रूपतन्मात्र से तेजस्, रसतन्मात्र से जल, गन्धतन्मात्र से पृथिवी – इस प्रकार पाँचों परमाणुओं से पाँच महाभूत उत्पन्न होते हैं।।२२।।

चित्रम् :-

अध्यवसायो बुद्धिः धर्मो ज्ञानं विराग ऐश्वर्यम्।
सात्त्विकमेतद्रूपं तामसमस्माद्विपर्यस्तम्।।२३।।

अन्वय :- अध्यवसायः बुद्धिः। धर्मो ज्ञानं विराग ऐश्वर्यम् (इति) एतत् (बुद्धेः) सात्त्विकं रूपम्। अस्मात् विपर्यस्तं तामसं (रूपं कथ्यते)।

अनुवाद :- अध्यवसाय बुद्धि है। धर्म, ज्ञान,वैराग्य और ऐश्वर्य - ये (बुद्धि के) सात्त्विक रूप हैं। और इसके विपरीत (अधर्म आदि बुद्धि के) तामस रूप है।

नरहरिः

अध्यवसायः - अध्यवसानमिति, बुद्धेरसाधारणो व्यापारो तदभेदाः बुद्धिः = महत्। इयं बुद्धि द्विधा विभज्यते, सात्त्विकतामसभेदाभ्याम्। तत्र बुद्धिः सात्त्विकं रूपं चतुर्विधम्। यथा – धर्मः, ज्ञानं, वैराग्यम्, ऐश्वर्यम्। तत्र धर्मो योगशास्त्रोक्तदयादानयमनियमलक्षणः। ज्ञानम् = प्रकाशोऽवगमः, भानमिति वा। बाह्याभ्यन्तरभेदाभ्यां ज्ञानं द्विविधम्। तत्र बाह्यं वेदाङ्गसहिताः वेदाः पुराणानि, न्यायमीमांसाधर्मशास्त्राणि चेति। प्रकृतिपुरुषयोः विवेकज्ञानमाभ्यन्तरमित्युच्यते। बाह्यज्ञानेन लोकपङ्क्तिर्लोकानुरागः, ज्ञानेनाऽभ्यन्तरेण च मोक्षः लप्स्यते। वैराग्यं विशिष्टपरमार्थवस्तुविषयको विशिष्टो रागः विरागः, तस्य भावः वैराग्यम्, रागस्याभावो वा वैराग्यमिति। अस्मन्मते तु रागस्याऽभावो विरागः, तस्य भावः वैराग्यमिति न युक्तम्, यतः साङ्ख्ययोगयोः अभावस्याऽधिकरणस्वरूपमङ्गीक्रियते। अतः परमार्थवस्तुविषये रागः विरागः, तस्य भावः वैराग्यमिति युक्तं प्रतिभाति। इदमपि बाह्याभ्यन्तरभेदाभ्यां द्विविधम्। तत्र दृष्टविषयवैतृष्ण्यात् अर्जन-रक्षण-क्षय-सङ्ग-हिंसादिदोषदर्शनाद्विरक्तस्य यत् वैराग्यं जायते तदेव बाह्यं, तथा च स्वप्नेन्द्रजालसदृशं प्रधानमिति विरक्तस्य मोक्षे यदुत्पद्यते तदाभ्यन्तरवैराग्यमुच्यते। ऐश्वर्यम् = ईश्वरस्य भावः, तच्चाणिमाद्यष्टगुणम्। यथा – अणिमा, महिमा, लघिमा, प्राप्तिः, प्राकाम्यम्, ईशित्वं, वशित्वं, यत्र कामावसायित्वं चेति। एतत् = एतानि बुद्धेः सात्त्विकं = सात्त्विकानि रूपाणि सन्ति। सत्त्वगुणः रजस्तमसी अभिभूय धर्मादीन् बुद्धिगुणान् प्राप्नोति। अस्माद् = एभ्यः धर्मादिभ्यः विपर्यस्तम् = विपरीतम् अधर्मः, अज्ञानम्, अवैराग्यम्, अनैश्वर्यमिति तामसः = बुद्धेः तामसरूपं कथ्यते। अत एवं प्रकारेण सात्त्विकैस्तामसैः च स्वरूपैरष्टाङ्गा बुद्धिस्त्रिगुणादव्यक्तादुत्पद्यते।।२३।।

गौडपादभाष्यम्

यदुक्तं 'व्यक्ताऽव्यक्तज्ञविज्ञानान्मोक्षः' इति, तत्र महदादिभूतान्तं त्रयोविंशतिभेदं व्यक्तं व्याख्यातम्। अव्यक्तमपि 'भेदानां परिमाणादि'त्यादिना व्याख्यातम्। पुरुषोऽपि 'सङ्घातपरार्थत्वादि'त्यादिभिर्हेतुभिर्व्याख्यातः। एवमेतानि पञ्चविंशतितत्त्वानि, यस्तैस्त्रैलोक्यं व्याप्तं जानाति, तस्य भावोऽस्तित्वम्। यथोक्तं –

पञ्चविंशतितत्त्वज्ञो यत्र तत्राऽश्रमे रतः।
जटी मुण्डी शिखी वापि मुच्यते नात्र संशयः॥

तानि यथा – प्रकृतिः, पुरुषो, बुद्धिरहङ्कारः, पञ्चतन्मात्राणि, एकादशेन्द्रियाणि पञ्चमहाभूतानीति, एतानि पञ्चविंशति-तत्त्वानि। तत्रोक्तं 'प्रकृतेर्महानुत्पद्यते'। तस्य महतः किं लक्षणमित्येतदाह – **अध्यवसायो बुद्धिलक्षणम्।** अध्यवसानम् = अध्यवसायः। यथा बीजे भविष्यद्वृत्तिकोऽहङ्कारस्तद्वदध्यवसायः - अयं घटः, अयं पटः इत्येवमध्यवस्यति या सा बुद्धिरिति लक्ष्यते। सा च बुद्धिरष्टाङ्गिका, सात्त्विकतामसरूपभेदात्। तत्र बुद्धेः सात्त्विकं रूपं चतुर्विधं भवति = धर्मो, ज्ञानं, वैराग्यमैश्वर्यं चेति। तत्र धर्मो नाम – दयादानयमनियमलक्षणः। तत्र यमाः नियमाश्च पातञ्जलेऽभिहिता - 'अहिंसासत्याऽस्येय-ब्रह्मचर्याऽपरिग्रहाः यमाः', 'शौचसन्तोषतपःस्वाध्यायेश्वरप्रणिधानानि नियमाः'। ज्ञानं, प्रकाशोऽवगमो, भानमिति पर्यायाः। तच्च द्विविधं = बाह्यमाभ्यन्तरञ्चेति। तत्र बाह्यं नाम – वेदाः शिक्षाकल्पव्याकरणनिरुक्तच्छन्दोज्यौतिषाख्यषडङ्गसहिताः, पुराणानि, न्यायमीमांसाधर्मशास्त्राणि चेति। आभ्यन्तरं – प्रकृतिपुरुषज्ञानम्। इयं प्रकृतिः सत्त्वरजस्तमसां साम्यावस्था, अयं पुरुषः सिद्धो, निर्गुणो व्यापी, चेतन इति। तत्र बाह्येन ज्ञानेन लोकपङ्क्तिर्लोकानुराग इत्यर्थः। आभ्यन्तरेण ज्ञानेन मोक्ष इत्यर्थः।

वैराग्यमपि द्विविधं बाह्यमाभ्यन्तरं च। बाह्यं – दृष्टविषयवैतृष्ण्यम् = अर्जन-रक्षण-क्षय-सङ्ग-हिंसादोषदर्शनाद्विरक्तस्य। आभ्यन्तरं प्रधानमप्यत्र स्वप्नेन्द्रजालसदृशमिति विरक्तस्य मोक्षेप्सोर्यदुत्पद्यते तदाभ्यन्तरं वैराग्यम्। ऐश्वर्यं = ईश्वरभावः। तच्चाष्टगुणम् – अणिमा, महिमा, लघिमा, प्राप्तिः, प्रकाम्यमीशित्वं, वशित्वं, यत्रकामावसायित्वं चेति। अणोर्भावोऽणिमा = सूक्ष्मो भूत्वा जगति विचरतीति। महिमा = महान् भूत्वा विचरतीति। लघिमा = मृणालीतूलावयवादपि लघुतया पुष्पकेशराग्रेष्वपि तिष्ठति। प्राप्तिः = अभिमतं वस्तु यत्र तत्रावस्थितः प्राप्नोति। प्राकाम्यं = प्रकामतो यदेवेच्छति तदेव विदधाति। ईशित्वं = प्रभुतया त्रैलोक्यमपीष्टे। वशित्वं = सर्वं वशीभवति। यत्र कामावसायित्वं = ब्रह्मादिस्तम्बपर्यन्तं यत्र कामस्तत्रैवास्य स्वेच्छया स्थानासनविहारानाचरतीति। चत्वारि एतानि बुद्धेः सात्त्विकानि रूपाणि। यदा सत्त्वेन रजस्तमसी अभिभूते, तदा पुमान् बुद्धिगुणान् धर्मादीनाप्नोति। किञ्चान्यत् **तामसमस्माद्विपर्यस्तम्।** अस्माद्धर्मादिर्विपरीतं तामसं बुद्धिरूपम्। तत्र धर्माद्विपरीतोऽधर्मः एवमज्ञानमवैराग्यमनैश्वर्यमिति। एवं सात्त्विकैस्तामसैः स्वरूपैरष्टाङ्गा बुद्धिस्त्रिगुणादव्यक्तादुत्पद्यते॥२३॥

भाष्यानुवादः

जो कहा गया है – व्यक्त, अव्यक्त और ज्ञ तत्त्व के विशिष्टज्ञान से मोक्ष होता है, उसमें महत् तत्त्व से लेकर पञ्चमहाभूत तक २३ व्यक्ततत्त्वों की व्याख्या हो गयी। अव्यक्ततत्त्व भी भेदाना० इस कारिका से व्याख्यात है। पुरुष तत्त्व भी सङ्घात० इत्यादि हेतुओं से व्याख्यात है। इस प्रकार से २५ तत्त्व, जो तीनों लोक में व्याप्त हुआ जान लेता है, उसका भाव अस्तित्व है। जैसे कहा गया है –

पञ्चविंशतितत्त्वज्ञो यत्र तत्राऽश्रमे रतः।
जटी मुण्डी शिखी वापि मुच्यते नात्र संशयः॥

अर्थात् 'पच्चीस तत्त्वों को जानने वाला जिस किसी भी आश्रम में रहता है (चाहे) वह जटी, मुण्डी, शिखी हो, मुक्त हो जाता है, इसमें संशय नहीं है।'

वे जैसे – प्रकृति, पुरुष, बुद्धि, अहङ्कार, पाँच तन्मात्राएँ, ग्यारह इन्द्रियाँ, पाँच महाभूत हैं। ये पच्चीस तत्त्व कहे जाते हैं। ऊपर कहा गया है कि प्रकृतितत्त्व से महत्तत्त्व उत्पन्न होता है। उस महान् का क्या लक्षण है? इस पर कहते हैं अध्यावसाय० अध्यवसाय बुद्धि का लक्षण है। अध्यवसान ही अध्यवसाय है। जैसे – बीज में भविष्य में होने वाला अङ्कुर का निश्चय होता है, उसी प्रकार अध्यवसाय है। यह घडा है, यह वस्त्र है, इस प्रकार का जो निश्चयात्मक ज्ञान करता है, वह बुद्धि के रूप से लक्षित है। और यह बुद्धि आठ अङ्गो वाली है। सात्त्विकरूप और तामसिकरूप भेद से। इनमें से बुद्धि का सात्त्विकरूप चार प्रकार का है। जैसे – धर्म, ज्ञान, वैराग्य और ऐश्वर्य। इनमें से धर्म, दया, दान, यम तथा नियम लक्षणवाला है। उनमें से यम और नियम पतञ्जलि के द्वारा कहे गये हैं – 'अहिंसासत्याऽस्तेयब्रह्मचर्याऽपरिग्रहाः यमाः। शौचसन्तोषतपःस्वाध्यायेश्वरप्रणिधानानि नियमाः।' अर्थात् – अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह – ये पाँच यम हैं। शौच, सन्तोष, तपः, स्वाध्याय और ईश्वर प्रणिधान ये नियम कहे जाते हैं। ज्ञान, प्रकाश, अवगम तथा भान – ये बुद्धि के पर्याय हैं। और यह दो प्रकार का है – बाह्य और आभ्यन्तर के भेद से। इन दोनों में बाह्य ज्ञान शिक्षा, कल्प, व्याकरण, निरुक्त, छन्द, ज्योतिष – इस प्रकार ६ अङ्गों के साथ चार वेद, पुराण और न्याय, मीमांसा तथा धर्मशास्त्र आदि हैं। आभ्यन्तर प्रकृति और पुरुष का ज्ञान

है। यह प्रकृति सत्त्व, रजस् और तमस् – इन तीनों गुणों की साम्यावस्था है, यह पुरुष सिद्ध है, जो कि निर्गुण, व्यापी तथा चेतन है। यहाँ पर बाह्य ज्ञान से लोक में प्रसिद्धि, अथवा लोगों में अनुराग होता है। और आभ्यन्तर ज्ञान से मोक्ष प्राप्त होता है।

वैराग्य भी दो प्रकार का है, जैसे – बाह्य और आभ्यन्तर। अर्जन, रक्षण, क्षय, सङ्ग, हिंसा आदि दोषों के दर्शन से विरक्त हुआ चित्त का जो दृष्ट विषयों से वैतृष्ण्य होता है उसे बाह्य वैराग्य कहा जाता है। प्रधान भी यहाँ पर स्वप्न तथा इन्द्रजाल सदृश है- इस प्रकार मोक्ष में इच्छा रखने वाला विरक्त चित्त का जो (वैराग्य) उत्पन्न होता है वह आभ्यन्तर वैराग्य है। ईश्वर का भाव ऐश्वर्य है, और यह आठ गुणवाला है। जैसे – अणिमा, महिमा, लघिमा, प्राप्ति, प्राकाम्य, ईशित्व, वशित्व और यत्रकामावशायित्व। अणुमात्र का हो जाना अणिमा है, यह सूक्ष्म होकर जगत में विचरण करने वाला होता है। (महिमा) महान् होकर विचरण करने वाला महिमा है। (लघिमा से) कमल का तन्तु अथवा रुई के अवयव से भी हल्का होकर पुष्प केसर के अग्रभाग में भी रह जाता है। (प्राप्ति से) अपने अभीष्ट वस्तु को जिस जगह में हो उसी जगह पर प्राप्त करता है। (प्राकाम्य से) विस्तार पूर्वक जो इच्छा करता है, वह करने में समर्थ होता है। (ईशिता से) प्रभुत्व से त्रैलोक्य का (स्वामीत्व) भी प्राप्त करने वाला है। (वशित्व से) सब कुछ वशीभूत होता है। (यत्रकामावशायित्व से) ब्रह्म से लेकर जड तक जिसमें इच्छा हो उसमें उसकी स्वेच्छा से स्थान, आसन तथा विहार आदि का आचरण करता है। यह चार बुद्धि के सात्त्विक स्वरूप है। जब सत्त्वगुण से रजोगुण और तमोगुण अभिभूत हो जाते हैं, तब पुरुषतत्त्व धर्म आदि बुद्धि के गुणों को प्राप्त कर लेता है। और फिर अन्य – तामस० इन धर्म आदि से विपरीत बुद्धि के तामसिक रूप होते हैं। उनमें से धर्म से विपरीत अधर्म, इस प्रकार अज्ञान, अवैराग्य, अनैश्वर्य आदि है। इस प्रकार सात्त्विक और तामसिक स्वरूपवाली आठ अङ्गों वाली बुद्धि त्रिगुणात्मिका प्रकृति से उत्पन्न होती है।।२३।।

चित्रम् :-

अभिमानोऽहङ्कारस्तस्माद् द्विविधः प्रवर्त्तते सर्गः।
एकादशकश्च गणस्तन्मात्रः पञ्चकश्चैव।।२४।।

अन्वय :- अभिमानः अहङ्कारः, तस्मात् द्विविधः सर्गः प्रवर्त्तते। एकादशकः गणः च तन्मात्रः च पञ्चकः एव।

अनुवाद :- अभिमत करना अहङ्कार है। उस अहङ्कार से दो प्रकार की सृष्टि होती है। (ये दो) ग्यारह इन्द्रियों का समूह और पाँच तन्मात्राओं का समूह ही है।

नरहरिः

अभिमानः = यत् खलु आलोचितं मतं तत्राहमधिकृतः, शक्तः खल्वहमत्र, मदर्था एवामी विषयाः, मत्तो नान्योऽत्राधि-कृतः कश्चिदस्ति अतोऽहमस्मि इति योऽभिमानः असाधारणव्यापारो वा अहङ्कारः = अहं करोतीति। यथा कुम्भं करोतीति, अहं क्रियतेऽनेनेति वा। तस्माद् = अहङ्कारात्, द्विविधः = द्विप्रकारेण सर्गः = सृष्टिः, प्रवर्त्तते = प्रवृत्तं भवतीति। एकादशकः = पञ्चज्ञानेन्द्रियाणि, पञ्चकर्मेन्द्रियाणि, मनस्। गणः = समूहः, तथा च तन्मात्रः - शब्दः, स्पर्शः, रूपं, रसः, गन्धश्चेति पञ्चकः = पञ्चानां समूहः उत्पद्यते।।२४।।

गौडपादभाष्यम्

एवं बुद्धिलक्षणमुक्तम्। अहङ्कारलक्षणमुच्यते – एकादशकश्च गणः = एकादशेन्द्रियाणि, तथा तन्मात्रगणः पञ्चकः = पञ्चलक्षणोपेतः। शब्दतन्मात्र-स्पर्शतन्मात्र-रूपतन्मात्र-रसतन्मात्र-गन्धतन्मात्रलक्षणोपेतः।।२४।।

भाष्यानुवादः

इस प्रकार बुद्धि का लक्षण कह दिया गया। अब अहङ्कार का लक्षण कहा जा रहा है। एकादशक० ग्यारह इन्द्रियों तथा पाँच तन्मात्राओं का समूह (जो पाँचों लक्षणों से युक्त)। जैसे शब्दतन्मात्र, स्पर्शतन्मात्र, रूपतन्मात्र, रसतन्मात्र और गन्धतन्मात्र – इन लक्षणों से युक्त है।।२४।।

सात्त्विक एकादशकः प्रवर्त्तत वैकृतादहङ्कारात्।
भूतादेस्तन्मात्रः स तामसस्तैजसादुभयम्।।२५।।

अन्वय :- वैकृतात् अहङ्कारात् सात्त्विकः एकादशकः प्रवर्त्तते। भूतादेः (अहङ्कारात्) तन्मात्रः सः तामसः उच्यते। तैजसात् उभयम् (प्रवर्त्तते)।

ISBN No. : 978-81-217-0247-8

अनुवाद :- वैकृत संज्ञक अहङ्कार से सात्त्विक ग्यारह का समूह प्रवृत्त होता है। तथा भूतादि संज्ञक अहङ्कार से पाँच तन्मात्राएँ प्रवृत्त होती हैं, यह तामस संज्ञक अहङ्कार कहलाता है। तैजस संज्ञक अहङ्कार से इन दोनों प्रकार के सर्ग प्रवृत्त होता है।

नरहरि:

वैकृतात् = विकृतो भूत्वा यज्जायते, तस्माद् वैकृतसंज्ञकात् अहङ्कारात् = अभिमानलक्षणात्, सात्त्विक: = सत्त्वगुणे-नाभिभूते यदा रजस्तमसी अहङ्कारे भवतस्तदा सोऽहङ्कार: सात्त्विक: उच्यते। एकादशक: - एकादशेन्द्रियगण: = पञ्चज्ञानेन्द्रियाणि, पञ्चकर्मेन्द्रियाणि, मनस् चेति, प्रवर्त्तते = प्रवृत्तं भवति उत्पद्यते वा। भूतादे: = भूतादिसंज्ञकात् अहङ्कारात् तामस: - यदा तमोगुणेनाभिभूते सत्त्वरजसी अहङ्कारे भवतस्तदा सोऽहङ्कारस्तामसमुच्यते। तन्मात्र: = तन्मात्रगण: पञ्चतन्मात्राणि उत्पद्यन्ते। तैजसाद् – यदा रजोगुणेनाभिभूते सत्त्वतमसी अहङ्कारे भवत: सोऽहङ्कार: तैजसमुच्यते। तस्मात् उभयम् = सात्त्विक: एकादशक: भूतादि तन्मात्रगण: उत्पद्यते॥२५॥

गौडपादभाष्यम्

किं लक्षणात्सर्गमित्येतदाह – सत्त्वेनाभिभूते यदा रजस्तमसी अहङ्कारे भवतस्तदा सोऽहङ्कार: सात्त्विक:। तस्य च पूर्वाचार्यै: संज्ञा कृता वैकृत इति। एतस्माद्वैकृताद-हङ्कारादेकादशक इन्द्रियगण उत्पद्यते। यस्मात् सात्त्विकानि विशुद्धानीन्द्रियाणि स्वविषयसमर्थानि, तस्मादुच्यते **सात्त्विक एकादशक इति**। किञ्चान्यत्? **भूतादेस्तन्मात्र: स तामस:**। तमसाभिभूते सत्त्वरजसी अहङ्कारे यदा भवतस्तदा सोऽहङ्कारस्तामस उच्यते, तस्य पूर्वाचार्यकृता संज्ञा भूतादि:। तस्माद्भूतादेरहङ्कारात् तन्मात्र: पञ्चको गण उत्पद्यते। भूतानामादिभूतस्तमोबहुल:, तेनोक्त: स तामस इति। तस्माद् भूतादे: पञ्चतन्मात्रको गण:। किञ्च **तैजसादुभयम्**। यदा रजसाभिभूते सत्त्वतमसी अहङ्कारे भवतस्तदा तस्मात् सोऽहङ्कारस्तैजस इति संज्ञा लभते। तस्मात्तैजसादुभयमुत्पद्यते। उभयमिति = एकादशको गणस्तन्मात्र: पञ्चक:। योऽयं सात्त्विकोऽहङ्कारो, वैकृतिको = विकृतो भूत्वा एकादशेन्द्रि-याण्युत्पादयति, स तैजसमहङ्कारं सहायं गृह्णाति। सात्त्विको निष्क्रिय: स तैजसयुक्त इन्द्रियोत्पत्तौ समर्थ:। तथा तामसोऽहङ्कारो भूतादिसंज्ञितो निष्क्रियत्वात् तैजसेनाहङ्कारेण क्रियावता युक्तस्तन्मात्राण्युत्पादयति। तेनोक्तं - तैजसादुभयमिति। एवं तैजसेनाऽह-ङ्कारेणेन्द्रियाण्येकादश, पञ्चतन्मात्राणि कृतानि भवन्ति॥२५॥

भाष्यानुवाद:

किस लक्षण (वाला अहङ्कार) से सर्ग उत्पन्न होता है? इस पर कहते हैं कि जब सत्त्वगुण से अभिभूत होकर रजोगुण और तमोगुण अहङ्कार में रहते हैं तब वह अहङ्कार सात्त्विक अहङ्कार कहलाता है। उसका पूर्व के आचार्यों के द्वारा वैकृत नामक संज्ञा किया गया है। इस वैकृत अहङ्कार से ग्यारह इन्द्रियों का समूह उत्पन्न होता है। चूँकि ये सात्त्विक विशुद्ध इन्द्रियाँ अपने विषय के ग्रहण में समर्थ होती हैं, अत: ये सात्त्विक ग्यारह वाला कहे गए हैं। और फिर क्या? भूतादि० जब तमोगुण से अभिभूत होकर सत्त्वगुण और रजोगुण अहङ्कार में रहते हैं, तब वह अहङ्कार तामस अहङ्कार कहलाता है। उसकी पूर्व के आचार्यों के द्वारा भूतादि संज्ञा की गई है। उस भूतादि संज्ञक अहङ्कार से पाँच तन्मात्राओं का समूह उत्पन्न होता है। और फिर तैजस अहङ्कार से दोनों उत्पन्न होते हैं। जब रजोगुण से अभिभूत होकर सत्त्वगुण और तमोगुण अहङ्कार में रहते हैं, तब उससे (उभय उत्पन्न होते हैं), वह अहङ्कार तैजस संज्ञा को प्राप्त करता है। उस तैजस नामक अहङ्कार से उभय उत्पन्न होते हैं। ग्यारह इन्द्रियों का समूह और पाँच तन्मात्राओं का समूह। यह जो सात्त्विक अहङ्कार है, वह विकृत होकर ग्यारह इन्द्रियों को उत्पन्न करता है, वह तैजस अहङ्कार की सहायता ग्रहण करता है। सात्त्विक निष्क्रिय है, वह तैजस अहङ्कार से युक्त होकर इन्द्रियों के उत्पादन में समर्थ होता है। उसी प्रकार भूतादि संज्ञा वाला तामसिक अहङ्कार निष्क्रिय होने के कारण तैजस अहङ्कार के द्वारा क्रिया से युक्त होकर तन्मात्राओं को उत्पन्न करता है। इसलिए कहा गया है – तैजस० इस प्रकार तैजस संज्ञक अहङ्कार से ग्यारह इन्द्रियाँ, पाँच तन्मात्राएँ (उत्पन्न) होते हैं॥२५॥

चित्रम् :-

बुद्धीन्द्रियाणि चक्षु:श्रोत्रघ्राणरसनस्पर्शनकानि।
वाक्पाणिपादपायूपस्थानि[२] कर्मेन्द्रियाण्याहु:॥२६॥

---

२. क० 'वाक्पाणिपादपायूपस्थान्' इति केचित् गौडपादटीकारा: पठन्ति।
ख० '...यूपस्था:' इति क्वचित् पठ्यते।

अन्वय :- चक्षुःश्रोत्रघ्राणरसनत्वगाख्यानि बुद्धीन्द्रियाणि (इति), वाक्पाणिपादपायूप-स्थानि कर्मेन्द्रियाणि (इति) आहुः।

अनुवाद :- चक्षुः, श्रोत्र, घ्राण, रसना और त्वक् नाम वाले पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ और वाक्, पाणि, पाद, पायु और उपस्थ – ये पाँच कर्मेन्द्रियाँ कही जाती है।

नरहरिः

चक्षुःश्रोत्रघ्राणरसनत्वगाख्यानि – चक्षुरिन्द्रियम्, श्रोत्रेन्द्रियं, घ्राणेन्द्रियं, रसनेन्द्रियं, त्वगिन्द्रियं चेति बुद्धीन्द्रियाणि = ज्ञानेन्द्रियाणि उच्यन्ते। वाक्पाणिपादपायूपस्थानि – वागिन्द्रियं, पाणीन्द्रियं, पायु-इन्द्रियं, उपस्थेन्द्रियं चेति कर्मेन्द्रियाणि – कर्म कुर्वन्तीति कथ्यन्ते।।२६।।

गौडपादभाष्यम्

'सात्त्विक एकादशक' इत्युक्तः यो वैकृतात् सात्त्विक एकादशकः सात्त्विकादहङ्कारादुत्पद्यते, तस्य का संज्ञेत्याह – चक्षुरादीनि स्पर्शनपर्यन्तानि बुद्धीन्द्रियाण्युच्यन्ते। स्पृश्यतेऽनेनेति स्पर्शनं = त्वगिन्द्रियं, तद्वाची सिद्धः स्पर्शनशब्दोऽस्ति, तेनेदं पठ्यते – स्पर्शनकानीति। शब्दस्पर्शरूपरसगन्धान् पञ्चविषयान् बुध्यन्ते अवगच्छन्तीति – पञ्च बुद्धीन्द्रियाणि। वाक्पाणिपादपायूपस्थान् कर्मेन्द्रियाण्याहुः। कर्म कुर्वन्तीति कर्मेन्द्रियाणि। तत्र वाग्वदति, हस्तौ नाना व्यापारं कुरुतः, पादौ गमनाऽगमनं, पायुरुत्सर्गं करोति, उपस्थ आनन्दं प्रजोत्पत्त्या।।२६।।

भाष्यानुवादः

'सात्त्विक ग्यारह' यह वैकृत संज्ञक सात्त्विक अहङ्कार से उत्पन्न होता है, जो यह कहा गया है, उसकी क्या संज्ञा है? इस पर कहते हैं चक्षु से लेकर स्पर्शन इन्द्रिय (त्वगिन्द्रिय) पर्यन्त ज्ञानेन्द्रियाँ कही जाती है। इसके द्वारा स्पर्श किया जाता है – इसलिए स्पर्शन त्वगिन्द्रिय है। उसका वाचक होने से स्पर्शन शब्द (त्वगिन्द्रिय के लिए) सिद्ध है। इसलिए पढ़ा जाता है स्पर्शनकानीति०। शब्द, स्पर्श, रूप, रस और गन्ध – ये पाँचों विषयों का बोधन करती है, उनको समझती है – अतः ये पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ कही जाती है। कर्म करने के कारण कर्मेन्द्रियाँ हैं। उनमें से वाक् कहता है, दोनों हाथ व्यापारों का निष्पादन करते हैं, दोनों पाद गमन और आगमन करते हैं, पायु उत्सर्ग करता है तथा उपस्थ सन्तान की उत्पत्ति के द्वारा आनन्द प्रदान करता है।।२६।।

उभयात्मकमत्र मनः सङ्कल्पकमिन्द्रियञ्च साधर्म्यात्।
गुणपरिणामविशेषान्नानात्वं बाह्यभेदाश्च।।२७।।

अन्वय :- अत्र मनः उभयात्मकं, सङ्कल्पकं, साधर्म्यात् च इन्द्रियम्। गुणपरिणामविशेषात् नानात्वं बाह्यभेदाः च।

अनुवाद :- इन इन्द्रियों के मध्य मन उभय स्वरूपवाला अर्थात् ज्ञानेन्द्रियों के साथ ज्ञानेन्द्रिय की तरह तथा कर्मेन्द्रियों के साथ कर्मेन्द्रिय की तरह है, सङ्कल्प करने वाला है, और (अन्य इन्द्रियों के साथ) समान धर्मवाला होने के कारण इन्द्रिय भी है। गुणों के परिणाम में विशिष्टता हो जाने से (इन्द्रियों में) अनेकता और बाह्य अर्थो में भी भेद होता है।

नरहरिः

अत्र = इन्द्रियवर्गे, मनः = अन्तःकरणम्, उभयात्मकम् = ज्ञानेन्द्रियेषु ज्ञानेन्द्रियवत्, कर्मेन्द्रियेषु कर्मेन्द्रियवदिति, सङ्कल्पकं = सङ्कल्पं करोत्ययं, साधर्म्यात् = सदृशधर्मस्य भावः, तस्मात् इन्द्रियम् – विषयान् गृह्णातीति। गुणपरिणामविशेषात् = गुणानां सत्त्वरजस्तमसां परिणामः तद्विशेषः, तस्मात् नानार्थम् = अनेकत्वं वैचित्र्यं बाह्यभेदाः च।।२७।।

गौडपादभाष्यम्

एवं बुद्धीन्द्रियकर्मेन्द्रियभेदेन दशेन्द्रियाणि व्याख्यातानि। मन एकादशकं किमात्मकं, किं स्वरूपञ्चेति? तदुच्यते – अत्र इन्द्रियवर्गे मन **उभयात्मकम्**। बुद्धीन्द्रियेषु बुद्धीन्द्रियवत्, कर्मेन्द्रियेषु कर्मेन्द्रियवत्। कस्मात्? बुद्धीन्द्रियाणां प्रवृत्तिं कल्पयति, कर्मेन्द्रियाणाञ्च, तस्मादुभयात्मकं मनः। सङ्कल्पयतीति सङ्कल्पकम्। किञ्चान्यदिन्द्रियञ्च, साधर्म्यात् = समानधर्मभावात्, सात्त्विकादहङ्कारात् बुद्धीन्द्रियाणि कर्मेन्द्रियाणि मनसा सहोत्पद्यमानानि मनसः साधर्म्यं प्रति, तस्मात् साधर्म्यान्मनोऽपीन्द्रियम्। एवमेतान्येका-दशेन्द्रियाणि सात्त्विकाद्वैकृतादहङ्कारादुत्पन्नानि। तत्र मनसः का वृत्तिरिति? सङ्कल्पो वृत्तिः। बुद्धीन्द्रियाणां शब्दादयो वृत्तयः, कर्मेन्द्रियाणां वचनादयः।

अथैतानीन्द्रियाणि भिन्नानि भिन्नार्थग्राहकाणि – किमीश्वरेण? उत स्वभावेन कृतानि? यतः प्रधानबुद्ध्यहङ्कारा अचेतनाः पुरुषोऽप्यकर्त्तेति। अत्राह इह साङ्ख्यानां स्वभावो नाम कश्चित्कारणमस्ति। अत्रोच्यते – गुणपरिणामविशेषान्नानात्वं बाह्यभेदाश्च। इमान्येकादशेन्द्रियाणि शब्दस्पर्शरूपरसगन्धाः पञ्चानां, वचनादानविहरणोत्सर्गानन्दाश्च पञ्चानां, सङ्कल्पश्च मनसः। एवमेते भिन्नानामेवेन्द्रियाणामर्थाः गुणपरिणामविशेषात्। गुणानां परिणामो गुणपरिणामस्तस्य विशेषादिन्द्रियाणां नानात्वं बाह्यार्थभेदाश्च। अथैतन्नानात्वं नेश्वरेण,

ISBN No. : 978-81-217-0247-8

नाऽहङ्कारेण, न बुद्ध्या, न प्रधानेन, न पुरुषेण। (किन्तु) स्वभावात् कृतगुणपरिणामेनेति। गुणानामचेतनत्वान्न प्रवर्त्तते? प्रवर्त्तत एव। कथम्? वक्ष्यतीहैव –

वत्सविवृद्धिनिमित्तं क्षीरस्य यथा प्रवृत्तिरज्ञस्य।
पुरुषविमोक्षनिमित्तं तथा प्रवृत्तिः प्रधानस्य॥

एवमचेतनाः गुणा एकादशेन्द्रियभावेन प्रवर्त्तन्ते, विशेषोऽपि तत्कृत एव, येनोच्चैः प्रदेशे चक्षुरवलोकनाय स्थितं, तथा घ्राणं, तथा श्रोत्रं, तथा जिह्वा स्वदेशे स्वार्थग्रहणाय। एवं कर्मेन्द्रियाण्यपि यथायथं स्वार्थसमर्थानि स्वदेशावस्थितानि स्वभावतो गुणपरिणामविशेषादेव न, तदर्था अपि। यत उक्तं शास्त्रान्तरे - 'गुणाः गुणेषु वर्त्तन्ते', गुणानां या वृत्तिः सा गुणविषया एवेति बाह्यार्था विज्ञेया गुणकृता एवेत्यर्थः प्रधानं यस्य कारणमिति॥२७॥

भाष्यानुवादः

इस प्रकार ज्ञानेन्द्रिय और कर्मेन्द्रिय के भेद से दश इन्द्रियों की व्याख्या कर दी गयी। और ग्यारहवाँ मन किस स्वरूपवाला है? तब (इसके उत्तर में) कहते हैं – इस इन्द्रियवर्ग में मन उभयस्वरूपवाला है। ज्ञानेन्द्रियों में ज्ञानेन्द्रियों की तरह, कर्मेन्द्रियों में कर्मेन्द्रियों की तरह। कैसे? (क्योंकि यह) ज्ञानेन्द्रियों की प्रवृत्ति की कल्पना करता है और कर्मेन्द्रियों की भी। इसलिए मन उभयात्मक है। सङ्कल्प करने वाला है, इसलिए सङ्कल्पक है। और फिर इन्द्रिय है, समान धर्म होने के कारण, सात्त्विक अहङ्कार से ज्ञानेन्द्रियाँ और कर्मेन्द्रियाँ मन के साथ उत्पन्न होकर मन के साथ समानधर्मत्व के प्रति कारण होता है। इसलिए साधर्म्य के कारण मन भी इन्द्रिय है। इस प्रकार ये ग्यारह इन्द्रियाँ वैकृत संज्ञक अहङ्कार से उत्पन्न होती है। उसमें मन का व्यापार क्या है? इस पर कहते हैं – सङ्कल्प (करना) व्यापार है। ज्ञानेन्द्रियों का व्यापार शब्द आदि है। और कर्मेन्द्रियों का व्यापार वचन आदि है।

इसके बाद (कहते हैं कि) इन्द्रियाँ भिन्न-भिन्न है, और भिन्न-भिन्न अर्थों (विषयों) को ग्रहण करने वाले हैं। (अब प्रश्न यह है कि इन्द्रियों का यह जो व्यापार है) क्या (वह) ईश्वर के द्वारा किया जाता है? अथवा इन्द्रियाँ अपने स्वभाव से प्रवृत्त होती है? क्योंकि प्रकृति, बुद्धि और अहङ्कार – ये अचेतन (जड़) है, (और चेतन) पुरुष भी अकर्त्ता है। यहाँ पर यह कहा जाता है कि साङ्ख्यों का स्वभाव नामक कोई कारण है (जिससे कि ये इन्द्रियाँ स्व-व्यापार का निष्पादन करते हैं)। अतः यहाँ पर कहते हैं – गुणपरिणाम० ये ग्यारह इन्द्रियाँ (जैसे - ज्ञानेन्द्रियाँ शब्द, स्पर्श, रूप, रस और गन्ध – इन पाँच विषयों का (ग्रहण करती हैं)। कर्मेन्द्रियाँ वचन, आदान, विहरण, उत्सर्ग और आनन्द – इन पाँच विषयों का (ग्रहण करती है) और मन सङ्कल्प व्यापार का निष्पादन करता है। इस प्रकार ये भिन्न-भिन्न इन्द्रियों के विषय गुणों के परिणाम का विशेषता होने से इन्द्रियों का व्यापार अनेक है, और बाह्यार्थ के भेद से। अब यह अनेकत्व न ईश्वर से, न अहङ्कार से, न बुद्धि से, न प्रकृति से, न पुरुष के द्वारा (किया जाता है)। परन्तु (ये अपने) स्वभाग से ही गुणपरिणाम करते हैं। (अब प्रश्न यह है कि) गुणों के अचेतनत्व होने से ये प्रवृत्त नहीं होते हैं? इस पर उत्तर देते हैं कि (ये) प्रवृत्त होते हैं। इस पर प्रश्न है कि किस प्रकार? (इस पर उत्तर देते हैं कि) प्रस्तुत साङ्ख्यकारिका में आगे कहेंगे कि –

वत्सविवृद्धिनिमित्तं क्षीरस्य यथा प्रवृत्तिरज्ञस्य।
पुरुषविमोक्षनिमित्तं तथा प्रवृत्तिः प्रधानस्य॥

अर्थात् 'जिस प्रकार बछड़े के पोषण हेतु जड़ दुग्ध की प्रवृत्ति होती है, उसी प्रकार पुरुष के मोक्ष हेतु अचेतन प्रकृति की प्रवृत्ति होती है'।

इस प्रकार अचेतन गुण ग्यारह इन्द्रियों के रूप से प्रवृत्त होते हैं। विशेष भी उनके द्वारा ही किया जाता है। जिससे ऊँचे प्रदेश में चक्षु देखने के लिए रहता है, वैसे ही घ्राण, वैसे श्रोत्र, वैसे रसना अपने देश में स्वार्थ ग्रहण के लिए प्रवृत्त होते हैं। इस प्रकार कर्मेन्द्रियाँ भी अपने स्वभाग के अनुसार अपने देश में स्थित रहते हुए स्वार्थ ग्रहण के लिए प्रवृत्त होते हैं। क्योंकि अन्यशास्त्र में कहा गया है कि गुण गुणों में रहते हैं। गुणों का जो व्यापार, वह गुणविषय है, इस प्रकार बाह्य विषय होते हैं ऐसे जानना चाहिए। और गुणों का कार्यरूप होते हैं – इस प्रकार प्रधान जिनका कारण है॥२७॥

रूपादिषु पञ्चानामालोचनमात्रमिष्यते वृत्तिः।
वचनाऽदानविहरणोत्सर्गाऽनन्दाश्च पञ्चानाम्॥२८॥

अन्वय :- रूपादिषु पञ्चानां वृत्तिः आलोचनमात्रम् इष्यते। पञ्चानां वचनादानविहरणोत्सर्गानन्दाः च (इष्यते)।

अनुवाद :- रूप आदि पाँचों की वृत्ति आलोचन मात्र कही जाती है। पाँच कर्मेन्द्रियों के व्यापार बोलना, लेना, विहार करना, (परिणत मलों के) उत्सर्ग और (सन्तानोत्पत्ति में) आनन्द हैं।

नरहरिः

रूपादिषु = शब्दस्पर्शादिविषयेषु पञ्चानाम् = चक्षुरादीनां पञ्चज्ञानेन्द्रियाणां वृत्तिः = व्यापारम् आलोचनमात्रम् = निर्विकल्पकमस्पष्टं ज्ञानं वा इष्यते = स्वीक्रियते। पञ्चानाम् = पञ्चकर्मेन्द्रियाणां वागादीनां = वचनाऽदानविहरणोत्सर्गाऽनन्दाः - वचनं चादानं च विहरणं

चोत्सर्गश्च आनन्दश्च, ते – वागिन्द्रियं वचनं, पाणीन्द्रियमादानं, पादेन्द्रियं विहरणं, पायु-इन्द्रियमुत्सर्गं, उपस्थेन्द्रियं चानन्दं सुतोत्पत्त्या करोतीति॥२८॥

गौडपादभाष्यम्

अथैन्द्रियस्य कस्य का वृत्तिरिति? उच्यते। मात्रशब्दो विशेषार्थोऽविशेषव्यावृत्त्यर्थो, यथा भिक्षापात्रं लभ्यते, नान्यो विशेष इति। तथा चक्षुः रूपमात्रे, न रसादिषु। एवं शेषाण्यपि। तद्यथा – चक्षुषो रूपं, जिह्वायाः रसः, घ्राणस्य गन्धः, श्रोत्रस्य शब्दः, त्वचः स्पर्शः। एवमेषां बुद्धीन्द्रियाणां वृत्तिः कथिता। कर्मेन्द्रियाणां वृत्तिः कथ्यते – **वचनादानविहरणोत्सर्गानन्दाश्च पञ्चानाम्**। कर्मेन्द्रियाणामित्यर्थः। वाचो वचनं, हस्तयोरादानं, पादयोर्विहरणं, पायोर्भुक्तस्याऽहारस्य परिणतमलोत्सर्गः, उपस्थस्यानन्दः सुतोत्पत्तिविषया वृत्तिरिति सम्बन्धः॥२८॥

भाष्यानुवादः

अब इन्द्रियों का क्या व्यापार है? इस पर कहते हैं – (कारिका में प्रयुक्त) विशेष अर्थ का ग्रहण करने वाला और अविशेष अर्थ का ग्रहण न करना है। जैसे – भिक्षापात्र प्राप्त होता है अन्य विशेष नहीं है। उसी प्रकार जैसे चक्षुरिन्द्रिय केवल रूपमात्र में (व्यापार करता है), रस आदि में नहीं। इस प्रकार अवशिष्ट (इन्द्रियाँ) भी हैं। वह जैसे – चक्षु का रूप, जिह्वा का रस, घ्राण का गन्ध, श्रोत्र का शब्द, त्वक् का स्पर्श। इस प्रकार इन ज्ञानेन्द्रियों का व्यापार कह दिया गया। (अब) कर्मेन्द्रियों का व्यापार कह रहे हैं – वचना० पाँच कर्मेन्द्रियों का वचन, आदान, विहरण, उत्सर्ग और आनन्द व्यापार है। जैसे - वागिन्द्रिय का वचन, दोनों हस्तों का आदान, दोनों पैरों का विहरण, पायु इन्द्रिय का भुक्त आहार का परिणत जो मल आदि है उसका उत्सर्ग, उपस्थ का आनन्द अर्थात् सन्तान की उत्पत्ति विषयक व्यापार है। यह सम्बन्ध है॥२८॥

स्वालक्षण्यं वृत्तिस्त्रयस्य सैषा भवत्यसामान्या।
सामान्यकरणवृत्तिः प्राणाद्याः वायवः पञ्च॥२९॥

अन्वय :- त्रयस्य वृत्तिः स्वालक्षण्यं (वर्त्तते)। एषा सा असामान्या भवति। प्राणाद्याः पञ्च वायवः सामान्यकरणवृत्तिः (भवति)।

अनुवाद :- तीनों अन्तःकरणों का व्यापार, उन (करणों/इन्द्रियों के) अपने लक्षण ही है। यह वृत्ति असाधारण है। प्राणादि पाँच वायु करणों की सामान्य वृत्ति है।

नरहरिः

त्रयस्य = अन्तःकरणस्य बुद्ध्यहङ्कारमनसामिति वृत्तिः = व्यापारं स्वालक्षण्यम् = स्वस्य लक्षणम् = स्वरूपं, तस्य भावः, यथा अध्यवसायो बुद्धेर्लक्षणं, एतदेव बुद्धेः व्यापारमिति। एषा वृत्तिः सा असामान्या – न सामान्या = असाधारणा भवति। प्राणाद्याः प्राणाऽपानव्यानोदानसमानाः पञ्चसङ्ख्यापरिमितो वायवः सामान्यकरणवृत्तिः सामान्यम् = साधारणं करणानां वृत्तिः व्यापारं वा भवति॥२९॥

गौडपादभाष्यम्

अधुना बुद्ध्यहङ्कारमनसामुच्यते स्वलक्षणस्वभावा = स्वालक्षण्या। अध्यवसायो बुद्धिरिति लक्षणमुक्तं, सैव बुद्धिवृत्तिः। तथाऽभिमानोऽहङ्कारः इत्यभिमानलक्षणोऽ-भिमानवृत्तिश्च। सङ्कल्पकं मनः इति लक्षणमुक्तं, तेन सङ्कल्प एव मनसो वृत्तिः। त्रयस्य = बुद्ध्यहङ्कारमनसां स्वालक्षण्या वृत्तिः असामान्या। या प्रागभिहिता। बुद्धीन्द्रियाणां च वृत्तिः साऽप्यसामान्यैवेति। इदानीं सामान्या वृत्तिराख्यायते – **सामान्यकरणवृत्तिः**। सामान्येन करणानां वृत्तिः, **प्रणाद्या वायवः पञ्च**। प्राणाऽपानसमानोदानव्याना इति पञ्च वायवः सर्वेन्द्रियाणां सामान्या वृत्तिः। यतः प्राणो नाम वायुर्मुखनासिकान्तर्गोचरः, तस्य यत् स्पन्दनं कर्म तत् त्रयोदशविधस्याऽपि सामान्या वृत्तिः, सति प्राणे यस्मात् करणानामात्मलाभ इति। प्राणोऽपि पञ्जरशकुनिवत् सर्वस्य चलनं करोतीति, प्राणनात् प्राण इत्युच्यते। तथाऽपनयनादपानः, तत्र यत् स्पन्दनं तदपि सामान्यवृत्तिरिन्द्रियस्य। तथा समानो मध्यदेशवर्त्ती, य आहारादीनां समं नयनात् समानो वायुः, तत्र यत् स्पन्दनं तत् सामान्यकरणवृत्तिः। तथा ऊर्ध्वारोहणादुत्कर्षा-दुन्नयनाद्वा उदानो नाभिदेशान्मस्तकान्तर्गोचरः, तत्रोदाने यत् स्पन्दनं तत् सर्वेन्द्रियाणां सामान्यवृत्तिः। किञ्च शरीरव्याप्तिरभ्य-न्तरविभागश्च येन क्रियतेऽसौ शरीरव्याप्याकाशवद्व्यानः। तत्र यत् स्पन्दनं तत् करणजालस्य सामान्या वृत्तिरिति। एवमेते पञ्च वायवः सामान्यकरणवृत्तिरिति व्याख्याताः। त्रयोदशविधस्यापि करणसामान्या वृत्तिरित्यर्थः॥२९॥

भाष्यानुवादः

अब बुद्धि, अहङ्कार और मन – इनके (व्यापार) कहे जा रहे हैं। स्वलक्षणस्वभाव० स्वलक्षण स्वरूप वाला स्वालक्षण्य है। स्वलक्षण का होना स्वालक्षण्य है। अध्यवसाय बुद्धि का लक्षण है ऐसा कहा गया है, वह (अध्यवसाय) ही बुद्धि का व्यापार है। उसी प्रकार अभिमान अहङ्कार का लक्षण है, और अभिमान ही व्यापार है, अर्थात् अभिमान व्यापारवाला है। सङ्कल्प० सङ्कल्प करना मन का लक्षण है, इससे सङ्कल्प ही मन का व्यापार (सिद्ध होता) है। इन तीनों बुद्धि, अहङ्कार और मन के अपना लक्षणरूप ही

व्यापार है और यह व्यापार असामान्य है। जो पहले कहा गया है ज्ञानेन्द्रियों का जो व्यापार है, वह भी असामान्य ही है। अब सामान्य वृत्ति कही जा रही है। सामान्य० सामान्यरूप से करणों की वृत्ति है। प्राणाद्या० प्राण, अपान, समान, उदान और व्यान – ये पाँच वायु है, जो कि समस्त इन्द्रियों के सामान्यरूप व्यापार है। क्योंकि प्राण नामक वायु मुख और नासिका के भीतर रहता है, उस का जो स्पन्दनात्मक कर्म है, वह तेरह प्रकार के (करणों के) सामान्य वृत्ति है। (क्योंकि) प्राण के रहने पर उन तेरहों का आत्मलाभ होता है। प्राण भी पिंजरे के पक्षी के सदृश सब का सञ्चालन करता है। प्राणन करने से यह प्राण कहा जाता है। उसी प्रकार अपनयन करने से अपान है। उसमें जो स्पन्दनात्मक (कर्म) वह भी इन्द्रियों के सामान्यरूप व्यापार है। वैसे मध्यदेश में रहने वाला, (तथा वह वायु) आहार आदि की एकरसता को प्राप्त कराने से समान वायु है। उसमें जो स्पन्दन रूप कर्म है, वह सामान्यकरण वृत्ति है। तथा ऊपर की ओर आरोहण करने से, उत्कर्ष के कारण अथवा ऊपर की ओर लेने के कारण उदान वायु है, जो नाभिदेश से लेकर मस्तक तक गतिमान् है। उस उदान में जो स्पन्दनात्मक (कर्म) है, वह समस्त इन्द्रियों का सामान्य रूप व्यापार है। और फिर शरीर में जो व्याप्त और आभ्यन्तर का विभाग जिसके द्वारा किया जाता है, वह शरीरों में व्याप्त आकाश की तरह व्यान है। उसमें जो स्पन्दनात्मक कर्म, उस करणसमूह की सामान्यवृत्ति है। इस प्रकार ये पाँच वायु सामान्यकरणवृत्ति के रूप से व्याख्यात है। तेरह प्रकार के करणों के सामान्य वृत्ति हैं।।२९।।

युगपच्चतुष्टयस्य तु वृत्तिः क्रमशश्च तस्य निर्दिष्टा।
दृष्टे तथाऽप्यदृष्टे त्रयस्य तत्पूर्विका वृत्तिः।।३०।।

अन्वय :- दृष्टे चतुष्टयस्य वृत्तिः तु युगपत् (भवति)। तस्य च क्रमशः (वृत्तिः) अपि निर्दिष्टा। तथा अदृष्टे तु त्रयस्य तत्पूर्विका वृत्तिः (भवति)।

अनुवाद :- दृष्ट विषय (अर्थात् प्रत्यक्ष भूत विषय) में (बुद्धि, अहङ्कार, मनस् और तद्विषयग्राह्य तदिन्द्रिय – इन) चारों के व्यापार एककालिक (होता) है। और इस (समुदाय का) व्यापार (भी) क्रमशः दिखाया गया है। उसी प्रकार अदृष्ट (प्रत्यक्षातिरिक्त विषय) में (बुद्धि, अहङ्कार और मन – इन) तीनों का व्यापार इन्द्रियपूर्वक ही होता है।

नरहरिः

दृष्टे = प्रत्यक्षविषये चतुष्टयस्य = बुद्ध्यहङ्कारमनांसि तथा इन्द्रियेष्वेकः एवं चतुष्टयः, तस्य तु = निश्चयेन वृत्तिः = व्यापारं, युगपत् = एकाकालमर्थं गृह्णातीति। यथा इदं रूपमिति, तस्य = चतुष्टयस्य क्रमशः = क्रमिकवृत्तिः व्यापारो वा भवति। यथा कश्चित् पथि गच्छन् दूरादेव दृष्ट्वा स्थाणुरयं पुरुषो वेति संशये सति, तत्रोपरुढं शकुनिं तल्लिङ्गं वा दृष्ट्वा मनसा सङ्कल्पयतीति, ततः तस्मिन् संशयात्मके बुद्धौ अहङ्कारोऽभिमतं कृत्वा निश्चयार्थं बुद्धौ समर्पयति। तदा बुद्धिः स्थाणुरेवेति निश्चिनोती एवं साङ्ख्याचार्यैः निर्दिष्टा = कथिता। तथापि अदृष्टे = न दृष्टः, तस्मिन् अतीतेऽनागते च विषये तु = निश्चयेन त्रयस्य बुद्ध्यहङ्कारमनसां तत्पूर्विका = इन्द्रियपूर्विका, यथा – चाक्षुषे चक्षूपूर्विका, स्पर्शे त्वक्पूर्विका, गन्धे घ्राणपूर्विका, रसे रसपूर्विका, शब्दे श्रवणपूर्विका चेति भवतीति।।३०।।

गौडपादभाष्यम्

युगपच्चतुष्टयस्य। बुद्ध्यहङ्कारमनसामेकैकेन्द्रियसम्बन्धे सति चतुष्टयं भवति। चतुष्टयस्य दृष्टे = प्रतिविषयाध्यवसाये युगपद् वृत्तिः। बुद्ध्यहङ्कारमनश्चक्षूंषि युगपदेककालं रूपं पश्यन्ति स्थाणुरयमिति। बुद्ध्यहङ्कारमनोजिह्वा युगपद्रसं गृह्णन्ति। बुद्ध्यहङ्कार-मनोघ्राणानि युगपद् गन्धं गृह्णन्ति। तथा त्वक्श्रोत्रे अपि। किञ्च **क्रमशश्च तस्य निर्दिष्टा**। तस्येति = चतुष्टयस्य, क्रमशश्च वृत्तिर्भवति। यथा कश्चित् पथि गच्छन् दूरादेव दृष्ट्वा स्थाणुरयं पुरुषो वेति संशये् सति, तत्रोपरूढं शकुनिं तल्लिङ्गं वा पश्यति। ततस्तस्य मनसा सङ्कल्पिते संशये व्यवच्छेदभूता बुद्धिर्भवति स्थाणुरयमिति। अतो अहङ्कारश्च निश्चयार्थः स्थाणुरेवेति। एवं बुद्ध्यहङ्कारमनश्चक्षुषां क्रमशो वृत्तिर्दृष्टा। यथा रूपे, तथा शब्दादिष्वपि बोद्धव्याः। दृष्टे = दृष्टविषये। किञ्चान्यत्? **तथाऽप्यदृष्टे त्रयस्य तत्पूर्विका वृत्तिः**। अदृष्टेऽनागतेऽतीते च काले, बुद्ध्यहङ्कारमनसां रूपे चक्षुःपूर्विका त्रयस्य वृत्तिः, स्पर्शे त्वक्पूर्विका, गन्धे घ्राणपूर्विका, रसे रसनपूर्विका, शब्दे श्रवणपूर्विका बुद्ध्यहङ्कारमनसामनागते = भविष्यति कालेऽतीते च तत्पूर्विका क्रमशो वृत्तिः। वर्त्तमाने युगपत्, क्रमशश्चेति।।३०।।

भाष्यानुवादः

युगपत्० बुद्धि, अहङ्कार, मन – इन तीनों का एक-एक इन्द्रिय के साथ सम्बन्धित होकर ये चतुष्टय होते हैं। इन चारों का प्रत्यक्ष विषय में – प्रत्येक विषय के साथ अध्यवसाय में एककालिक व्यापार है। बुद्धि, अहङ्कार, मन और चक्षुरिन्द्रिय एककाल में (एकसाथ) रूप को देखते हैं (रूप का साक्षात्कार करते हैं) – यह स्थाणु है – इस प्रकार। बुद्धि, अहङ्कार, मन और घ्राणेन्द्रिय – एककाल (एकसाथ) में गन्ध को ग्रहण करते हैं। उसी प्रकार त्वक् और श्रोत्र में भी। और फिर क्रमशः० उन चारों का क्रमिक (क्रमशः) व्यापार होता है। जैसे – कोई मार्ग में जाते हुए दूर से ही देखकर, यह स्थाणु है, यह पुरुष है – इस प्रकार का संशय होने पर, उस पर आरुढ़ पक्षी अथवा किसी चिह्न को देखता है। उसके बाद उसका मन के द्वारा सङ्कल्प किया गया संशय में व्यवच्छेदभूता बुद्धि

ISBN No. : 978-81-217-0247-8

होती है – यह स्थाणु है – इस प्रकार। अब अहङ्कार का अभिमत के लिए और बुद्धि का निश्चय ज्ञान के लिए व्यापार होता है, यह स्थाणु है। इस प्रकार बुद्धि, अहङ्कार, मन और चक्षुरिन्द्रिय का क्रमशः व्यापार देखा जाता है। जैसे - रूप में, उसी प्रकार शब्द आदि में भी समझना चाहिए। दृष्टे० दृष्ट अर्थात् प्रत्यक्षभूत विषय में। और फिर अन्य क्या है? (तब कहते हैं) तथाऽप्य० अदृष्ट में अर्थात् भविष्यत् और अतीत कालिक विषयभूत रूप में बुद्धि, अहङ्कार, मन – इन तीनों का चक्षु:पूर्वक व्यापार होता है। स्पर्श में त्वक्पूर्वक, गन्ध में घ्राणपूर्वक, रस में रसनापूर्वक और शब्द में श्रोत्रपूर्वक। बुद्धि, अहङ्कार और मन का भविष्यत् काल में और अतीत काल में तत्पूर्वक क्रमशः व्यापार होता है। वर्त्तमान काल में तो एकसाथ और क्रमशः (इस प्रकार दोनों तरह के व्यापार) होता है॥३०॥

स्वां स्वां प्रतिपद्यन्ते परस्पराऽकूतहेतुकां वृत्तिम्।
पुरुषार्थो एव हेतुर्न केनचित् कार्यते करणम्॥३१॥

अन्वय :- परस्परहेतुकां स्वां स्वां वृत्तिं प्रतिपद्यन्ते। (अत्र) पुरुषार्थः एव हेतुः। करणं केनचित् न कार्यते।

अनुवाद :- पुरुषार्थ की सिद्धि के लिए बुद्धि आदि करण एक दूसरे के प्रति आदर को जान कर अपने-अपने विषयों को प्राप्त करने के लिए व्यापारों का निष्पादन करते हैं। (क्योंकि) करण किसी अन्य के द्वारा प्रवृत्त नहीं होता है।

नरहरि:

परस्परहेतुकां परस्परं प्रति आदरसम्भ्रमात् स्वां-स्वां स्वकीयां वृत्तिं व्यापारं प्रतिपद्यन्ते = प्राप्नुवन्ति। यत अत्र पुरुषार्थः शब्दाद्युपलब्धिर्गुणपुरुषान्तरोपलब्धिश्च भोगापवर्गौ वा एव हेतुः कारणमिति। करणं बुद्ध्यादयः केनचिदन्येन करणेन न कार्यते = प्रवर्त्यत इत्यर्थः॥३१॥

गौडपादभाष्यम्

किञ्च **स्वां स्वामिति** वीप्सा। बुद्ध्यहङ्कारमनांसि स्वां-स्वां वृत्तिं **परस्पराकूतहेतुकाम्**, आकूतमादरसम्भ्रमः इति। प्रतिपद्यन्ते = पुरूषार्थकरणाय बुद्ध्यहङ्कारादयः, बुद्ध्यहङ्काराकूतं ज्ञात्वा स्वविषयं प्रतिपद्यते। किमर्थमिति चेत्? पुरुषार्थ एव हेतुः। पुरुषार्थः कर्त्तव्यः इत्येवमर्थ गुणानां प्रवृत्तिः। तस्मादेतानि करणानि पुरुषार्थं प्रकाशयन्ति। यद्यचेतनानीति कथं स्वयं प्रवर्त्तन्ते? **न केनचित् कार्यते करणम्**। पुरुषार्थ एवैकः कारयतीति वाक्यार्थः। न केनचिदीश्वरेण, पुरुषेण वा कार्यते = प्रबोध्यते करणम्॥३१॥

भाष्यानुवादः

और फिर स्वां-स्वां – यह विप्सा है। बुद्धि, अहङ्कार और मन – ये अपनी-अपनी वृत्ति को परस्पराकूतहेतुका कहा है। यहाँ पर आकूत, आदर या सम्भ्रम है। पुरुषार्थ को सिद्ध करने के लिए बुद्धि, अहङ्कार आदि बुद्धि और अहङ्कार (एक दूसरे) के आकूत को जानकर अपने-अपने विषय को प्राप्त करते हैं। (अगर यह प्रश्न उठता है कि) यह किसलिए? (तो कहा गया है) पुरुषार्थ ही निमित्त है। 'पुरुषार्थ सिद्ध करना चाहिए' इसलिए गुणों की प्रवृत्ति होती है। इसलिए ये करण पुरुषार्थ को प्रकाशित करते हैं। (अब प्रश्न यह है कि) यदि (ये करण) अचेतन हैं, तो कैसे स्वयं प्रवृत्त होते हैं? अब उत्तर देते हैं कि ये करण किसी के द्वारा कार्य का निष्पादन नहीं करते हैं। पुरुषार्थ ही एक है, जो यह कराता है – यही (इसमें) तात्पर्य है। न किसी ईश्वर से अथवा पुरुष के द्वारा ये करण प्रवृत्त नहीं होते हैं॥३१॥

करणं त्रयोदशविधं तदाहरणधारणप्रकाशकरम्।
कार्यञ्च तस्य दशधाऽऽहार्यं धार्यं प्रकाश्यञ्च॥३२॥

अन्वय :- करणं त्रयोदशविधं, तदाहरणधारणप्रकाशकरम्। तस्य च कार्यं दशधा – आहार्यं, धार्यं प्रकाश्यं च।

अनुवाद :- करण तेरह प्रकार के हैं। वे आहरण, धारण और प्रकाश करने वाले हैं। और उनके कार्य दश प्रकार के हैं, (वे जैसे) आहरण के योग्य, धारण के योग्य और प्रकाश के योग्य हैं।

नरहरि:

करणम् = त्रयोदशविधम्। यथा – बुद्धिः, अहङ्कारः, मनस्, श्रोत्रादीनि पञ्चज्ञानेन्द्रियाणि, वागादीनिपञ्चकर्मेन्द्रियाणि चेति। तत् = करणम्, आहरणधारण-प्रकाशकरम्, आहरणकरम्, धारणकरम्, प्रकाशकरं चेति। तत्र ज्ञानेन्द्रियाणि प्रकाशनं, कर्मेन्द्रियाणि चाहरणं धारणं च कुर्वन्तीति। तस्य = करणस्य त्रयोदशविधस्य च कार्यम् = परिणामं कर्त्तव्यं वा दशधा = दशप्रकारेण, आहार्यम् = आहर्त्तुं योग्यः, धार्यम् = धर्त्तुं योग्यः, प्रकाश्यम् = प्रकाशितुं योग्यः। शब्दस्पर्शरूपरसगन्धाख्यं वचनादानविहरणोत्सर्गानन्दाख्यं दशविधम्। विषयाः बुद्धीन्द्रियैः प्रकाशिताः सन्तः, तान् कर्मेन्द्रियाण्याहरन्ति धारयन्ति चेति॥३२॥

गौडपादभाष्यम्

बुद्ध्यादि कतिविधं तदित्युच्यते **करणं त्रयोदशविधं बोद्धव्यम्**। महदादित्रयं, पञ्च बुद्धीन्द्रियाणि चक्षुरादीनि, पञ्चकर्मेन्द्रियाणि वागादीनीति त्रयोदशविधं करणम्। तत् किं

ISBN No. : 978-81-217-0247-8

करोतीत्येतदाह – **तदाहरणधारणप्रकाशकरम्**। तत्राऽऽहरणं, धारणं च कर्मेन्द्रियाणि कुर्वन्ति, प्रकाशं बुद्धीन्द्रियाणि। कतिविधं कार्यं तस्येति? तदुच्यते कार्यं च तस्य दशधा। तस्य = करणस्य कार्यं = कर्त्तव्यमिति। दशधा = दशप्रकारम्, शब्दस्पर्शरूपरसगन्धाख्यं वचनादानविहरणोत्सर्गानन्दाख्यमेतद्दशविधं कार्यम्। बुद्धीन्द्रियैः प्रकाशितं कर्मेन्द्रियाण्याहरन्ति धारयन्ति चेति॥३२॥

भाष्यानुवादः

बुद्धि आदि कितने हैं, इस पर कहते हैं कि करण तेरह प्रकार के जानने चाहिए। वे महत् आदि तीन, चक्षुः आदि पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ और वागादि पाँच कर्मेन्द्रियाँ – ये तेरह प्रकार के करण हैं। वे क्या करते हैं? इसपर कहा गया है तदाह० उनमें से ज्ञानेन्द्रियाँ प्रकाश करती हैं, आहरण और धारण कर्मेन्द्रियाँ करती हैं। (अब प्रश्न यह है कि) उनके कार्य कितने प्रकार के हैं? इसपर कहते हैं कि उनके दश प्रकार के कार्य हैं। जैसे – शब्द, स्पर्श, रूप, रस और गन्ध नाम वाले (ज्ञानेन्द्रियों का) वचन, आदान, विहरण, उत्सर्ग और आनन्द नाम वाले (कर्मेन्द्रियों का) – इस प्रकार ये दश प्रकार के कार्य हैं। ज्ञानेन्द्रियों से प्रकाशित होकर कर्मेन्द्रियाँ ग्रहण करती हैं और धारण करती हैं॥३२॥

अन्तःकरणं त्रिविधं दशधा बाह्यं त्रयस्य विषयाख्यम्।
साम्प्रतकालं बाह्यं त्रिकालमाभ्यन्तरं करणम्॥३३॥

अन्वय :- अन्तःकरणं त्रिविधं, त्रयस्य विषयाख्यं बाह्यं दशधा। बाह्यं साम्प्रतकालम्। आभ्यन्तरं करणं त्रिकालम् (उच्यते)।

अनुवाद :- अन्तःकरण तीन प्रकार के हैं। तीन प्रकार के (अन्तःकरण का) विषय बाह्य (रूप रसादि) दश प्रकार का है। (यह) बाह्य करण वर्त्तमान काल के विषय (को स्वीकार करते) हैं। (तथा) आभ्यन्तर करण तीनों कालों के (विषय को ग्रहण करने वाले) हैं।

नरहरिः

अन्तःकरणम् – बुद्ध्यहङ्कारमनांसि त्रिविधम् = त्रिप्रकारेण व्याख्यातम्। त्रयस्य = एतस्य अन्तःकरणस्य त्रिसमुदायस्य विषयाख्यम् = भोग्यम्। बाह्यम् = बाह्यं करणं दशधा दशप्रकारेण विभक्तम्, शब्दस्पर्शरूपरसगन्धाख्यं वचनाऽदानविहरणो-त्सर्गाऽनन्दाख्यं च। बाह्यं करणं साम्प्रतकालम् = वर्त्तमानकालिकं विषयं गृह्णातीति। यथा – श्रोत्रेन्द्रियं वर्त्तमानमेव शब्दं श्रृणोति, नातीतं नानागतं चेति। एवम्। आभ्यन्तरम् = अन्तःकरणं त्रिकालम् = त्रिषु कालेषु विषयं स्वीकरोति। यथा बुद्धिः वर्त्तमानं घटं बुध्यते, अतीतमनागतं चेति॥३३॥

गौडपादभाष्यम्

किञ्च **अन्तःकरणमिति** – बुद्ध्यहङ्कारमनांसि। **त्रिविधं** महदादिभेदात्, **दशधा बाह्यञ्च**। बुद्धीन्द्रियाणि पञ्च, कर्मेन्द्रियाणि पञ्च. दशविधमेतत् करणं बाह्यम्। त्रयस्यान्तःकरणस्य विषयाख्यं = बुद्ध्यहङ्कारमनसां भोग्यम्। साम्प्रतकालं श्रोत्रं वर्त्तमानमेन शब्दं श्रृणोति, नाऽतीतं न च भविष्यन्तम्। चक्षुरपि वर्त्तमानं रूपं पश्यति, नाऽतीतं, नाऽनागतम्। त्वग्वर्त्तमानं स्पर्शम्, जिह्वा वर्त्तमानं रसं, नासिका वर्त्तमानं गन्धं नाऽतीताऽनागतञ्चेति। एवं कर्मेन्द्रियाणि। वाग्वर्त्तमानं शब्दमुच्चारयति, नाऽतीतं नाऽनागतम्। पाणी वर्त्तमानं घटमाददाते, नातीतमनागतञ्च। पादौ वर्त्तमानं पन्थानं विहरतो, नाऽतीतं, नाप्यनागतम्। पायूपस्थौ च वर्त्तमानावुत्सर्गानन्दौ कुरुतः, नाऽतीतं, नाऽनागतौ। एवं बाह्यं करणं साम्प्रतकालमुक्तम्। **त्रिकालमाभ्यन्तरं करणम्**। बुद्ध्यहङ्कारमनांसि त्रिकालविषयाणि। बुद्धिः वर्त्तमानं घटं बुध्यते, अतीतमनागतञ्चेति। अहङ्कारो वर्त्तमानेऽभिमानं करोत्यतीतेऽ-नागते च। तथा मनो वर्त्तमाने सङ्कल्पं कुरुतेऽतीतेऽनागते च। एवं त्रिकालमाभ्यन्तरं करणमिति॥३३॥

भाष्यानुवादः

बुद्धि, अहङ्कार और मन – ये महदादि तीन अन्तःकरण है। बाह्य करण दश प्रकार के हैं। जैसे – पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ, पाँच कर्मेन्द्रियाँ – इस प्रकार ये दश प्रकार के बाह्य करण होते हैं। बुद्धि, अहङ्कार, मन – इन तीनों अन्तःकरणों के विषय अर्थात् भोग्य वर्त्तमानकालिक हैं। जैसे – श्रोत्रेन्द्रिय वर्त्तमानकालिक शब्द का श्रौत्रप्रत्यक्ष कराता है अर्थात् श्रवण करता है, न अतीतकालिक और न भविष्यत्कालिक। चक्षुरिन्द्रिय भी वर्त्तमानकालिक रूप को देखता है अर्थात् चाक्षुष प्रत्यक्ष कराता है, न अतीतकालिक और न भविष्यत्कालिक। त्वगिन्द्रिय वर्त्तमानकालिक स्पर्श को, रसनेन्द्रिय वर्त्तमानकालिक रस को, घ्राणेन्द्रिय वर्त्तमानकालिक गन्ध को (ग्रहण करता है), न अतीतकालिक और न अनागतकालिक। इस प्रकार कर्मेन्द्रियाँ हैं। वागिन्द्रिय वर्त्तमानकालिक शब्द का उच्चारण करता है, न अतीतकालिक और न भविष्यत्कालिक। पाणीन्द्रिय वर्त्तमान कालिक घट का ग्रहण करता है, न अतीतकालिक और न भविष्यत्कालिक। पादेन्द्रिय वर्त्तमान कालिक मार्ग में विहार करता है, न अतीतकालिक और न अनागतकालिक। पायु और उपस्थ इन्द्रिय वर्त्तमानकालिक उत्सर्ग और आनन्द का निष्पादन करता है, न अतीतकालिक और न भविष्यत्कालिक। इस प्रकार बाह्य करण वर्त्तमानकालिक कहा गया है। आभ्यन्तरकरण त्रैकालिक है। अर्थात् बुद्धि, अहङ्कार और मन – ये तीनों कालों के विषयों को ग्रहण करते हैं। जैसे – बुद्धि वर्त्तमानकालिक घट का अवबोधन करती है, और भूतकालिक तथा

ISBN No. : 978-81-217-0247-8

अनागतकालिक (घट का भी ग्राहिका होती है)। अहङ्कार भी वर्त्तमान विषय में अभिमत करता है, तथा अतीत और अनागत में भी। उसी प्रकार मन वर्त्तमान विषय में सङ्कल्प करता है, तथा अतीत और अनागत विषय में (भी सङ्कल्प करता है)। इस प्रकार से आभ्यन्तर (अन्त:) करण त्रैकालिक है॥३३॥

चित्रम् :-

बुद्धिन्द्रियाणि तेषां पञ्च विशेषाऽविशेषविषयाणि।
वाग्भवति शब्दविषया शेषाणि तु पञ्चविषयाणि॥३४॥

अन्वय :- तेषां पञ्च बुद्धीन्द्रियाणि विशेषाऽविशेषविषयाणि (भवन्ति)। (तेषां) वाग् शब्दविषया भवति, तु शेषाणि पञ्चविषयाणि (भवन्ति)।

अनुवाद :- उनमें से पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ विशेष और अविशेष विषय वाली होती हैं। इनमें से वाग् (इन्द्रिय) केवल शब्दविषया होती है, शेष (इन्द्रियाँ) तो पाँचों विषयों वाली होती हैं।

नरहरि:

तेषाम् = इन्द्रियाणां 'यतश्च निर्धारण इति षष्ठी', पञ्च बुद्धीन्द्रियाणि ज्ञानेन्द्रियाणि विशेषाऽविशेषविषयाणि सविशेषं निर्विशेषं च विषयं गृह्णान्तीति, विशेषास्तावत् स्थूला: शब्दादय: शान्तघोरमूढा: पृथिव्यादिरूपा:, अविशेषास्तन्मात्राणि सूक्ष्मा: शब्दादय:। वाक् – वागिन्द्रियं कर्मेन्द्रियाणां मध्ये शब्दविषया: - शब्दं स्वीकरोति, शेषाणि = वाग्व्यतिरिक्तानि पाणिपादादीनीन्द्रियाणि पञ्चविषयाणि शब्दादीन् विषयान् स्वीकुर्वन्तीत्यर्थ:॥३४॥

गौडपादभाष्यम्

इदानीमिन्द्रियाणि कानि सविशेषविषयं गृह्णन्ति, कानि निर्विशेषमिति? तदुच्यते **बुद्धीन्द्रियाणि तेषां** सविशेषं निर्विशेषञ्च विषयं गृह्णन्ति। सविशेषविषयं मानुषाणां, शब्दस्पर्शरूपरसगन्धान् सुखदु:खमोहविषययुक्तान् बुद्धीन्द्रियाणि प्रकाशयन्ति। देवानां निर्विशेषान् विषयान् प्रकाशयन्ति। तथा कर्मेन्द्रियाणां मध्ये वाग्भवति शब्दविषया। देवानां, मनुष्याणाञ्च वाग्वदति, श्लोकादीनुच्चारयति, तस्माद्देवानां, मानुषाणाञ्च वागिन्द्रियं तुल्यम्। शेषाण्यपि वाग्व्यतिरिक्तानि पाणिपादपायूपस्थसंज्ञितानि पञ्चविषयाणि = पञ्च विषया: शब्दादयो येषां तानि पञ्चविषयाणि। शब्दस्पर्शरूपरसगन्धा: पाणौ सन्ति। पञ्चशब्दादिलक्षणायां भुवि पादो विहरति। पाय्विन्द्रियं पञ्चक्लृप्तमुत्सर्गं करोति। तथोपस्थेन्द्रियं पञ्चलक्षणं शुक्रमानन्दयति॥३४॥

भाष्यानुवाद:

ये इन्द्रियाँ किन सविशेष विषयों को ग्रहण करती हैं, और किन निर्विशेष विषयों को ग्रहण करती हैं? तब उस पर कहते हैं कि बुद्धि इन्द्रियाँ उनकी सविशेष और निर्विशेष विषयों को ग्रहण करती हैं। सविशेषविषय जैसे मनुष्यों की ज्ञानेन्द्रियाँ शब्द, स्पर्श, रूप, रस और गन्ध तथा सुख, दु:ख, मोह आदि विषयों से युक्त (विषयों का) प्रकाशन करती हैं, तथा देवताओं के निर्विशेष विषयों को प्रकाश करती हैं। उसी प्रकार कर्मेन्द्रियों में वागिन्द्रिय शब्द विषय को ग्रहण करती है। वागिन्द्रिय देवताओं के और मनुष्यों के श्लोकादि का उच्चारण करती है, इसलिए देवताओं और मनुष्यों की वागिन्द्रिय समान है। शेष भी वागिन्द्रिय व्यतिरिक्त पाणि, पाद, पायु, उपस्थ संज्ञक इन्द्रियाँ पाँच विषयों वाली होती हैं। शब्द आदि पाँच विषय होते हैं। शब्द, स्पर्श, रूप, रस और गन्ध पाणीन्द्रिय में रहते हैं। पञ्चविषयोपेत पादेन्द्रिय भूमि में विहार करती है। वायु इन्द्रिय पञ्चविषयसमुदित उत्सर्ग करती है। उसी प्रकार उपस्थेन्द्रिय पाँचलक्षणों से युक्त शुक्र आनन्द प्रदान करती है॥३४॥

सान्त:करणा बुद्धि: सर्वं विषयमवगाहते यस्मात्।
तस्मात्त्रिविधं करणं द्वारि द्वाराणि शेषाणि॥३५॥

अन्वय :- यस्माद् सान्त:करणा बुद्धि: सर्वं विषयम् अवगाहते, तस्मात् त्रिविधं करणं द्वारि, शेषाणि द्वाराणि (सन्ति)।

अनुवाद :- चूँकि अन्त:करण (अहङ्कार और मन) के साथ बुद्धि समस्त विषयों को ग्रहण करती है, इसलिए तीन प्रकार के (अन्त:) करण द्वारि, (तथा) शेष (बाह्य करण) द्वार है।

नरहरि:

यस्मात् = यस्मात् कारणात् सान्त:करणा = अन्त:करणाभ्यां सह (मनोऽहङ्काराभ्यां) बुद्धि: सर्वं विषयम् = भोग्यमवगाहते = गृह्णाति। तदाकाराकारितं वा भवति। तस्मात् त्रिविधा

ISBN No. : 978-81-217-0247-8

